मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 08:40 चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
वर्ष 6, अंक 9, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मौजूद हैं 664 ईसा पूर्व आए महातूफान के निशान 14

वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलैबरेशन 13

हेमंत चौथी बार बने झारखंड के सीएम

रांची, एजेंसी

हेमंत सोरेन को शपथ दिलाते राज्यपाल संतोष गंगवार।

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई शपथ
- इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे

झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में गुरुवार शाम 4 बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 49 वर्षीय नेता का मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई एवं नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे। सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर चौथी बार शपथ ली। इसके साथ ही वह झारखंड के राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए।

रवांडा से भारत लाया गया लश्कर का आतंकी

नई दिल्ली। सीबीआई और एनआईए के समन्वित अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य को रवांडा से भारत लाया गया। इसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी हो चुका है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि लश्कर के सदस्य सलमान रहमान खान ने बेंगलुरु में आतंकवादी गतिविधियों के लिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराई थी। सीबीआई के वैश्विक परिचालन केंद्र ने सलमान को रवांडा से भारत लाने के लिए एनआईए और इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (किगाली) के साथ मिलकर काम किया।

दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगी ग्रैप-4 की पाबंदी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर तक जारी रखने का दिया निर्देश, केवल स्कूलों को छूट

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप)-4 के तहत आपात उपायों में छूट देने से गुरुवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने इन्हें 2 दिसंबर तक जारी रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत दूसरी रिपोर्ट से पता चलता है कि अधिकारी ग्रैप-4 के तहत पाबंदियों को अक्षरशः लागू करने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

पीठ ने कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि स्कूलों के संबंध में संशोधित उपायों को छोड़कर ग्रैप-4 के तहत सभी पाबंदियां सोमवार तक लागू रहेंगी। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग एक बैठक आयोजित करेगा और ग्रैप-4 से ग्रैप-3 या ग्रैप-2 की ओर जाने के बारे में सुझाव देगा। हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि ग्रैप-4 में दिए गए सभी उपाय लागू किए जाएं। कोर्ट ने कहा कि ग्रैप-4 की पाबंदियों को सुनिश्चित करने में गंभीर चूक करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लानी चाहिए। पीठ ने पंजाब से संबंधित उस खबर का संज्ञान लिया, जिसमें एक भूमि अभिलेख अधिकारी और संगरूर ब्लॉक पटवारी यूनियन के अध्यक्ष ने खुले तौर पर किसानों को उपग्रह की नजर से बचने के लिए शाम 4 बजे के बाद पराली जलाने की सलाह देने की बात स्वीकार की थी। पीठ ने कहा कि हम इस खबर की सत्यता के बारे में नहीं जानते, लेकिन यदि यह सही है तो यह बहुत गंभीर बात है। ग्रैप-4 पाबंदियां राष्ट्रीय राजधानी में गैर-आवश्यक सामान ले जाने वाले ट्रकों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने से संबंधित हैं।

प्रदूषण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए छूट

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर केंद्र की समिति ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण निकायों के सदस्य सचिवों को निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के घोर उल्लंघन के लिए कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को एक बैठक में निर्माण और विध्वंस स्थलों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी आदेशों की निगरानी और प्रवर्तन को मजबूत करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए।

उच्चतम न्यायालय पहुंचा संभल जामा मस्जिद विवाद, आज होगी सुनवाई

मस्जिद कमेटी ने दी जिला अदालत के 19 नवंबर के सर्वेक्षण आदेश को चुनौती

- सिविल जज के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

पुलिस टीम के साथ हालात का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण कराने संबंधी एक जिला अदालत के 19 नवंबर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 29 नवंबर की अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ शाही जामा मस्जिद, संभल की प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाली है।

संभल जामा मस्जिद कमेटी की याचिका में सिविल जज द्वारा पारित 19 नवंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जिस जल्दबाजी में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई और एक दिन के भीतर ही सर्वेक्षण किया गया तथा अचानक मात्र छह घंटे के नोटिस पर दूसरा सर्वेक्षण किया गया, उससे व्यापक सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तथा इससे देश के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरा है।

संभल में 19 नवंबर से तनाव व्याप्त है, जब अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था, क्योंकि दावा किया गया था कि इस स्थल पर पहले हरिहर मंदिर था। संभल में 24 नवंबर को हिंसा भड़क उठी।

जुमा को देखते हुए मुरादाबाद मंडल में अलर्ट

संभल। संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल में अलर्ट घोषित किया गया है। शुक्रवार को सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जा सकती है, इसे लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने तैयारी कर ली है। संभल शहर और चंदौसी न्यायालय परिसर में बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज जी ने गुरुवार शाम से ही संभल में डेरा जमा लिया है। पीस कमेटी की बैठक में कमिश्नर और डीआईजी ने धर्मगुरुओं से शहर में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करने के साथ ही जामा मस्जिद में स्थानीय लोगों के ही नमाज पढ़ने की अपील की है।

सीबीआई जांच के साथ एसआईटी के गठन की मांग

विधि संवाददाता, प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका के माध्यम से संभल हिंसा की जांच के लिए सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई है। याचिका में सीबीआई से हिंसा के कारणों से लेकर पूरी घटना में संबंधित अधिकारियों की संलिप्तता की जांच का अनुरोध किया गया है। किसी धार्मिक स्थल के सर्वेक्षण के दौरान जिला प्राधिकारियों की भूमिका के संबंध में दिशा-निर्देश देने की मांग भी की गई है। वाराणसी के समाजसेवी डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और विनीत विक्रम ने याचिका दाखिल कर आयुक्त मुरादाबाद मंडल, जिला मजिस्ट्रेट व एसपी संभल, एसडीएम चंदौसी, क्षेत्राधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन करने का अनुरोध किया गया है।

दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका, एक शख्स घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस, खोजी कुत्ते और फोरेंसिक टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंचीं
- 20 अक्टूबर को इसी इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ था विस्फोट

दिल्ली के रोहिणी में पीवीआर प्रशांत विहार के पास गुरुवार को कम तीव्रता का विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। विस्फोट उसी इलाके में एक पार्क के पास एक मिठाई की दुकान के सामने हुआ, जहां 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की एक दीवार भीषण विस्फोट से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूर्वाह्न 11:47 बजे प्रशांत विहार में बंसी वाला मिठाई की दुकान के सामने विस्फोट होने की सूचना मिली। बम का पता लगाने वाली टीम, खोजी कुत्ते, पुलिस और दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मौके से सफेद पाउडर बरामद हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के समय मल्टीप्लेक्स के अंदर फिल्म का शो चल रहा था। क्षेत्र में धुआं फैल जाने से आगंतुकों और निवासियों में दहशत फैल गई। पीवीआर और विस्फोट स्थल के बीच की दूरी कुछ ही मीटर की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह हुआ विस्फोट पिछले महीने प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल की चाहरदीवारी के बाहर हुए विस्फोट जैसा ही था। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सीआरपीएफ स्कूल के पास 20 अक्टूबर को हुए विस्फोट में हवा में इसी तरह का घना धुआं देखा गया था। घटनास्थल से फिर से सफेद पाउडर बरामद किया गया।' पुलिस के मुताबिक विस्फोट में ऑटो रिक्शा चालक चेतन कुशवाहा (28) मामूली रूप से घायल हो गया, जिसका तिपहिया वाहन विस्फोट स्थल के पास खड़ा था।

केंद्र सरकार पर लगाया आरोप

नई दिल्ली। विस्फोट के कुछ घंटे बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने विस्फोट की निंदा की और कहा कि यह उसी इलाके में पिछले दो महीनों में दूसरी ऐसी घटना है। उन्होंने दावा किया कि स्थिति कानून प्रवर्तन और सुरक्षा उपायों में बड़ी गिरावट का संकेत देती है।

एक नजर

एचपीजेड टोकन मामले में संपत्तियां कुर्क कीं

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने एचपीजेड टोकन मामले में धन शोधन की जांच के तहत भारत और दुबई में नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनमें चीन से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों की संपत्तियां भी शामिल हैं। इस मामले में निवेश धोखाधड़ी के जरिये कई निवेशकों को कथित तौर पर ठगा गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों की कीमत 106 .20 करोड़ रुपये है।

बम का प्रेंक वीडियो बनाने वाले दो गिरफ्तार

जयपुर। इंस्टाग्राम पर प्रसिद्धि पाने के लिए राजस्थान में प्रतापगढ़ शहर में बस स्टैंड पर बम होने का प्रैंक वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ़ बस स्टैण्ड पर बम होने का वायरल प्रैंक वीडियो सामने आया। जिसमे दो युवक अफवाह फैला रहे थे एवं डरा धमका रहे थे कि इस बैग के पास कोई मत जाना, इस बैग में बम रखा हुआ है। इसके बाद इरफान शेख एवं शहीद शेख निवासी बजरंगगढ थाना हथुनिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

एयर इंडिया को घरेलू उड़ानों से वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन ने गुरुवार को कहा कि हवाई यातायात में अधिकांश वृद्धि 2025 में घरेलू और कम दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से देखने को मिलेगी। कंपनी के बेड़े में ज्यादातर विमान छोटे आकार वाले शामिल हो रहे हैं और बड़े आकार वाले पुराने विमानों को अगले वर्ष नया रूप देने के लिए भेजा जाएगा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने पांच साल की बदलाव यात्रा शुरू की है।

प्रियंका ने ली लोकसभा सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-सदन में जनता के मुद्दों को उठाना हमारी प्राथमिकता

केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुईं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि जनता के जरूरी मुद्दों को उठाना, देश और पार्टी के लिए काम करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा वह संविधान के उसूलों के लिए लड़ाई लड़ेंगी।

प्रियंका ने हिंदी भाषा में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने संविधान की एक प्रति अपने हाथ में ले रखी थी। वह जब शपथ लेने के लिए खड़ी हुईं तो कांग्रेस सांसदों ने 'जोड़ो-जोड़ो, भारत जोड़ो' के नारे लगाए। महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता रवींद्र बसंतराव चव्हाण ने भी सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ लेने के बाद प्रियंका गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

हिरासत में ली गई प्रधानमंत्री को धमकी देने वाली महिला

- मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किया था फोन

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस को फोन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने के आरोप में 34 वर्षीय मानसिक रूप से अस्थिर महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में धमकी से संबंधित एक फोन आया। फोन पश्चिमी उपनगर के अंबोली से आने के संकेत मिले और पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की एक टीम ने फोन करने वाली महिला का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पाई गई और यह फोन मजाकिया तौर पर किया जाना करार दिया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला के खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक मामला नहीं है।

यूजी छात्र घटा-बढ़ा सकेंगे डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूजीसी प्रमुख बोले-उच्च शिक्षण संस्थानों में जल्द नई व्यवस्था

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक (यूजी) छात्रों के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस सप्ताह एक बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम (ईडीपी) की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। कुमार ने कहा कि डिग्रियों में पाठ्क्रमों की अवधि छोटी किए जाने या बढ़ाए का उल्लेख होगा और इन डिग्रियों को आगे की पढ़ाई या नौकरी के लिए निर्धारित अवधि की डिग्री के समान माना जाएगा। कुमार ने कहा कि छात्र पढ़ाई की क्षमताओं के आधार पर अपने अध्ययन की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने के लिए इस विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो चीता शावकों की मौत

- मॉनीटरिंग दल के निरीक्षण में मिले क्षत विक्षत शव

श्योपुर, एजेंसी। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा के चार शावकों को जन्म देने की खबर सामने आने के एक सप्ताह के भीतर ही यहां दो शावकों की मौत हो गई। इनके शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए। चीता परियोजना संचालक की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कूनो अभयारण्य में मादा चीता निर्वा की रेडियो टेलेमेट्री जानकारी के आधार पर निर्वा के डेन साइट से दूर होने पर वन्य-प्राणी चिकित्सकों के नेतृत्व में मॉनीटरिंग दल द्वारा निरीक्षण किया गया। डेन साइट पर दो नवजात चीता शावकों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। संचालक ने बताया कि सभी संभावित स्थलों का निरीक्षण करने पर किसी भी अन्य चीता शावक के प्रमाण नहीं मिले। मादा चीता निर्वा स्वस्थ है। चीता शावकों के शरीर से सैम्पल लेकर अग्रिम परीक्षण के लिए भेजा गया है। मृत्यु का कारण शव परीक्षण के बाद ही ज्ञात हो सकेगा।

फर्जी आदेश पर 24 ने पाई नौकरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा में चार कर्मियों को बर्खास्त किया, सेवानिवृत्त नौ कर्मियों की पेंशन रोकी, होगी वेतन रिकवरी
- कासगंज में 11 कर्मचारियों में तीन अभी भी सेवारत, जांच के लिए कमेटी गठित

> एटा जिलाधिकारी का पत्र मिलने के बाद जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच में एडीएम, एडीजीसी, लेखा कार्य और एसडीएम को शामिल किया गया है। जो भी इसमें दोषी होंगे, किसी भी हाल में छोड़े नहीं जाएंगे। – **मेधा रूपम**, डीएम, कासगंज

अमृत विचार : करीब 30 साल पहले फर्जी तरीके से कलेक्ट्रेट में नौकरी पाने वाले कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। चार कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त 9 कर्मचारियों की पेंशन रोकने के साथ ही पूरा वेतन वसूली का आदेश दिया गया है। इनमें एटा के पांच कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने जांच के दौरान पत्रावलियां गायब कर दी थीं। कासगंज में जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

1995 तक कासगंज तहसील एटा जिले का हिस्सा थी। यहां उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के एक आदेश पर 24 सीजनल कर्मियों को नियमित कर लिपिक बनाया गया था। 2008 में कासगंज जिला बना। इनमें 13 कर्मचारी एटा में रहे, जबकि 11 कासगंज के हिस्से में आए। एक शिकायत पर जांच शुरू हुई। मामला गंभीर लगा तो शासन ने एसआईटी गठित की। एसआईटी की जांच में अनिमितताएं सामने आईं। इस दौरान पत्रावलियां गायब कर दी गईं। 2023 में जांच पूरी हुई, तो पाया गया कि आदेश फर्जी था। इस पर एटा जिला प्रशासन ने गोपनीय जांच कराई। रिपोर्ट के बाद नौकरी कर रहे चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि सेवानिवृत्त नौ कर्मचारियों से रिकवरी का आदेश दिया गया है। एटा के डीएम ने कासगंज डीएम को इस फर्जीवाड़े के बाबत पत्र लिखा है। इस पर डीएम मेधा रूपम ने एडीएम राकेश पटेल के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी है। कासगंज कलेक्ट्रेट में अभी तीन कर्मचारी सेवा में हैं, जबकि आठ सेवानिवृत्त हो गए। इनमें एक की मौत हो गई।

15 साल का रघु अब दुधवा के खुले जंगल में दिखाएगा हनक

संवाददाता, पलियाकलां

टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा गया पहला गैंडा, जल्द ही तीन मादा गैंडे छोड़े जाने की उम्मीद



अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार किसी गैंडे को खुली हवा में सांस लेने का मौका मिला। सौर ऊर्जा संचालित तारबाड़ से 15 वर्षीय रघु नाम के नर गैंडे को असम के काजीरंगा पार्क से आई एक्सपर्ट टीम की देखरेख में रेडियो कॉलर लगाकर खुले जंगल में छोड़ा गया। जल्द ही तीन मादा गैंडों को छोड़े जाने की उम्मीद है।

वर्ष 1984 में असम के काजीरंगा और नेपाल से लाए गए गैंडों से दुधवा नेशनल पार्क में गैंडा पुनर्वास योजना शुरू की गई थी। बेहतर व्यवस्था के चलते गैंडों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। प्रदेश के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने बताया कि खुले जंगल में गैंडों को छोड़े जाने की तैयारी करीब दो माह से चल रही थी। इस सिलसिले में केंद्र सरकार के आदेश पर असम के काजीरंगा पार्क से एक्सपर्ट टीम ने दुधवा टाइगर रिजर्व के वनाधिकारियों के साथ कई बार बैठक कर गुरुवार का दिन निश्चित किया। दुधवा के सोनारीपुर रेंज अंतर्गत सलूकापुर परिक्षेत्र में तारबाड़ के अंदर विचरण कर रहे करीब 40 गैंडों में से 15 साल के नर गैंडे रघु का चयन कर विदेश से आई दवा से बेहोश किया। इसके बाद चिकित्सीय टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। संतुष्ट होने के बाद रेडियो कॉलर लगाकर जंगल में छोड़ दिया गया। गैंडा ट्राली से उतरते ही जंगल की घनी, ऊंची घास में चला गया। एक्सपर्ट अब तीन मादा गैंडों को अवमुक्त किए जाने की योजना बनाने में लग गए हैं।

रघु सबसे ताकतवर बनकर उभरा

असम से दुधवा में लाए गए बांके नामक गैंडे ने अपनी हनक कायम कर नेपाल से आई हिमरानी के साथ मिलकर दुधवा में गैंडों के वंश बेल को इस कदर बढ़ाया कि एक समय दुधवा में गैंडों की संख्या बढ़कर 34 तक पहुंच गई, लेकिन इस बीच अपनी भरपूर जिंदगी जीने के बाद 18 अक्टूबर 2014 को हिमरानी ने प्राकृतिक मौत को गले लगाकर दुधवा के गैंडा परिवार को अलविदा कह दिया। इस बीच बांके पर भी बुढ़ौती का ग्रहण लगने के कारण दुधवा के गैंडों पर उसके वर्चस्व का तिलिस्म भी टूट गया। दुधवा के गैंडों में बांके के बाद अब रघु गैंडा ही सबसे ताकतवर बनकर उभरा। राइनों विजुअल में इस बात का खुलासा भी हुआ। खुले जंगल में मादा गैंडों के छोड़े जाने के बाद अब यह वहां अपनी वंश बेल बढ़ाएगा।

एक नजर

शारदा नदी पर बन रहे डौले का किया निरीक्षण

पूरनपुर, अमृत विचार : बाढ़ खंड के एसडीओ डीके शुक्ला ने गुरुवार को टीम के साथ चंदिया हजारा में शारदा नदी के प्वाइंट जीरो से राहुल नगर तक दौरा कर क्षतिग्रस्त डौले की मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने खामियों को सुधारने के निर्देश दिए। जीरो से 1500 मीटर तक दाएं तरफ मिट्टी लगाकर डौले सुरक्षित करने की बात कही। 1500 मीटर तक किसानों से खेतों का गन्ने काटने का आग्रह किया। खेत खाली होने से मिट्टी खींचकर डौले को मजबूत किया जाएगा।

आज शुरू होगा बीसलपुर चीनी मिल का पेराई सत्र

बीसलपुर, अमृत विचार : किसान सहकारी चीनी मिल के 47वें गन्ना पेराई सत्र की शुरुआत शुक्रवार को होगी। प्रधान प्रबंधक डॉ .हरिकृष्ण गुप्ता ने बताया कि पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे डीएम संजय कुमार सिंह, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, भाजपा विधायक विवेक वर्मा आदि पहुंचेंगे।

आंदोलन की दी चेतावनी

बीसलपुर, अमृत विचार : कांग्रेस नेता हरेंद्र दत्त मिश्रा ने नगर के एसकेजेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में बिना अनुमति के 60 से अधिक पेड़ों के कटान के मामले में निष्पक्षता से जांच न होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर जिम्मेदारों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो इसे लेकर आंदोलन किया जाएगा। एसडीएम से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सराय सुंदरपुर ही नहीं भूड़ा और कल्यानपुर क्रय केंद्र का भी हाल बेहाल

गुरुवार को भी खरीद केंद्रों पर धान का एक दाना नहीं पहुंचा, कई दिन से चल रही है खरीद शून्य, जिम्मेदार निपटा रहे दूसरे काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पिछड़ती चल रही जनपद की धान खरीद में लक्ष्य पाने के लिए आंकड़ों का खेल बरकरार है। जिम्मेदार लगातार सामने आ रही खामियों पर पर्दा डालने में जुट गए हैं। धरातल पर व्यवस्था बेहतर बनाने पर किसी का ध्यान नहीं है। आलम ये है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। क्रय केंद्र की व्यवस्थाएं ही हकीकत की ओर इशारा कर रही है। अधिकांश क्रय केंद्रों पर दिनभर न तो किसान पहुंच रहे हैं, न ही धान। सिर्फ संसाधन बाहर निकालकर रख दिए हैं। क्रय केंद्र प्रभारी भी अलग कमरों में बैठकर दूसरे कामकाज निपटाते दिख रहे हैं। यह बात दीगर रही कि फिर भी खरीद के आंकड़ों में दिनों दिन उछाल हो रहा है।

जनपद में एक अक्टूबर से सरकारी धान खरीद शुरू हुई थी। इसके लिए छह एजेंसियों के 155 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। 2.40 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अभी 25 प्रतिशत खरीद सरकारी केंद्रों पर हो सकी है। अभी बीते दिनों अमृत विचार की टीम ने कई क्रय केंद्रों पर पहुंचकर धरातल की हकीकत परखी। जिसमें हैरान करने वाले दृश्य उजागर हुए थे। सराय सुंदरपुर केंद्र पर तो कांटे ताले में बंद थे और बैनर भी नहीं टांगा गया था। इसके बाद जांच कराने की बात एआर कोऑपरेटिव की ओर से कही गई।

खलबली मची तो क्रय केंद्र से संबंधित जिम्मेदार भी खुद के बचाव को रास्ता तलाशने में जुट गए। मगर, अभी भी क्रय केंद्रों की स्थिति संदेहास्पद बनी हुई है। एक तरफ जहां बिना किसान और धान के पहुंचे खरीद के आंकड़े बढ़ रहे हैं। वहीं, गुरुवार को भी सराय सुंदरपुर क्रय केंद्र पर सन्नाटा पसरा रहा।

इतना जरूर इस बार क्रय केंद्र पर कांटा, छलना बाहर रखा था। मगर शटर पर ताले ही लटके हुए थे। बैनर जरुर लटका दिया गया था। परिसर में धान का एक दाना भी दिखाई नहीं दे रहा था। क्रय केंद्र प्रभारी का कहना था कि पिछले तीन चार दिन से कोई खरीद नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि अब तो धान खेतों में ही नहीं बचा होगा तो क्रय केंद्र पर आएगा कहां से। फिलहाल क्रय केंद्रों की संदेहास्पद तस्वीर जिम्मेदारों की मूक सहमति की ओर इशारा करती दिख रही है।

- **अधिकारी खरीद बढ़ाने के बजाए खामियों को दबाने पर दे रहे हैं अधिक ध्यान**

भूड़ा सरैंदा क्रय केंद्र पर सन्नाटा नहीं हुई धान खरीद। ● अमृत विचार

कल्यानपुर नौगवां क्रय केंद्र पर बाहर रखे संसाधन और कमरों में पड़े ताले।

सराय सुंदरपुर क्रय केंद्र पर सन्नाटा। ● अमृत विचार

किस एजेंसी के कितने क्रय केंद्र और लक्ष्य

एजेंसी- सेंटर	लक्ष्य (मीट्रिक टन में)
खाद्य विभाग	36- 70000
पीसीएफ	33- 45000
यूपीएसएस	44- 60000
पीसीयू	34- 50000
मंडी समिति	04- 10000
भाखानि	04- 5000

वर्तमान में हकीकत है कि किसान के पास दो से तीन प्रतिशत ही धान बचा है। शुरुआत से ही क्रय केंद्रों पर किसानों को टरकाया जाता रहा और माफिया धान खरीदते रहे। अब वही धान सरकारी खरीद में शामिल किया जा रहा है। फर्जी तरीके से खरीद की जा रही है। किसान को इस बार भी एमएसपी का लाभ नहीं मिला। राजनीतिक संरक्षण और कुछ जिम्मेदारों से सांठगांठ के चलते धान खरीद में बड़ा घोटाला हुआ है। किसान को तो औने-पौने दाम पर ही धान बेचना पड़ा।

-सरदार मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष, भाकियू अराजनैतिक

बाहर निकालकर रख दिए संसाधन..कमरों में ताला

मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर नौगवां में भी धान क्रय केंद्र बनाया गया है। यह क्रय केंद्र यूपी कोऑपरेटिव यूनियन का था। यहां पर छलना रखा था। उसी से सटाकर कांटा और मेज पर नमी मापक यंत्र रखा हुआ था। मगर, कक्ष और पास के शटर के ताले बंद थे। परिसर में ही बने एक अन्य कक्ष में क्रय केंद्र प्रभारी कमल कुमार बैठे हुए थे। जैसे ही अमृत विचार टीम पर उनकी पड़ी तो वह बाहर की तरफ आ गए। केंद्र पर एक-दो दिन से खरीद शून्य बताई। जब पूछा कि उससे पहले कब खरीद हुई थी तो कुछ दूरी पर पड़े छिटपुट धान के ढेर को दिखाकर साख बचाई। फिर कहा कि अभी अभी तक करीब ढाई हजार क्विंटल खरीद की गई है। कमरों में ताले बंद रखने के पीछे तर्क था कि उसमें सामान रखा है, कहीं चोरी न हो जाए। इसलिए ताला लगा दिया गया।

जवाबदेही से बच रहे जिम्मेदार

धान खरीद में क्रय केंद्रों पर चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर तमाम सवाल उठे रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक एक सा हाल है। खुद केंद्र प्रभारी भी दबी जुबां से यही कह रहे हैं कि क्या चल रहा है, सब जगह एक सा है। मगर, जिम्मेदार इसकी जवाबदेही या यूं कहें कि स्थिति स्पष्ट करने से बचते नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पर टालमटोल की जा रही है। डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला सुंदरपुर क्रय केंद्र पर लगातार चल रही खामियों पर खुद की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। इसके लिए वह एआर कोऑपरेटिव पर टाल रहे हैं। जबकि एआर-कोऑपरेटिव डा .प्रदीप कुमार का कहना है कि इसकी जांच कराएंगे। वहीं, मंडी समिति पीलीभीत में क्रय केंद्र और खरीद से जुड़ी जानकारी देने से वहां के अधिकारी खुद बच रहे हैं। वह डिप्टी आरएमओ पर टालमटोल कर रहे हैं।

मेन गेट ही बंद..फिर क्या पैदल धान लेकर आएगा किसान

भूड़ा सरैंदा गांव में धान क्रय केंद्र ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में बना हुआ है। यहां पर पड़ोस में ही सरकारी सकूल हैं। गुरुवार दोपहर को जब टीम पहुंची तो पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ था। कहीं पर कोई धान का दाना तक बिखरा नहीं था। केंद्र प्रभारी राममूरत बाहर सड़क की तरफ खड़े हुए थे। केंद्र पर प्रवेश करने वाला मुख्य गेट बंद था, जिसमें ट्रॉली का प्रवेश नहीं हो सकता। छोटा गेट खुला हुआ था। देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कई दिन से यहां धान पहुंचा ही नहीं है। केंद्र प्रभारी से जब बात की गई तो उनका कहना था कि दो दिन से खरीद शून्य है। इसके अलावा अब तक की खरीद 3860 क्विंटल बताई गई। उनका कहना था कि इसमें से 3300 क्विंटल धान का उठान हो चुका है। हालांकि ये आंकड़ा बताने में भी उन्हें काफी सोंच विचार करना पड़ा।

पोस्टर प्रतियोगिता में दीक्षा ने मारी बाजी

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत गुरुवार को महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर हुनर दिखाया। पोस्टर में महिला सशक्तिकरण के विविध रूपों को दर्शाया गया। किस प्रकार से महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, इसे पोस्टर में उतारा गया। संदेश दिया कि समाज के विकास एवं देश निर्माण में महिलाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न पोस्टर सराहे गए। कहा कि नारी अब केवल घर की चार दिवारी तक सीमित नहीं है वह डॉक्टर, वकील , प्रशासनिक अधिकारी ,पुलिस अधिकारी, जज एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है।

पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की दीक्षा प्रथम, बीए पंचम सेमेस्टर की राधिका जोशी दूसरे और बीए प्रथम सेमेस्टर की स्तुति और बीए पंचम सेमेस्टर की नीलम कुमारी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने प्रतिभागियों व विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज, डॉ. जगदंबा कुमार गौड़ रहे। मिशन शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार के निर्देशन में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

फाल्ट के चलते गुल रही बिजली, उपभोक्ता बेहाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पावर कारपोरेशन की टीम ने रात में ही कराया सुधार**

अमृत विचार: फाल्ट के चलते नकटादाना सब स्टेशन से जुड़े इलाकों की बिजली गुल हो गई। रात में ही पावर कारपोरेशन की टीम पहुंची और फाल्ट दुरुस्त कराकर सप्लाई चालू कराई गई।

बता दें कि जर्जर संसाधनों के चलते शहर की बिजली सप्लाई लड़खड़ाई रहती है। सर्दी के दिनों में कटौती कम रहती है। हालांकि बिजली की आंख मिचौली पूर्णतया नहीं रुकती। बुधवार रात को 33 केवी नकटादाना लाइन में फाल्ट हो गया। जिसके बाद रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। काफी देर बाद भी जब सप्लाई सुचारू न हुई तो उपभोक्ताओं ने अफसर कर्मचारियों से संपर्क साधना शुरू कर दिया। रात को ही पावर कॉरपोरेशन की टीम लगाई गई। जिसके बाद देर रात फाल्ट दुरुस्त कराकर सप्लाई चालू करा दी गई। इसके बाद गुरुवार को भी दिन में बिजली की आंख मिचौली बनी रही।


नकटादाना लाइन में हुए फाल्ट को ठीक करती कर्मचारी।

वन्यजीव प्रभावित परिवारों से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पीटीआर मुख्यालय पर हुए कार्यक्रम में वन्यजीव प्रभावित परिवारों ने संवाद के जरिए डिप्टी डायरेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान वन्यजीव प्रभावित परिवारों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात रखी। डिप्टी डायरेक्टर ने प्रभावित परिवारों की बात सुनने के बाद उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि-भारत वन्यजीवों के संयुक्त तत्वावधान में पीटीआर सभागार में गुरुवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन्यजीवों से प्रभावित परिवारों के साथ दुर्घटना के बाद सरकार एवं वन विभाग से क्या अपेक्षाएं है, कार्यक्रम के जरिए जानने की कोशिश की गई। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से आपको जो सहायता पूर्व में मिली है और वर्तमान में परिवारों को किन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टाइगर रिजर्व से क्या अपेक्षाएं रखते हैं और इसमे विभाग किस प्रकार से सहायता कर सकता हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों से बारीकी से जानने का प्रयास किया। प्रभावित परिवारों ने बताया कि उनके आगे प्रमुख समस्या आजीविका की है। इसके अलावा प्रभावित परिवारों ने प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, बच्चों की शिक्षा, वृद्धा व विधवा पेंशन दिलाने की बात रखी। संवाद कार्यक्रम में प्रभावित परिवारों की पूरी बात सुनने के बाद डिप्टी डायरेक्टर ने उन्हें हर संभव नियमानुसार मदद की बात कही। कार्यक्रम में 26 वन्यजीव प्रभावित परिवारों शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में देवल कदम , राहुल कुमार का सहयोग रहा।

पीटीआर मुख्यालय पर हुए कार्यक्रम में मौजूद अफसर व परिवार। ● अमृत विचार

- **प्रभावित परिवारों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की रखी मांग**
- **पीटीआर मुख्यालय पर हुए कार्यक्रम में 26 परिवारों ने लिया हिस्सा**

विद्यालय प्रबंध समितियों का किया जाएगा पुनर्गठन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किए आदेश, तिथियां भी तय**

अमृत विचार: निशुल्क अनिवार्य एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में पूर्व में गठित की गई विद्यालय प्रबंधन समितियों का पुनर्गठन किये जाने के आदेश शासन ने किए हैं।

इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने जिलेभर के खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापक को और खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेज कर शासन की दी गई गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय प्रबंधन समितियां का पुनर्गठन किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड अमरिया , बरखेड़ा, बिलसंडा, बीसलपुर के परिषदीय स्कूलों में 29 नवंबर को विद्यालय प्रबंध समितियो का पुनर्गठन किया जाएगा । विकासखंड ललौरीखेड़ा मरौरी पूरनपुर नगर क्षेत्र पीलीभीत के परिषदीय विद्यालयों में 30 नवंबर को विद्यालय प्रबंधन समितियां का पुनर्गठन किया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यालय प्रबंध समितियां के पुनर्गठन के लिए संबंधित विद्यालय के गांव में व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

नारकोटिक्स पदार्थों के व्यापार पर कसें शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जनपद स्तरीय समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई।

जिसमें नारकोटिक्स पदार्थ, औषधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, एसएसबी, इंटेलिजेंस व आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की बात कही गई। गठित टीम नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध व्यापार के विरूद्व जानकारी कर कार्रवाई करेगी। इंडो-नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए इसके अलावा डीआईओएस, बीएसए, जिला समाज कल्यण अधिकारी को आपसी तालमेल कर नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिता, रैली, एलसीडी वाहन की मदद से युवाओं को नशे के नुकसान बताते हुए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इंजेक्शन, टेबलेट, कैप्सूल जो नारकोटिक्स दवाओं से निर्मित होती है ऐसे दवाओं का स्टाक मिलान करने के निर्देश दिए गए। कहा कि इन दवाओं का किसी भी तरह दुरूपयोग न हो। युवाओं को कैसे जागरूक कर नशे से दूर रखा जाए , इस पर विशेष फोकस रहा।

इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, एएसपी वीरेंद्र कुमार, डीआईओएस अचल कुमार, बीएसए अमित कुमार सिंह, औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य आदि मौजूद रहे।

बैठक कर दिशा निर्देश देते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बीसलपुर, अमृत विचार : क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक देवस्वरूप पटेल की मौजूदगी में ग्राम दौलतपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें समाज सेवी राधारमन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर सर्वेश कुमार, यशवंत पटेल आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

॥ ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥
ਘਾਲੇ ਆਵੇ ਨਾਨਕਾ, ਸਦੇ ਉਠ ਜਾਏ

अन्तिम अरदास

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय 'बीजी'
सरदारनी रतन कौर W/O सरदार जरनैल सिंह
अपनी संसारिक यात्रा दिनांक 21 नम्बम्बर 2024,
दिन बृहस्पतिवार को पूर्ण कर गुरू चरणों में जा विराजे हैं।

उनकी आत्मिक शांति के लिए अन्तिम अरदास
कीर्तन दिनांक **30 नवम्बर 2024**, दिन शनिवार को प्रात: 11:30 बजे से 12:30 बजे
अरदास दोपहर 12 :30 बजे
हमारे निवास ग्राम सुनपहर में होगी।

शोकाकुल परिवार

जगजीत सिंह 'जग्गू' (पुत्र)
शरनजीत कौर (पुत्रवधु)
परमजीत कौर (पुत्रवधु)
प्रकाश कौर (पुत्री)
वरिन्दर कौर (पुत्री)
क. शरनजीत सिंह (दामाद)
भूपिन्दर सिंह (दामाद)

पौत्र -
गुरप्रीत सिंह, रजिन्दर सिंह, कंवरवीर सिंह
पड़पौत्र एवं पड़पौत्री-
अर्जुनवीर, कियानवीर, निरवैर, रहमत

एस.के. पब्लिक स्कूल, एडुसिटी इंस्टीट्यूट एवं पैरामाउन्ट आइलेट्स के सभी सदस्य उनके आशीर्वाद को हमेशा याद करेंगे।

9411828750 7017614829

सेवा भाव निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से किया जाना है आयोजन, पीलीभीत के अलावा आसपास के जनपदों से भी पहुंच रहे दिव्यांग

दिव्यांगों को रोजगार की आस, पंजीकरण 100 के पार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से आयोजित किए जाने वाले दिव्यांगजन रोजगार मेले को लेकर तैयारियां तेजी पकड़ रही है। अभी भले ही तिथि घोषित न की गई हो लेकिन जनपद के अलावा आसपास के क्षेत्रों से दिव्यांगजन रोजगार की आस में पंजीकरण करा रहे हैं।

वर्तमान में पंजीकरण की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। खास बात ये है कि इस रोजगार मेले में हर उम्र और शैक्षिक योग्यता की कोई सीमा नहीं है। बता दें कि निशक्तजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी एवं प्रमुख राइस मिलर अमृत लाल हैं। वह करीब पांच दशक से जनसेवा क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

इस संस्था की ओर से प्रत्येक माह 12 तारीख को दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से पहुंचने वाले दिव्यांगों को चिकित्सीय टीम परीक्षण करने के बाद निशुल्क इलाज भी मुहैया कराती है। दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरण भी मुहैया कराए जाते हैं। अब संस्थान की ओर से दिव्यांगजन के लिए निशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसे लेकर पंजीकरण कराए जा रहे हैं। एक दिवसीय रोजगार मेले में अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन सहयोग करेगा। इस रोजगार मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। जिम्मेदारों की मानें तो अभी तक 105 दिव्यांगजन अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने अपना फोटो, , पहचान पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर आदि संस्थान को मुहैया कराए हैं। पंजीकरण कराने वालों में 60 फीसदी पीलीभीत के हैं, जबकि बकाया दिव्यांग हरदोई, बरेली, लखीमपुर खीरी आदि जनपद के हैं। खास बता ये हैं कि 95 फीसदी दिव्यांग शिक्षित हैं। बीएलएड, एमए, एलएलबी के भी दिव्यांग हैं। अधिकांश टेक्निकल कोर्स वाले हैं।

दिव्यांगजन रोजगार मेले की तैयारियां चल रही है। सौ से अधिक दिव्यांग अपना पंजीकरण करा चुके है। लगातार पंजीकरण को आवेदन आ रहे हैं। इसके अलावा दिसंबर माह में टेढ़े-मेढ़े पैर वाले बच्चों के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे।
- अमृत लाल, अध्यक्ष, निशक्तजन सेवा संस्थान

दिव्यांग बच्चों के कराए जाएंगे निशुल्क ऑपरेशन

निशक्त जन सेवा संस्थान दिसंबर में पोलियो और गहनुआ से पीड़ित 14 साल से कम उम्र के बच्चे, जिनके हाथ टेढ़े-मेढ़े हैं उनका ऑपरेशन और इलाज कराएगा। ये ऑपरेशन निशुल्क होगा। पीलीभीत से अस्पताल तक जाने और वहां रहने खाने की व्यवस्था भी संस्थान की तरफ से होगी। ये शिविर 20,21और 22 दिसंबर को एसएस हॉस्पिटल रिठौरा बरेली में होगा। 20 दिसंबर की सुबह आठ बजे जितने भी बच्चे आएंगे उनको बस से रिठौरा ले जाया जाएगा। बच्चों का रजिस्ट्रेशन संस्था सचिव अनिल कमल के पास कराया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए बच्चों का आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लाना होगा।

आज का मौसम

26⁰ अधिकतम तापमान	09⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.45	सूर्यास्त 05.14

छतों के ऊपर से गुजर रही मौत, नीचे गंदगी से बजबजाती जर्जर सड़कें

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया: विकास के दावे धरातल पर झूठे साबित, जिम्मेदारों का नहीं कोई ध्यान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शहर से सटी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में विकास का पहिया थम सा गया है। विकास के तमाम दावों के बीच बड़ी आबादी समस्याओं से जूझने को मजबूर है। गलियां गंदगी से बजबजा रही हैं। सिर पर बिजली के तारों के रूप में काल मंडरा रहा है, जोकि कभी भी हादसे का सबब बना हुआ है। जर्जर पोल भी नहीं बदलवाए जा सके हैं। ऐसा नहीं कि जिम्मेदारों को इसकी खबर नहीं। स्थानीय लोगों की मानें तो कई बार शिकायतें की गई लेकिन हालात बदतर बने हुए हैं। असुविधा से जूझ रही हजारों की आबादी का यही कहला है कि भले नगर पंचायत का दर्जा मिल गया, लेकिन मूलभूत सुविधाएं गांव से भी बदतर हो चुकी है। दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं है।

बता दें कि नौगवां पकड़िया की आबादी 40 हजार के आसपास है। अभी तक ये ग्राम पंचायत हुआ करती थी। करीब चार साल पहले इसे नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। नगर पंचायत का अपना दफ्तर, स्टाफ और संसाधन भी मुहैया कराए जा चुके हैं। बीते निकाय चुनाव में नगर पंचायत को अपना पहला चेयरमैन मिल गया। इसके बाद से नगर पंचायत की दशा और दिशा बदलने को लेकर तमाम दावे किए जा रहे हैं। मगर, धरातल की हकीकत इससे काफी हटकर है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 की बात करें तो सिर्फ यहीं पर समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। क्षेत्र के लोग मूलभूत समस्याओं को लेकर परेशान है। उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है। नालियों और सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। जो काम कराए भी गए उनकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोग सभासद के पास पहुंचते हैं। इसके बाद आश्वासन और पत्राचार तक काम सीमित होकर रह गया है।

स्थानीय लोगों का कुछ समस्याओं को लेकर साफ कहना है कि इससे अच्छे तो ग्रामपंचायत ही थी। नगर पंचायत बनने के बाद तो और बदतर हालात होते जा रहे है। अमृत विचार की टीम ने वार्ड नंबर 12 में पहुंचकर हालात परखे तो लोगों ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई और जिम्मेदारों की ओर से बरती जा रही नजरअंदाजगी को भी बयां कर दिया। नीचे से गल चुका पोल, छतों से छू रहे बिजली के तार

जर्जर गली में कीचड़ से होकर गुजरता बालक। ● अमृत विचार

वार्ड नंबर 12 में एक गली में रहने वाले दर्जनों परिवारों को इसी रास्ते का है इंतजार।

नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर बारह की एक गली में लगा जर्जर पोल।

छतों के ऊपर से गुजरती बिजली की हाइटेंशन लाइन। ● अमृत विचार

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया क्षेत्र में बीते सालों में कई लोग छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। इसके बाद हंगामें भी हुए और समाधान का आश्वासन मिलता रहा है। मगर, अभी भी समस्या जस की तस बनी हुई है। वार्ड नंबर बारह की एक सकरी गली में लगा बिजली का पोल नीचे

- **नागरिक बोले- इससे तो बेहतर हैं गांवों की गलियां, सुविधाएं देने में भी हो रहा पक्षपात**

से पूरा गल चुका है। वह कब गिर जाए कुछ नहीं पता। स्थानीय लोगों को हादसे का डर सता रहा है। तीन माह पहले इसकी नगर पंचायत से लेकर पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सुधार लेने की सुध नहीं ली गई। मानों जिम्मेदार हादसे का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा नजदीक की ही एक कॉलोनी को लेकर अंडरग्राउंड केबिल डलवा दी गई। मगर नगर पंचायत के वाशिंदों की छत के ऊपर से गुजर रहे तारों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। आलम ये है कि छत पर बच्चे भी पहुंच जाए तो करंट की चपेट में आ जाएंगे। मगर किसी जिम्मेदार को इसकी परवाह नहीं है।

हमारे वार्ड में सड़क और रास्ता बनवाने के साथ ही जर्जर पोल को बदलवाने के लिए कई बार लिखित में दिया जा चुका है। हमारे स्तर से कोई कमी नहीं बरती जा रही है। लोगों की समस्या बनी हुई है। इस पर कोई कदम नहीं उठाए जा सके हैं। करीब ढाई माह पहले जर्जर पोल की शिकायत की थी। – **अलताफ, सभासद, वार्ड नंबर 12**

छतों को छूकर बिजली के तार गुजर रहे हैं। कई बार हादसों के बाद भी कोई सुधार नहीं करा रहा है। जबकि बराबर में ही कॉलोनी के लिए अंडरग्राउंड केबिल डाली गई। तीन पोल के तार छोड़ दिए गए। एक तरह से पक्षपात किया जा रहा है। पोल भी कभी भी गिर सकता है। **–लईक खां**

घर के बाहर रास्ते को लेकर कई बार कहा जा चुका है। मजदूरी के लिए बाहर जाने के बाद घर पर बच्चे रहते हैं। उनके गिरने का डर बना रहता है। आवाजाही के लिए खुद ही मिलकर कुछ हिस्से का पटान किया गया। किसी तरह की सुनवाई नहीं है। – **हसीन बानो**

हमारे घर के सामने ही जर्जर पोल है। ये पोल बदला ही नहीं गया है, कभी भी हादसा हो सकता है। नालियां भी नहीं बन सकी है। कईसाल पहले जब मकान का निर्माण कार्य चल रहा था तो ऊपर से गुजरती बिजली लाइन की चपेट में आ गए थे। – **नत्थो बी**

रास्ते की दरकार, खूब हुए पत्राचार..नतीजा शून्य

वार्ड नंबर 12 की एक गली में रासते की दरकार वहो रहने वाले दर्जनों परिवार लंबे समय से कर रहे हैं। नजदीक में ही खंती है। जिसमें कई बार बच्चे भी खेलते वक्त गिर जाते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो कई बार पत्राचार किया जा चुका है। परिवारों को आने वाली समस्या बयां करते हुए कई बार रास्ते बनवाने की दरकार लगाई गई लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। विकास के नाम पर धरातल पर कुछ नहीं दिखता। स्थानीय परिवारों का कहना है कि अपनी आवाजाही के लिए खुद ही कुछ हिस्से का पटान किया गया। तब जाकर काम पर जाने की जगह बन सकी है।

जर्जर गलियां..कीचड़ से होकर गुजर रहे बच्चे

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में वार्ड नंबर 12 में सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है। नालियां भी बनी नहीं है। जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है।एक नाला भी बनवाया गया है। सड़क का पानी नाले में पहुंचाने के लिए जो पाइप लगाए गए हैं, वह भी काफी ऊपर हैं। इससे हल्की बरसात में ही पानी भर जाता है। इसके अलावा जर्जर गलियों में कीचड़ है। उसी से नौनिहाल गुजर रहे हैं। बीमारियों का भी डर सताता रहता है।

नहर के पास घूम रहे बाघ का ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

बंद पड़ी खीरी ब्रांच नहर में घूमता बाघ।

पूरनपुर, अमृत विचार: खीरी ब्रांच नहर के पास बाघ की चहलकदमी देखी गई। ग्रामीणों ने नहर पटरी पर घूम रहे बाघ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गांव के पास बाघ के विचरण करने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। सर्दी शुरू होते ही जंगल से वन्यजीव बाहर निकलने लगे हैं। पिछले 15 दिनों से पूरनपुर तहसील क्षेत्र के कई गांव में बाघ और तेंदुआ देखे जा चुके हैं। बुधवार को जोगराजपुर से जगतपुर जाने वाले मार्ग पर खीरी ब्रांच के रजवाह के पास बाघ के पगचिह्न देखे गए थे। गुरुवार को हरीपुर किशनपुर गांव के पास खीरी ब्रांच नहर पटरी पर राहगीरों ने बाघ को घूमते देखा। पहले बाघ बंद पड़ी नहर के अंदर धूप में अठखेलियां करता रहा। उसके बाद वह नहर पटरी पर आ गया। इससे वीडियो बना रहे ग्रामीण भाग गए। उन्होंने बाघ की चहलकदमी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एक सप्ताह से बाघ सेहरामऊ क्षेत्र में घूम रहा। आबादी के आस पास उसके देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

पुलिस ने ग्रामीण का शव पोस्टमार्टम को भेजा

पूरनपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर खुर्द के दानपाल की बुधवार रात घर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। खाना बनाते समय गैस चूल्हे में आग लगने से ग्रामीण की मौत होने की चर्चा थी। गुरुवार को पुलिस ने ग्रामीण का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि आग लगने से ग्रामीण की मौत होने की जानकारी लगी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

कृषि विभाग की टीम का छापा, आठ सैंपल लिए

कस्बा बरखेड़ा की एक दुकान पर पहुंची टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

- **जीएसटी टीम के आने का मचा शोर तो कई दुकानों के गिर गए शटर**

अमृत विचार: कृषि विभाग की टीम ने गुरुवार को कस्बा बरखेड़ा समेत कई स्थानों पर छापामारी की। खाद व बीज की दुकानों पर पहुंचकर आठ सैंपल लिए। कार्रवाई से कस्बे के दुकानदारों मे हड़कंप मच गया। कई दुकानदार प्रतिष्ठान बंद करके भाग गए। उधर जीएसटी टीम की छापेमारी की अफवाह से कस्बे में किराना एवं मेडिकल की भी दुकानें बंद हो गई।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि गुरुवार को पटल सहायक राजकुमार शर्मा के साथ छापामारी की गई है। पीलीभीत से कस्बा बरखेड़ा तक पढ़ने वाली दुकानों को चेक किया गया। इसके साथ ही कस्बा बरखेड़ा में भी खाद व बीज की दो दुकानों पर छापा मारा गया। छह दुकानों से आठ नमूने लिए गए हैं। कृषि विभाग की छापामारी से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। और खाद व बीज के कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए। इधर, जीएसटी टीम के आने की अफवाह फैल गई। इस व कई किराना व मेडिकल स्टोर की दुकानों के भी शटर गिरा दिए गए।

बैरियर को टक्कर मारकर भगा ले गया ट्रक

घुंघचिहाई, अमृत विचार: शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने बलरामपुर चौकी के पास ग्राम जल्लूपुर निवासी बाइक सवार गिरिजा शंकर पांडे को टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर ट्रक ने घुंघचिहाई बाजार में किराना दुकान और बिजली के पोल में भी टक्कर मारी।

जिससे पोल क्षतिग्रसत हो गया। हादसा गुरुवार को हुआ। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने थाने के बाहर मोबाइल बैरियर लगाकर ट्रक को रोकना चाहा लेकिन ट्रक चालक बैरियर तोड़ता हुआ भाग गया। कई ग्रामीण ट्रक की चपेट में आने से बच गए। इसके बाद पुलिस ने शाहबाजपुर गुरुद्वारे के पास से ट्रक चालक को पकड़ लिया।

एसओ दीपक कुमार ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। ट्रक थाना परिसर में खड़ा कराकर कार्रवाई की जा रही है।

तय समय के बाद दौड़े कोयले के डंपर, व्यापारियों ने रोका

संवाददाता, बरखेड़ा

अमृत विचार: तय समय के बाद सड़कों पर कोयला लदे डंपर दौड़ते दिखाई दिए तो व्यापारी और कस्बेवासी विरोध में एकत्र हो गए। डंपरों को रुकवा दिया गया और ठेकेदार द्वारा सफाई न कराने पर नाराजगी जताई। काफी देर खड़े रहने के बाद विरोध को देखते हुए डंपर लेकर चालक वापस डिपो की तरफ चले गए।

बता दें कि बरखेड़ा में भोपतपुर रेलवे स्टेशन के पास कोयला डिपो बनाया गया है। बजाज एनर्जी प्लांट बरखेड़ा और मकसूदापुर में कोयला सप्लाई किया जाता है। जिसमें डंपर और ट्रक द्वारा गुरुकृपा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को कोयला सप्लाई होती है। कोयला डिपो को कस्बे से हटाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। हंगामे के बाद बीते दिनों एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय ने दोनों पक्षों से बात की थी। फिर निष्कर्ष निकाला गया था कि कोयला

डंपर चलने की सूचना पर जमा हुए लोग। ● अमृत विचार

- **बोले- छह बजे के बाद दिन में नहीं चलने दिए जाएंगे डंपर**
- **ठेकेदार पर साफ सफाई न कराने का भी लगाया आरोप**

यहां से सिर्फ बजाज एनर्जी प्लांट बरखेड़ा से संबंधित ही निकाला जाएगा। डंपर दिन में लोड किए जाएंगे और तिरपाल से ढककर उनको रात्रि 11 से सुबह छह बजे तक निकाला जाएगा। इसके अलावा मार्ग की साफ सफाई भी ठेकेदार कराएगा। इस पर सहमति बन गई थी। गुरुवार सुबह एक बार फिर हंगामे की स्थिति बन गई। तय समय के बाद सुबह साढ़े सात बजे भी कोयला लदे डंपर सड़क पर आ गए। इसके अलावा कोयला डंपरों से फैल रही गंदगी की साफ सफाई के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। जिसके बाद दौलतपुर रोड पर कई व्यापारी और कस्बेवासी जमा हो गए। उन्होंने कोयला लदे डंपरों को विरोध कर रोक दिया। इसके बाद तय की गई शर्तों का उल्लंघन बताते हुए जमकर सुनाया। डंपर खड़े करा दिए गए। व्यापारियों ने साफ कहा कि सुबह छह बजे के बाद कोई भी डंपर नहीं चलने दिया जाएगा। साथ ही ठेकेदार को सफाई के इंतजाम करने होंगे। इसके बाद कुछ देर चालक खड़े रहे और फिर व्यापारियों के न मानने पर वापस डिपो में ले जाकर डंपर खड़े कर दिए गए। इसके बाद भी दिनभर व्यापारी निगरानी करते रहे। हालांकि अब विरोध प्रदर्शन में जिम्मेदार शामिल नहीं हो रहे हैं। खुद व्यापारी और नागरिक ही अपनी समस्या के समाधान की मांग रख रहे हैं। जिसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं।

विरोध के बाद सड़क पर खड़ा कोयला लदा डंपर।

निर्माणाधीन पानी की टंकी से गिरकर मजदूर की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: निर्माणाधीन टंकी पर काम करते वक्त एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई। मसाले की बाल्टी खींचते समय अचानक बांस टूटने से हादसा हुआ। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।

कस्बे में पुरानी टंकी परिसर में नई टंकी का निर्माण किया जा रहा है। बदायूं के थाना दातागंज क्षेत्र के 21 मजदूर टंकी निर्माण का काम कर रहे हैं। दातागंज क्षेत्र के ही गांव भाऊ नगला निवासी रिंकू पाल (28) पुत्र पप्पू पाल भी मजदूरी कर रहे थे। गुरुवार को वह टंकी पर करीब 50 फीट की ऊंचाई पर काम कर रहे थे। शाम को वह बांस के मचान पर खड़े होकर कंक्रीट से भरी बाल्टी खींच रहे थे। इस दौरान बांस टूटने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी लाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इसी निर्माणाधीन टंकी से गिरा मजदूर।

रहस्यमय ढंग से छात्र लापता

बीसलपुर, अमृत विचार: घर से स्कूल जाने के लिए निकला एक छात्र रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परिजन ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम टिकरी माफी की रहने वाली रेनू पत्नी लाल बहादुर ने बताया कि उनका चौदह वर्षीय पुत्र अनुज कक्षा सात का छात्र है। 27 नवंबर की सुबह आठ बजे वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला। इसके बाद से वापस नहीं आया। काफी तलाशने के बाद भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं हो सकी है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में कार्रवाई कराई जा रही है।

गन्ने के ट्रक ने कार को मारी टक्कर, जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: गन्ना लदे ट्रक और कार की टक्कर के बाद छतरी चौराहा पर हंगामा हो गया। कार क्षतिग्रस्त होने पर उसमें सवार लोग गुस्सा गए और ट्रक चालक से भिड़ गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान करीब बीस मिनट तक वाहनों के पहिए थमे रहे।हालांकि बाद में दोनों पक्षों में सुलह के बाद यातायात सुचारू कराया गया।

हादसा बुधवार रात टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा के पास हुआ। चीनी मिल की तरफ जा रहे गन्ने के ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार का एक गेट क्षतिग्रस्त हो गया।

ट्रक व कार की टक्कर के बाद लगी भीड़।

जिसके बाद कार चालक बीच सड़क गाड़ी रोक उतर गए और ट्रक चालक से कहासुनी होने लगी। हंगामा देख मौके पर भीड़ लग गई। वाहनों की दोनों तरफ कतार लग गई।

सीलिंग की जमीन पर माफिया कर रहे खेती

- **भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन**
- **पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की मांग**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव की अगुवाई में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा गया।

सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में बताया कि तहसील कलीनगर क्षेत्र में राजस्व ग्राम सिमरा ताल्लुके महाराजपुर और राजपुर ताल्लुके महाराजपुर में सरकारी सीलिंग की जमीन है। इसमें गांव के ही कुछ लोगों ने अनाधिकृत रुप से गन्ना, सोयाबीन और गेहूं की बुवाई कर दी है। बेखौफ होकर जमीन पर कब्जा किए हैं। एसडीएम कलीनगर को कई बार अवगत कराया गया लेकिन इसका संज्ञान नहीं लिया गया है। सीलिंग की जमीन पर माफिया कब्जा करके खेती कर रहे हैं। राजस्व और पुलिस की टीम गठित कर जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध हालात में मौत, तालाब में मिला शव

संवाददाता, जहानाबाद

अमृत विचार: निर्माणाधीन सितारगंज नेशनल हाईवे पर काम कर रहे बरेली के एक ट्रैक्टर चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव तालाब में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली जनपद के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम उदरनपुर निवासी 40 वर्षीय भानेश बाबू पुत्र बनवारी लाल ट्रैक्टर चालक थे। पिछले कई दिनों से वह जहानाबाद क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन सितारगंज नेशनल हाईवे में काम कर रहे थे। वह पानी का टैंकर चलाते थे। बुधवार को उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।उगनपुर गांव के पास एक तालाब में भानेश का शव पड़ा मिला। साथी मजदूरों की शव पर नजर पड़ी तो कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव की शिनाख्त कर मृतक के परिजन को सूचना दी गई।परिवार वाले भी आ गए और उनका रोकर बुरा हाल रहा। परिजन ने अनहोनी की आशंका जताई। हालांकि किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। उधर, पुलिस दौरा पड़ने पर तालाब में गिरने से मौत होने का अंदेशा जताती रही। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की पुष्टि हो सकेगी।

मृतक भानेश।

- **जहानाबाद क्षेत्र में उगनपुर गांव के पास की घटना, अनहोनी का शक**

शव मिलने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

चोरी के सामान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पीलीभीत, अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने गुरुवार को गणेशपुर गौटिया से खपरैल गौटिया रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर एक मंदिर के पास से खपरैल गौटिया राणा कॉलोनी निवासी आशुतोष राणा को गिरफ्तार किया था। उसके पास से बीते दिनों हुई चोरी से संबंधित पानी की मोटर, दो टीएफटी बरामद की है। आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

आवारा कुत्ते ने 15 लोगों को काटकर किया घायल

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: नगर में एक आवारा कुत्ते एक-एक कर पंद्रह लोगों पर हमला किया। कुत्ते के काटने से घायल सभी लोग सीएचसी पहुंचे और इलाज कराया। एंटी रैबीज वैक्सीन भी तीनों को लगाई गई।

नगर के मोहल्ला शिवाजी नगर में सड़क पर घूमने वाला कुत्ता बताते हैं कि कुछ दिन खूंखार हो चुका है। कुत्ते के पागल होने की बात कही जा रही है। कुत्ते ने पहले कोतवाली में तैनात सिपाही अंकुर पर हमला किया। उसके बाद गोपी टॉकीज मार्ग पर मोहल्ला ग्यासपुर निवासी शानू खान, इक़बाल, इरफान, गुड्डी, शहनाज, अतीक अहमद, मोहल्ला शिवाजी नगर निवासी रानू मौर्य , मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली के जीनुस , पटेल नगर के योगेश , मोहल्ला दुबे के राजेंद्र कुमार , मोहल्ला बख्तावरलाल के हर्षिता पुत्री शैलेंद्र , अमरा करोड़ निवासी सियाराम को स्टेट बैंक के पास जाते वक्त काटा। ईदगाह चौराहे पहुंचकर मोहम्मद बिलाल को भी काट लिया। इसके बाद कुत्ता बरेली मार्ग की ओर भाग गया। अचानक कुत्ते के काटने से दहशत सी बन गई। आनन-फानन में घायल सीएचसी पहुंचे और वैक्सीन लगवाई। वहीं, नगर पालिका के कर्मचारियों को दी गई है।

वैक्सीन लगवाने के लिए सीएचसी पहुंचे घायल। ● अमृत विचार

नोवल शुगर लिमिटेड में आयकर टीम का छापा

तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंची टीम दिनभर अभिलेख खंगालती रही, मिल के गेट पूरी तरह रहे बंद

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

अमृत विचार: नोवेल शुगर मिल में आयटीम की छापामारी से हड़कंप मच गया। मिल खुलने के कुछ देर बाद ही तीन गाड़ियों में सवार होकर टीम पहुंची और फिर गेट बंद करा दिए गए। दिनभर टीम अभिलेख खंगालती रही। किसी को न तो बाहर आने दिया गया न ही कोई भीतर जा सका। रात तक टीम मिल में ही गोपनीय तरीके से कार्रवाई करती रही। इसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं तेज रही।

बता दें कि पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के पास ही नोवल शुगर मिल है। जिसे छोटी चीनी मिल के नाम से भी पुकारा जाता है। यहां पर गन्ने की पेराई होती है। किसानों से गन्ना खरीदकर नकद व खाते दोनों तरीके से भुगतान किया जाता है। इस मिल में ही स्टील का भी प्लांट लगा हुआ है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे मिल पर अफसर -कर्मचारी मौजूद थे। इस बीच तीन गाड़ियों में सवार होकर आयकर विभाग की टीम मिल में पहुंच गई। पहले तो लोग कुछ समझ नहीं सके, लेकिन कुछ देर में आयकर विभाग की छापामारी का शोर मच गया। टीम ने मिल के गेट को भी बंद करा दिया गया। इसके बाद अधिकारियों कर्मचारियों के साथ टीम पड़ताल करती रही। दिनभर मिल का गेट भी बंद रहा। न तो कोई बाहर आया न ही किसी अन्य को प्रवेश मिल सका। इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जाते रहे। टीम के पहले बरेली से आने की सूचना चलती रही। फिर बाद में कानपुर से टीम आने की बात कही गई। हालांकि टीम के सदस्य हो या फिर मिल के अधिकारी कर्मचारी, किसी का भी कॉल रिसीव नहीं करने दिया गया। जिसके चलते स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सकी। उधर, गड़बड़ी पकड़े जाने की चर्चाएं होती रही। दोपहर बाद ये भी कहा जाता रहा कि मिल स्वामी की करीब पांच फर्म संचालित है। इन सभी जगह अलग-अलग टीमों के द्वारा छापामारी की गई है।

आयकर टीम दिनभर नोवल मिल में डेरा डाले रहे। देर शाम तक टीम भीतर ही रही। अधिकारी कर्मचारी यहां तक की गार्ड के भी फोन रिसीव नहीं हुए। इसे भी छापामारी से जोड़कर देखा जाता रहा। किसी तरह की कोई अपडेट बाहर मौजूद लोगों को नहीं मिल पा रही थी। हालांकि गन्ने की पेराई का काम चलता रहा। पेराई के लिए गन्ना लदे वाहन प्रवेश दिए जाते रहे। इससे संबंधित गेट खुला रखा गया।

नोवल शुगर लिमिटेड बरखेड़ा में घुसी टीम की गाड़ी। ● अमृत विचार

छापामारी के दौरान बंद गेट।

● **अफसर कर्मचारी नहीं आ सके बाहर, फोन भी नहीं हुए रिसीव, गड़बड़ी पकड़ने की रहीं चर्चाएं**

किसानों को नहीं मिल सका नगद भुगतान

बता दें कि नोवल शुगर लिमिटेड में गन्ना देने वाले किसानों को नकद भुगतान की व्यवस्था रहती है। आयकर टीम के छापे के दौरान संबंधित खिड़की भी बंद रही। इसके चलते किसानों को नकद भुगतान नहीं मिल सका। कई घंटे तक किसान मिल के बाहर जमा रहे लेकिन उसके बाद भी टीम नहीं गई तो किसान वापस लौट गए। मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

हादसे के बाद बाइक सवार को पीटा

बरखेड़ा, अमृत विचार : बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहे बाइक सवार की रास्ते मेंदूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसके बाद दूसरी बाइक का चालक और उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को सीएचसी भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव आमडार निवासी मुनीश कुमार ने बताया कि गांव नकटा उर्फ मुरादाबाद में उसकी भांजी की मंगलवार रात शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए उसकी बहिन गुड्डी थाना बिलसंडा के गांव धनगवां अपनी ससुराल से शादी कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम निपटने के बाद बुधवार को उसका बड़ा भाई खेमकरन बहन गुड्डी को ससुराल बाइक से छोड़ने गया। इसके बाद खेमकरन बुधवार दोपहर बाद घर लौट रहा था। दियोरिया कला से बरखेड़ा मार्ग पर गांव कटैइया व रमबोझा के बीच पहुंचते ही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। आरोप है कि दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ खेमकरन से मारपीट की। बेसुध होने पर आरोपी भाग गए। किसी राहगीर ने यूपी 112 पर सूचना दी। जिसके बाद पहुंची और घायल खेमकरन को सीएचसी भर्ती कराया गया। मामले में अभी तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।परिवार वाले युवक के रेफर किए जाने पर उसे पीलीभीत के अस्पताल ले गए।

बंद होगा कटना नदी के जर्जर पुल पर आवागमन

संवाददाता, बिलसंडा

अमृत विचार: कटना नदी के जर्जर पुल से आवागन बंद कराने के लिए अधिकारियों ने सुध ली। अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए टीम मौके पर पहुंची और कटना नदी के पुराने पुल पर आवागमन बंद करने के लिए ईंटें लगवा दी गई।

बता दें कि बिलसंडा-बीसलपुर मार्ग पर मानपुर गांव के समीप कटना नदी पर लोक निर्माण विभाग ने नया पुल करीब चार साल पहले बनवाया था। मगर पुराने पुल पर आवागमन जारी रहा। नवीन पुल से कुछ दूरी पर ब्रिटिश हुकूमत में बने पुराने जर्जर पुल को यूं ही छोड़ दिया गया था। आवागमन रोकने के लिये विभाग ने यहां दीवार तो बनाई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में वह भी तोड़ दी गई। पिछले दिनों आई बाढ़ से इस पुल के ऊपर पांच फिट तक पानी गुजरता रहा था। दोनों ओर सड़क धंस गई। गहरे गड्ढे हो गए और रेलिंग उखड़ गई थी। हादसे को दावत देती इस लापरवाही को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद अधकारियों ने संज्ञान लिया। इसकी रिपोर्ट तलब कर पुल के दोनों ओर दीवार उठवाकर बंद कराने और संकेतांक बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं। अफसरों के निर्देश के बाद टीम पहुंची और पुल की नापजोख कर ईट व पत्थर रखकर सड़क भी बंद कर दी गई। लोनिवि के अधिशासी अभियंता एसके जैन ने बताया कि कटना नदी के पुराने पुल पर आवागमन भी बंद हो जाएगा। पुल के दोनों ओर संकेतांक बोर्ड भी लगाने को कहा गया है। खुद भी मौके पर जाएंगे। फिलहाल विभाग ने तो सुध ली है। मगर अभी भी कुछ लोग आवागमन करते रहे।

मानपुर में कटना नदी के पुराने जर्जर पुल को बंद करने के लिए लगाई गई ईटें।

● **अधिकारियों ने आवाजाही बन्द कराने को लगवाईं ईंटें**

हादसे को दावत दे रहा कटना नदी का जर्जर पुल

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

विवाहिता को घर से निकाला

पूरनपुर,अमृत विचार : अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। उसकी जान लेने की भी कोशिश की गई। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरेली जनपद की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार फरवरी 2020 को पूरनपुर के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति व सुसराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। विवाहिता के मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार उसके साथ मारपीट की गई। गला दबाकर उसकी जान लेने की कोशिश की। आरोप है कि देवर और चचिया ससुर ने कई बार छेड़छाड़ की। दोनों पहले से ही उस पर बुरी नीयत रखते थे। छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति, सास, चचिया ससुर और देवर ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। दहेज में पांच लाख रुपये न लाने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीसी रोड नहीं बनने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

घुंघचिहाई , अमृत विचार: थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर कसगंजा में एक माह पहले कार्यदायी संस्था करीब एक किमी का सीसी रोड बनाया गया।

मार्ग का निर्माण तो गुणवत्ता पूर्वक किया गया लेकिन साइड में दोनों तरफ ठेकेदार द्वारा न ही मिट्टी डालकर बराबर किया गया ना ही साइड में इंटरलॉक ईट लगाई गई। इस वजह से ग्रामीणों राहगीरों को समस्या हो रही है। आए दिन वाहन सड़क से नीचे उतर रहे हैं। बड़े वाहनों से साइड लेने पर बाइक सवार भी दोनों तरफ निचली सतह होने के कारण गिरकर चोटिल हो जाते हैं। गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर ईश्वर दयाल, मुन्नालाल, रमाकांत, लालू, राम बेटी, जंग बहादुर, सोनू आदि ग्रामीण थे।

डिजिटल साक्षरता में तकनीकी कौशल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज़ में हुई कार्यशाला**

अमृत विचार: स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज़ में मिशन शक्ति फेज पांच के तहत गुरुवार को डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा शीर्षक पर कार्यशाला हुई। इसकी शुरुआत कराते हुए कार्यकारी निदेशक डा. हेमन्त जगोता ने कहा कि डिजिटल तकनीकी को समझना और उसका जीवन में सार्थक प्रयोग करना डिजिटल साक्षरता है। इसका उद्देश्य सूचना खोजना उसका आंकलन करना और संचार करना है। डिजिटल साक्षरता में तकनीकी और संज्ञानात्मक दोनों तरह के कौशल होते हैं। इसके माध्यम से साइबर क्राइम से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

प्राचार्य डा.इलयास अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल उपकरणों का प्रयोग करना सिखाता है। इसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता के माध्यम से साइबर क्राइम से ग्रामीण लोगों को सुरक्षित करना है। डिजिटल साक्षरता किसी व्यक्ति में डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करके सूचना खोजना उसका मूल्यांकन करने की क्षमता विकसित करती है। विषय विशेषज्ञ राजपाल ने बताया कि साइबर क्राइम स्कैम फ्राड से बचाने के लिए डिजिटल साक्षर होना आवश्यक है। साइबर क्राइम में हैंकिग, फिंशिंग, आनलाइन गेम, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर आदि शामिल हैं।

साइबर क्राइम का शिकार होने से बचने के लिए कॉल पर ओटीपी पिन या बैंक खाते से जुड़ी जानकारी शेयर न करें। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने डिजिटल शक्ति अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाना है। इस मौके पर विद्यार्थी वर्ग से फरहान, तारिक, हदिका, धुव्र, इजहार, कुशाग्र, देव, दिव्यांशु, इशिका, श्रेया, निशी, शिल्पी, अक्सा आदि मौजूद रहे।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
• नशे की आदत
• डिमोशिया
• याद्दाश्त कम होना
• बच्चों में चंचलता
• पागलपन बुदबुदाना
• बिस्तर गीला करना
• बेवजह शक करना
• नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज ♦ पीलिया ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, NNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

एक नजर

गैर समुदाय के युवक के साथ गई युवती बरामद

पूरनपुर, अमृत विचार : कस्बे की रहने वाली युवती बुधवार को घर से 50 हजार रुपये और गहने लेकर गैर समुदाय के प्रेमी के साथ चली गई थी। पुलिस ने इस मामले में अमन खां और उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को पुलिस ने प्रेमी के साथ गई युवती को बरामद कर लिया। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि युवती बरामद हो गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

वाहन ने रेलवे फाटक तोड़ा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : गर्रा पुल से पहले वाहन ने रेलवे फाटक को तोड़ दिया। फाटक टूट जाने से डाउन व अप लाइन पर आधे घंटे संचालन प्रभावित रहा। गुरुवार की शाम सात बजे गर्रा पुल से पहले 325 रेलवे फाटक डाउन लाइन से आ रही ट्रेन को लेकर बंद था। इस दौरान वाहन ने बंद रेलवे फाटक को तोड़ दिया और चालक वाहन लेकर भाग गया। गेटमैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस दौरान डाउन व अप लाइन पर करीब आधे घटे रेल संचालन प्रभावित रहा। कर्मचारियों ने टूटे गेट को रेलवे लाइन पर से हटाया। ट्रेनों को काशन देकर निकाला गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि फोर्स को मौके पर भेजा है।

कबड्डी व खो-खो में डायट की टीम विजेता

जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, बीसलपुर

विजेताओं को पुरस्कृत करते बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश कुमार शुक्ला। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें जनपद के समस्त डीएलएड प्रशिक्षु, माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। अंत में अतिथियों ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की।

प्रतियोगिता की शुरुआत अतिथि बीसलपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश कुमार शुक्ला, बीसलपुर बार एसोसिएशन के महासचिव भानु, गायत्री पीठ के सत्यपाल सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके कराई। समस्त डीएलएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट के द्वारा सलामी दी। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पिरामिड बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग में प्रवक्ता कुलदीप कुमार प्रथम, शिवम मिश्रा द्वितीय रहे। शतरंज प्रतियोगिता बालक वर्ग में डायट प्रशिक्षु अनुज सक्सेना प्रथम, शफी डिग्री कॉलेज के देवांश द्वितीय और आदेश कॉलेज के अखिलेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में डाइट की प्रीति गंगवार प्रथम, आदेश कॉलेज की झलक द्वितीय, शफी डिग्री कॉलेज की मंजिल रस्तोगी तृतीय रहीं। चक्का फेंक में फिजा खानम प्रथम, अंजली मिश्रा द्वितीय, साक्षी सिंह तृतीय रहीं। डीएलएड पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में डायट की टीम ने प्रथम, आदेश कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डीएलएड की महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में डायट की टीम ने प्रथम, निशा कॉलेज की टीम द्वितीय रही। बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में डायट के मोहक मिश्रा प्रथम, स्प्रिंगडेल के अनिल द्वितीय स्थान पर रहे। डीएलएड की वॉलीबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में डायट की टीम प्रथम, आदेश कॉलेज की टीम द्वितीय रही।

विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। खेलों के बिना विद्यार्थी का जीवन अधूरा बताया गया। कहा कि खेल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इस मौके पर प्रवक्ता दरवेश कुमार, डॉ.सुनीता बिष्ट, वीरेंद्र कुमार, नीलेश नाथ, पुलकित शर्मा, मंजूलता, अमित कुमार, स्वदेश गंगवार, अमित शर्मा मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पुवायां, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव तितुरा निवासी अनिल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार सुबह लगभग छह बजे प्रशांत कुमार, शशांत कुमार पुत्रगण प्रेम कुमार और प्रेम कुमार गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर प्रशांत ने मारपीट करते हुए गन्ना खुदाई वाली मठई से वार कर दिया।

शोर शराबा सुनकर बचाने आए भाई कपिल के साथ गाली गलौज किया और प्रशांत, प्रेम कुमार ने लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर कर दिया। जिसके बाद उन्होंने 112 नंबर पर कॉल की तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रशांत कुमार, शशांत कुमार, प्रेम कुमार, मनोज पुत्र सीताराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया। वहीं दूसरी तरफ से भी तहरीर दी गई। पुलिस जांच कर रही है। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

राष्ट्रीय बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: बांग्लादेश में मंदिरो को तोड़े जा रहे हैं। हिंदू समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। तमाम आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कई मांग रखी गई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष दयाल विश्वास के नेतृत्व में गुरुवार को तहसील पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। जिसमें कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। आतंकी व्यवहार किया जा रहा है। आरोप लगाया कि वहां की कार्यवाहक सरकार मंदिरों को तुड़वा रही है। हिंदू महिलाओं के अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते बांग्लादेश में हिंदू समाज की संख्या लगातार कम हो रही है। इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते की। चेतावनी देते हुए कहा कि बांग्लादेश में अगर ये अत्याचार बंद नहीं हुई तो उनका संगठन बांग्लादेश के खिलाफ हिंदू समाज को जागरूक करेगा। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समाज की संपत्ति की सुरक्षा की जाए। जिनका नुकसान हुआ है उसका मुआवजा दिलाया जाए। भारत सरकार बांग्लादेश से आर्थिक व्यापारिक संबंध बंद कर दे। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष शेखर पांडेय, जिला महामंत्री विधि ओम सिंह चौहान आदि थे।

आरोपी कोटेदार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, घुंघचिहाई

- सत्यापन में स्टॉक में चावल और गेहूं कम मिलने पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार: बुजुर्ग की रंजिशन हत्या करने के आरोप में जेल में बंद उदराह गांव के निलंबित कोटेदार सर्वेश कुमार पर एक और एफआईआर दर्ज हुई है। सरकारी राशन की कालाबाजारी सामने आने पर पूर्ति निरीक्षक की ओर से आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई कराई गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम उदराह का कोटेदार सर्वेश कुमार हत्या के एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद सोलह नवंबर को कोटा निलंबित कर दिया गया। संबंधित राशन कार्ड धारकों का कोटा घुंघचिहाई के कोटेदार राजेश कुमार से संबंध कर दिए गए थे। ये आदेश दिए गए थे कि जेल में बंद निलंबित कोटेदार सर्वेश कुमार की पत्नी सुमन देवी राशन की दुकान से संबंधित खाद्यान्न, ई पॉश मशीन, ई वेइंग मशीन मय चार्जर के राजेश कुमार को दे दें। 20 नवंबर को राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि निलंबित कोटेदार के परिजन राशन का उठान नहीं करने दे रहे हैं। सिर्फ मशीनें उपलब्ध करा दी गई है। 21 नवंबर को टीम ने जाकर निलंबित कोटेदार के घर पर रखे खाद्यान्न का सत्यापन किया। जिसमें सामने आया कि 38.91 क्विंटल चावल और 33.29 क्विंटल गेहूं कम निकला। मौके पर मौजूद खाद्यान्न संबद्ध किए गए कोटेदार राजेश कुमार को टीम ने मुहैया करा दिया गया।

राशन की कालाबाजारी को लेकर अधिकारियों के निर्देश पर अब जेल में बंद चल रहे निलंबित कोटेदार सर्वेश कुमार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसओ दीपक कुमार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक हिमांशु कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

घोड़े ने मचाया उत्पात छह को काटा

निगोही, अमृत विचार: निगोही में हमजापुर चौराहा से लेकर पुवायां रोड स्थित बिजली घर तक घोड़े के उत्पात से भगदड़ मच गई। इस दौरान घोड़े ने छह लोगों को काटकर घायल कर दिया।

गुरुवार सुबह करीब दस बजे हमजापुर चौराहे के पास घोड़े ने अचानक एक युवक को काट लिया। लोगों ने उसे जैसे-तैसे छुड़ाया। इसके कुछ देर बाद दूसरे व्यक्ति को काट लिया और फिर उसने सड़क पर दौड़ लगानी शुरू कर दी। इससे भगदड़ मच गई और लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान उसने दो टेंपो चालकों को और दो अन्य लोगों को काट लिया। कुल छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। घोड़े का उत्पात हमजापुर चौराहे से लेकर पुवायां रोड स्थित बिजली उपकेंद्र तक काफी देर तक मचा रहा। दुकानदार अपनी दुकानों में बैठ गए, उधर से निकलने वाले राहगीरों ने भी दुकानों में शरण ले ली।

भ्रष्टाचार उजागर, फिर भी कार्रवाई नहीं

संवाददाता, बिलसंडा

> रोजगार सेवक की जो शिकायत हुई थी। उसमें तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई गई। जांच कर टीम रिपोर्ट दे चुकी है। कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट डीसी मनरेगा को भेज दी गई। यह आरोप गलत है कि किसी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। बल्कि कार्यवाही का इंतजार है। – **अमित कुमार शुक्ला, बीडीओ बिलसंडा**

> रोजगार सेवक पर लगे सभी आरोपों की जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट उसी वक्त बीडीओ को दे दी गई थी। कार्रवाई उन्हीं के स्तर से की जानी है। – **शालिगराम, अवर अभियंता एवं जांच टीम सदस्य**

- डीसी मनरेगा भी टीम से करा चुके धांधली की जांच
- रोजगार सेवक द्वारा लाभार्थियों का पारिश्रमिक हड़पने का मामला

अमृत विचार: ग्राम पंचायत कल्यानपुर तालुके करेली में आवास लाभार्थियों को मनरेगा से मिलने वाले पारिश्रमिक की धनराशि को हड़पने के आरोप रोजगार सेवक पर लगे। इसकी जांच में पुष्टि होने के बाद भी अभी तक एक्शन नहीं लिया जा सका है। छह माह बीतने को हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उधर प्रधान ने इस धांधली में ब्लॉक के अन्य लोगों के जुड़े होने की आशंका जताते हुए डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है। ये भी सवाल उठाए हैं कि जिम्मेदार आखिर किसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

बता दें कि ग्राम पंचायत कल्यानपुर तालुके करेली की प्रधान निशा यादव ने डीसी मनरेगा से मामले की शिकायत की थी। उन्होंने 17 आवास लाभार्थियों की मनरेगा के तहत पारिश्रमिक के रूप में मिलने वाली धनराशि को अपने परिवार के लोगों के बैंक खातों में फर्जी तरीके से ठिकाने लगाने का आरोप रोजगार सेवक पर लगाया था। इसकी पोल उस वक्त खुली जब आवास लाभार्थियों ने प्रधान के घर पहुंचकर मनरेगा के तहत मिलने वाली करीब 19 हजार की धनराशि को लेकर शिकायत की। प्रधान ने अपने स्तर से पड़ताल कराई तो सामने आया कि यह धनराशि तो काफी पहले ही लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है, लेकिन एक भी लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि नहीं पहुंची। प्रधान ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर बेजलिस्ट से खातों का मिलान कराया। जिन खातों में धनराशि भेजी गई उनकी सूची बैंक से भी निकलवाई। दोनों का जब मिलान किया तो पता चला कि रोजगार सेवक ने आवास लाभार्थियों के नाम पर अपने परिजनों के खाता नंबरों को फीड करा रखा है और उन्ही खातों में आवास लाभार्थियों की धनराशि भेजी गई। डीसी मनरेगा ने प्रधान की शिकायत पर तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई। इसमें आरोप सही पाए गए। जांच के बाद कार्यवाही होने के डर से संबंधित रोजगार सेवक एवं उसका सहयोग करने वाले ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। मगर, अब छह माह बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रधान ने ब्लॉक प्रशासन पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

सार-संक्षेप

गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

खुटार, अमृत विचार : तिकुनियां-मां पंथवारी मंदिर जाने वाले मोड़ पर गुरुवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने के चक्कर में गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में गांव बैकुंठापुर निवासी रीटा सिंह मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि वाहन आपस में टकराने से बच गए। रीटा सिंह ने बताया कि गुरुवार को वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना भरकर खुटार-पुवायां रोड पर स्थित गन्ना मिल (क्रेशर) जा रहे थे। मेन मार्केट में भीड़ के चलते तिकुनियां पंथवारी से बंडा रोड जाने को निकले लेकिन मोड़ के पास सामने से अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। इससे बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। जिस कारण यह हादसा हो गया। गन्ना फैलने से सड़क पर आवागमन बाधित रहा।

बाइक से टकराकर घायल छात्र ने दम तोड़ा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मोहम्मदी रोड पर सड़क पार करते समय बाइक से टकराकर छात्र घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाने के गांव कचनार निवासी दिलशाद का पुत्र असद(9) एक प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो पढ़ता था। बुधवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह पैदल घर जा रहा था। गांव के सामने सड़क पार करते समय असद घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक असद दो भाइयों में बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सब्जी विक्रेता की दुर्घटना में मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला पचासा निवासी जगदीश राठौर(55) कटरा क्षेत्र में साइकिल से फेरी लगाकर सब्जी बेचता था। गुरुवार की सुबह साढ़े सात बजे सब्जी बेचने के लिए गया था। वतलैया गांव के सामने वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल को एंबुलेंस से कटरा सीएचसी पर लाया गया था। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में रोना पीटना मच गया।

खूब हुई बाबूगिरी, अब गांव में करिए सफाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

कोई एडीएम दफ्तर तो कोई एनआईसी से था अटैच

इस आदेश में शामिल पंद्रह सफाई कर्मचारियों की बात करें तो दो एडीएम कार्यालय, एसडीएम बीसलपुर, एसडीएम कलीनगर, एसडीएम सदर, एसडीएम पूरनपुर, दो एडीएम न्यायिक, तहसीलदार सदर, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट में दो, नगर मजिस्ट्रेट, एनआईसी में दो कर्मचारी संबद्ध थे। जिनकी संबद्धता समाप्त की गई है। अब उन्हें अपने तैनाती के राजस्व गांवों में जाकर काम करना होगा।

- डीपीआरओ ने पंद्रह सफाई कर्मचारियों की संबद्धता की समाप्त
- मूल गांव में जाकर पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के दिए आदेश

> पंद्रह सफाई कर्मचारियों की संबद्धता समाप्त की गई है। ये आदेशित किया गया है कि बिना कार्यमुक्ति की प्रतीक्षा किए वह अपने तैनाती के राजस्व ग्राम में योगदान कर अपने पदीय दायित्वों का सम्यक रुप से पालन करें। संबंधित सफाई कर्मचारियों का माह नवंबर का वेतन तैनाती राजस्व ग्रामरों से वेतन मांग पत्र प्राप्त होने पर ही आहरित किया जाएगा। – **सतीश कुमार, डीपीआरओ**

अमृत विचार: लंबे समय से अधिकारियों के दफ्तरों में चाकरी कर रहे पंद्रह सफाई कर्मचारियों को अब अपने मूल पद पर गांव जाकर काम करना होगा। उनकी संबद्धता समाप्त कर दी गई है। अब उन्हें राजस्व ग्राम में अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के आदेश दिए गए हैं। ये भी स्पष्ट निर्देशित किया है कि माह नवंबर का वेतन भी तभी मिलेगा जब आदेश का पालन किया जाएगा। इस आदेश के बाद विभाग में खलबली मची रही।

बता दें कि ग्राम पंचायतों से अक्सर सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने की तस्वीरें सामने आती है। इस दौरान ये भी आरोप लगते हैं कि सफाई कर्मचारी गांव पहुंचते ही नहीं। वह तो अधिकारियों के दफ्तर और आवास पर चाकरी कर रहे हैं। हालांकि ये सिलसिला लंबे समय से चलता आ रहा है। बीते सालों में कुछ अधिकारियों ने सख्ती करनी भी चाही तो उन्हें अपने उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। फिलहाल अब इसी तरह से अफसरों के दफ्तरों में संबद्ध चल रहे पंद्रह सफाई कर्मचारियों को मूल गांव में पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से कर दिए गए हैं।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हादसे के बाद सीएचसी में लगी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

अमृत विचार: ग्राम बिसेन में भट्ठे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। अमरिया थाना क्षेत्र के मुगलाखेड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय संजीव कुमार उर्फ संजू पुत्र लालाराम प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वह काम से पीलीभीत जाता था। गुरुवार रात बाइक से काम निपटाकर पीलीभीत से वापस मुगलाखेड़ा आ रहा था। ग्राम बिसेन में भट्ठे के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस बाइक सवार को अस्पताल लाई। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

लापता बालक का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर शव रखकर जाम लगाए परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दो दिन से लापता बालक का शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में फंदे पर लटका मिला। उसका धड़ पूरी तरह से जमीन पर था और यूकेलिप्टिस के पतले पेड़ पर पतली रस्सी से गले में फंदा कसा हुआ था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाना शुरू कर दिया लेकिन रंजिश से इंकार कर रहे थे। थाना तिलहर पुलिस, फॉरेंसिक टीम व एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी, सीओ अमित चौरसिया पहुंच गए। गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर जाम लगा दिया। आधा घंटे बाद पूर्व विधायक रोशनलाल के आश्वासन पर शांत हुए, जबकि इससे पहले एएसपी ग्रामीण व सीओ की बात मानने से इंकार कर दिया था। परिजनों के शांत होने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया।

तिलहर के गांव जिनौरी निवासी हीरालाल का बेटा विवेक कुमार(12) मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे खाना खाने के बाद खेलने के लिए जाने की बात कहकर घर से निकल गया। इसके बाद से वह लापता हो गया था। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला, तब फिर पिता हीरालाल ने अगले दिन बुधवार को तिलहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, तभी गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर राजेंद्र वर्मा के गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पतले से पेड़ पर पतली रस्सी में फंदे पर लटका मिला। उसका धड़ पूरी तरह से जमीन पर था और गले में पतली रस्सी से फंदा कसा हुआ था। राजेंद्र के जरिये जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए। बालक का शव जिस स्थिति में था, उससे चर्चा आम हो रही थी कि बालक की हत्या की गई है। परिवार के लोग भी हत्या की बात कह रहे थे हालांकि रंजिश से इंकार कर रहे थे। कार्यवाहक कोतवाल क्राइम इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने मामले की जानकारी की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। इसी दौरान एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी व सीओ अमित चौरसिया भी पहुंच गए। साक्ष्य संकलन और पंचनामा की कार्रवाई के बाद शाम करीब चार बजे पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में थी, तभी परिजनों, रिश्तेदारों का पुलिस को लेकर गुस्सा भड़क गया। शव को उठाकर तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर रख कर जाम लगा दिया। परिजनों का कहना था कि उनके बेटे की हत्या की गई है। घटना का खुलासा कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग भी करने लगे। एएसपी सिटी, सीओ ने परिजनों को शांत करने की कोशिश की लेकिन वह लोग शांत नहीं हो रहे थे। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने भरोसा दिलाया कि पुलिस पीड़ित परिवार की मदद कर रही है और निष्पक्ष तरह से कार्रवाई होगी, तब परिजन शांत हुए।

मृतक विवेक।

> दो दिन से लापता एक बालक विवेक कुमार का शव जिनौरी गांव के पास गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। घटना संदिग्ध लग रही है, हत्या के आरोपों की बारीकी से जांच की जा रही है, फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किए गए हैं। घटना का खुलासा करने के लिए टीमें गठित की गई हैं। –**मनोज कुमार अवस्थी**, एएसपी ग्रामीण

स्थिति संभालने के लिए कई थानों का बुलाना पड़ा फोर्स

परिजनों का गुस्सा और जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से एहतियात बरत रही है। किसी भी स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर कोतवाली तिलहर के अलावा कटरा, जैतीपुर, खुदागंज थाने का भी पुलिस फोर्स भी मौके पर बुला लिया गया था लेकिन आधा घंटे बाद जाम खुल जाने से पुलिस ने राहत की सांस ली।

हत्या कहीं और की, शव यहां लाकर डाला

मृतक के परिजनों का कहना है कि जिस स्थान पर गुरुवार को विवेक का शव मिला है, यहां पर बुधवार को परिवार वाले तलाश करते हुए पहुंचे थे, तब कहीं शव दिखाई नहीं दिया और गुरुवार को शव मिल रहा है। इससे लग रहा है कि विवेक की हत्या करके शव यहां लाकर ऐसे डाला गया है कि लोगों को यह लगे कि विवेक ने फंदे पर लटक कर खुद जान दे दी है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

खुलासे को बनाई गईं तीन टीमें

घटना का खुलासा करने के लिए तीन टीमें गठित की गईं हैं, जिसमें कोतवाली तिलहर पुलिस के अलावा एसओजी और कटरा व सर्विलांस टीम को शामिल किया गया है। घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए गए हैं।

आबकारी टीम ने शराब की दुकानों में की चेकिंग

शाहजहांपुर, अमृत विचार: आबकारी टीम ने गुरुवार को शहर में शराब की दुकानों की चेकिंग की। टीम ने सेल्समैन को हिदायत दी है कि दुकान के आस-पास शराब का सेवन न कराए। आबकारी निरीक्षक सौरभ यादव व तिलहर आबकारी निरीक्षक गिरिजेश ने सदर और तिलहर में स्थिति देशी व विदेशी मदिरा की दुकान को जांच की और रजिस्टर से शराब की बोतल का मिलान किया। सेल्समैन, ढाबों और होटल मालिक को भी हिदायत की कि शराब का सेवन न कराए। इसके अलावा टीम ने अजीजगंज, अब्दुल्लागंज, निंगोही, विरसिंहपुर में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब ओर 150 लीटर लहन बरामद की। पुलिस ने मौके पर लहन को नष्ट कर दिया। टीम में धमेंद्र सिंह, संदीप यादव, मनीष और अरविंद शामिल रहे।

आधुनिक भारत के निर्माण में विज्ञान की अहम भूमिका

पुरस्कृत किए गए बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का प्रदर्शन करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुई विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी
- दो वर्गों में कराया संपन्न, 45 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर पेश किए मॉडल

अमृत विचार: शहर के इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कई मॉडल प्रस्तुत किए। जिनको काफी सराहा गया।

प्रदर्शनी दो वर्गों में संपन्न कराई गई। जूनियर वर्ग कक्षा छह से आठ और सीनियर कक्षा नौ व 10 का रहा। बच्चों ने अपने -अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में 24 और सीनियर वर्ग से 14 मॉडल प्रस्तुत किए गए। करीब 45 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया7 जूनियर वर्ग में फबेहा फईम प्रथम, हमदान अशरफ द्वितीय, फैज खान तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में बुशरा बेग प्रथम, अलीना द्वितीय और अनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों में दो-दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रदर्शनी की शुरुआत बतौर अतिथि ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कराई। निर्णायक मंडल में लक्ष्मीकांत शर्मा, चंद्रपाल गंगवार रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मौके पर प्रबंधक इकबाल हसन खां, मुम्ताज अहमद, अयाज अहमद, सखावत उल्ला खां, सैयद शारिक अली, कमाल शम्सी, असद अली, मधु सक्सेना, रजनी सक्सेना, वसीमउद्दीन खां, अफसार अहमद आदि मौजूद रहे।

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह

B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

न कोई इंजेक्शन न कोई गोली

शुगर का रामबाण आयुर्वेदिक इलाज मात्र 50 रु. प्रतिदिन

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक:-1 दिसंबर 2024, रविवार

15 दिसंबर 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463

7599211076

पहले दिन नहीं कराया किसी ने नामांकन

नपा चेयरमैन उपचुनाव, तीन नामांकन पत्र बिके

नामांकन स्थल पर लगाया गया बैरियर। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलियाकलां

● बेरिकेडिंग कर की गई कड़ी सुरक्षा, पुलिस रही तैनात

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद के लिए उपचुनाव में गुरुवार से मत पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। पहले दिन तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, हालांकि कोई नामांकन नहीं हुआ। नामांकन प्रक्रिया को लेकर तहसील परिसर में प्रवेश गेट पर ही बैरियर लगाया गया है, जिस पर पुलिस मुस्तैद है।

नगर पालिका परिषद पलिया के अध्यक्ष पद के लिए 17 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं कराया। हालांकि चुनाव तीन लोगों ने नामांकन पत्र अवश्य खरीदे। प्रशासन द्वारा तहसीलदार कोर्ट को ही नामांकन आदि कार्य के लिए तैयार किया है, जिससे कोर्ट के बाहर बेरिकेडिंग कर दी कई है। साथ ही बैरियर भी लगा दिया गया है, जिस पर पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है।

रिटर्निंग ऑफीसर भारत प्रसाद ने बताया कि नामांकन तिथि के पहले दिन तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं दिवंगत चेयरमैन केबी गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क शुरू कर दिया है। कांग्रेस, सपा और बसपा का टिकट पाने को भी कई नए पुराने चेहरे पार्टी पदाधिकारियों से संपर्क साधने में जुट गए हैं।

कॅरियर गाइडेंस मेले में बताई गईं रोजगार की योजनाएं

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद क्षेत्र के अजान स्थित राजकीय हाई स्कूल में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन कर विद्यार्थियों को उनके सपनों को समझने, करियर योजना बनाने और सही दिशा में अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया। मेले का आरंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम, विशिष्ट अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी सुभाष सिंह ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को कॅरियर से संबंधित परामर्श देकर शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य वंदना वर्मा ने आभार व्यक्त किया। अजान चौकी इंचार्ज जयप्रकाश यादव, रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा, अर्चना वर्मा, रूपाली वर्मा, तस्नीम कैसर, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।

अग्निपीड़ितों को समाजसेवियों ने दिए बर्तन और खाद्यान्न

अग्निपीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

संवाददाता,मितौली

● भट्ठा नयापुरवा गांव में मंगलवार को अग्निकांड में 27 आशियाने राख हो गए थे

अमृत विचार: कड़ाके की ठंड के बीच सरकारी त्रिपाल के नीचे जीवन गुजारने को विवश अग्निपीड़ितों की मदद में जब प्रशासन सामने नहीं आया तो समाजसेवियों ने आगे बढ़कर उनकी मदद की। बर्तन से लेकर राशन किट का वितरण किया।

मंगलवार की दोपहर बाद ग्राम पंचायत ग्रंट इनायत चीफ के गांव भट्ठा नयापुरवा में भीषण आग लग गई थी। आग की लपटों ने पल भर में 27 घरों को अपनी आगोश में ले लिया था। हालात यह थे कि अधिकतर लोग अपने घरों से तिनका भी नहीं निकाल पाए थे। उनके तन पर जो कपड़े थे। वही बच गए। घरों में रखा राशन, कपड़ा, बर्तन, जेवर, नगदी, कृषि यंत्र, साइकिल, बाइक आदि आदि जलकर नष्ट हो गया था। इससे अग्नि पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए थे। पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर और तहसील प्रशासन ने मदद के नाम पर एक-एक हजार रुपये और एक-एक त्रिपाल दिया था। इसके बाद कोई भी सरकारी नुमाइंदा गांव में झांकने तक नहीं आया।

अग्निपीडित पत्नी व बच्चों के साथ कड़ाके की ठंड में त्रिपाल के नीचे गुजर बसर करने को मजबूर हैं। अनाज और बर्तन जल जाने से उन्हें खाने के भी लाले पड़े हैं। गुरुवार को समाजसेवियों ने प्रत्येक परिवार को चार-चार थालियां व खाद्य सामग्री का वितरण किया है। सचिन सिंह, नितिन, रजनीश श्रीवास्तव, सरदार अजित सिंह बग्गा, खमरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर, गुफरान सिद्दीकी आदि समाजसेवी शामिल रहे।

गन्ना विकास समिति में सचिव व एससीडीआई की कुर्सी खाली

संवाददाता, भीरा, अमृत विचार: सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा में पांच माह से सचिव एवं वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक की कुर्सी खाली है। इससे किसानों को समय पर खाद सहित अन्य कृषि उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं। वही छूट गए गन्ना सर्वे एवं चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति के लिए पर्ची न मिलने की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है। किसान गन्ना विकास परिषद के चक्कर लग रहे हैं।

● गन्ना सर्वे एवं पर्ची न मिलने की शिकायतों का नहीं हो रहा समाधान

जुलाई माह में सचिव को हटाने के बाद अब तक किसी की पोस्टिंग नहीं की गई है। एससीडीआई का तबादला कर पलिया समिति के सचिव का चार्ज दे दिया गया है। ऐसी हालत में गन्ना विकास समिति के यह दोनों पद रिक्त होने से गन्ना किसानों की गन्ना आपूर्ति संबंधी समस्याएं हल नहीं हो पा रही है। गन्ना विकास समिति अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह का कहना है कि उच्च स्तर से इस गन्ना विकास समिति में अटैचमेंट का खेल खेला जा रहा है, जिसमें 70 किलोमीटर दूर के फरधान के सचिव को यहां अटैच कर दिया गया है, जो सप्ताह में दो दिन बैठते हैं। इससे किसानों की परेशानी बढ़ी है। वे लगातार जिला गन्ना अधिकारी से यहां पूर्णकालिक सचिव एवं वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर डीसीओ खामोश हैं।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic TM
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

लखीमपुर महोत्सव में शिव विवाह की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार


शिव तांडव पेश करता कलाकार। ● अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

छोटी काशी में सजी गीत-संगीत, नृत्य की शानदार महफिल

लखीमपुर महोत्सव में कलाकारों ने शिव विवाह , शिव तांडव से लोगों को किया मुग्ध, लोकगीतों के भी रंग बिखरे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव के तीसरे दिन नगर के राजेंद्र गिरि स्टेडियम में गीत-संगीत की महफिल सजी। आध्यात्मिक शांति का केंद्र थीम पर कलाकारों ने शिव-पार्वती विवाह प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया।

जिला प्रशासन व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, सोसाइटी अध्यक्ष आशीष सिंह डब्बू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में रविशंकर एंड पार्टी के कलाकारों ने लहर लहर लहराए तिरंगा लड़कर कोई पार न पाया मेरे हिंदुस्तान से, धरती सुनहरी अंबर नीला हर मौसम रंगीला, हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए, भोजपुरी कलाकार रामपाल निषाद, महक और आरोही ने मेरा जिला लखीमपुर सिंगापुर बनेगा आदि गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

एसडीएम ने प्रेम पुजारी फिल्म का फूलों के रंग से, दिल की कलम से, तेरा मेरा प्यार .... गीत गाकर समां बांध दिया। गोला शिव मंदिर पर महेन्द्र सिंह ने आध्यात्मिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। चंद्रकान्त भारद्वाज ने साथी कलाकारों के साथ शिव तांडव नृत्य, सचिन अवस्थी ने मयूर नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जिले के नामचीन कलाकार उमेश तिवारी ने साथी कलाकारों के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर माहौल में रंग भर दिया।

कलाकार को सम्मानित करते डीएम और एसपी, साथ में विधायक अमन गिरि और चेयरमैन विजय शुक्ला। ● अमृत विचार

पांच युवाओं को सम्मानित किया

अतिथियों ने कलाकारों एवं महोत्सव में अपना योगदान देने वाले पांच युवाओं को सम्मानित किया। लखीमपुर महोत्सव का लोगो (प्रतीक चिन्ह) डिजाइन करने वाले लखीमपुर के सोशलिस्ट कंपनी के संचालक प्रथम शुक्ला, अंकित श्रीवास्तव, गोला के स्थानीय तीन सोशल मीडिया एक्टिविस्ट विनायक श्रीवास्तव व सत्यम कनौजिया, सूरज दिवाकर को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

लखीमपुर महोत्सव कला, संस्कृति का अभूतपूर्व प्रकल्प : अमन गिरि

विधायक अमन गिरि ने कहा कि जिलाधिकारी की पहल पर आयोजित "लखीमपुर महोत्सव" जिले की कला और संस्कृति के प्रति आमजन को जागरूक करने का अभूतपूर्व प्रकल्प है। महोत्सव का बेहतर ढंग से पांच अलग-अलग स्थानों पर आयोजन हो रहा। यह महोत्सव प्रतिभाओं की कला को प्रदर्शित करने का मंच है।

स्थानीय प्रतिभाओं को कला के प्रदर्शन का मिला मौकाः डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले में पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव से पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। 30 स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिला। एक ही स्थान पर महोत्सव का आयोजन कराने की परंपरा से हटकर पांच अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कराया जा रहा है।

गंगा अवतरण की प्रस्तुति ने मनमोहा

मंच पर गंगा के अवतरण की कथा को नृत्य के जरिए कलाकारों ने पेश किया। उर्मिला पांडे की अगुवाई में कलाकार अपर्णा विजय, आशी शुक्ला, पिंकी सरोज, हिमानी सिंह, उपासना भास्कर, मल्खान सिंह, अनुभव श्रीवास्तव, लवकुश कुमार ने दर्शाया कि भागीरथ के प्रयासों से किस तरह मां गंगा को शिव की जटाओं से धरती पर लाया गया। नृत्य नाटिका का लेखन प्रेक्षा श्रीवास्तव, परिकल्पना व नृत्य निर्देशन रॉनी सिंह जी ने किया।

मुन्ना जादूगर का रोमांचक मैजिक शो

संस्कृति विभाग में पंजीकृत मुन्ना जादूगर ने अपने हैरतअंगेज कारनामों से लोगों को रोमांचित किया। उनके जादू के कौशल और कल्पनाशीलता ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया।

तीन साल बाद होगी जिला योजना की बैठक तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिले के विकास का खाका खींचने वाली जिला योजना की बैठक तीन साल से नहीं हुई है। ऐसा भी नहीं है कि बैठक कराने का प्रयास नहीं किया गया। कभी प्रभारी मंत्री का समय न मिल पाने के कारण या किसी अन्य वजह से बैठक नहीं हो सकी। इस बार जिला योजना की बैठक का शासन ने निर्देश दिया तो प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में दो दिसंबर को हो सकती है।

जिला योजना का परिव्यय करीब 591 करोड़ रुपये है। प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बैठक के लिए दो दिसंबर का समय दे दिया है। इसके बाद बैठक की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय में उपलब्ध कराने को कहा है। बैठक में विभागीय परिव्यय के अलावा क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत की कार्ययोजनाओं को भी शामिल किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि जिला योजना के माध्यम से विभागों का जो परिव्यय पास किया जाता था, उसके अनुसार बजट मिलता था, लेकिन शासन विभागों को उनकी योजनाओं के अनुसार बजट दे रहा है। इस बार शासन ने जिला योजना की बैठक कराने का निर्देश दिया है। इसके बाद प्रभारी मंत्री से समय मांगा गया है। प्रभारी मंत्री दोपहर करीब पौने तीन बजे बैठक करेंगे। जिला योजना की बैठक के साथ ही प्रभारी मंत्री शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

दो महीने हो रहे, अभी भी सरकारी केन्द्रों पर सन्नाटा

राजापुर मंडी में आढ़तियों के यहां लगे धान के ढेर। ● अमृत विचार

राजामंडी में सूने पड़े धान खरीद के सरकारी सेंटर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● आढ़तों पर जमकर की जा रही है धान की खरीद

अमृत विचारः धान खरीद एक अक्टूबर से शुरू हुई थी जो 31 जनवरी तक होनी है, लेकिन अभी भी सरकारी केन्द्रों पर सन्नाटा है, जबकि आढ़तों पर जमकर धान खरीद हो रही है।

जिले में धान खरीद का लक्ष्य 1, 95, 000 मीट्रिक टन है अभी तक सिर्फ 15 हजार मीट्रिक टन ही खरीद हो पाई है। इस तरह दस प्रतिशत भी धान खरीद नहीं हो सकी है। वजह है कि सरकारी केन्द्रों पर तमाम झंझट हैं, जबकि आढ़तियों के यहां आसानी से धान खरीद लिया जाता है।

राजापुर मंडी समिति सहित जिले के 137 केन्द्रों पर धान खरीद चल रही है। इन केन्द्रों पर सिर्फ 17 फीसदी नमी वाला धान खरीदा जा रहा है। सरकारी क्रय केन्द्रों पर सामान्य धान 2300 रुपये और ग्रेड ए वाला धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। वहीं आढ़तिया 1800 से 1900 रुपये में धान खरीद रहे हैं। इससे किसानों को सरकारी रेट से कम कीमत मिल रही है। सरकारी सेन्टरों पर धान बेचने के लिए किसानों को नियमों के तमाम झंझटों से सामना करना पड़ता है। इससे बचने और नगद भुगतान के लिए किसान आढ़तों पर अपनी उपज को बेचने के लिए मजबूर हैं।

वहीं सरकारी केन्द्रों पर किसानों की संख्या नगण्य होती है। उच्चाधिकारियों के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी बहानेबाजी करते नजर आते हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष पटेल का दावा है कि क्रय केन्द्र प्रभारी और लेखपाल किसानों से लगातार संपर्क कर सरकारी केन्द्रों पर ही धान बेचने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत धान खरीद की जाएगी।

> लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद करने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक करीब 15 हजार मीट्रिक टन धान खरीद की जा चुकी है। सरकारी केन्द्रों पर किसानों को लाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। धान खरीद का भुगतान किसानों के खाते में 24 घंटे के अंदर भेज दिया जाता है। अब किसानों की संख्या भी बढ़ रही है।
> **-संतोष पटेल,** डिप्टी आरएमओ

चौकीदार को पीटकर किया घायल, पत्नी ने दी तहरीर

पलिया कलां, अमृत विचार : पेट्रोल पंप की चौकीदारी कर रहे युवक को प्राइवेट बस सर्विस के मैनेजर ने पीटकर घायल कर दिया। युवक की पत्नी ने नामजद तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला किसान प्रथम निवासी रश्मि ने पलिया कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पति अनुज शुक्ला उर्फ दीपू को 27 नवंबर की देर शाम बस मैनेजर बलविंदर ने लोहे की राड से बुरी तरह पीट कर बेहोशी की दशा में पहुंचा दिया, जिससे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वह पति को सीएचसी पलिया लाई जहां गंभीर दशा देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रामीणों को बताए बाघ और तेंदुआ से बचाव के उपाय

कुकरा, अमृत विचार : बाघ और तेंदुआ से बचाव के लिए रेंजर ने अपनी टीम के साथ कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को उनसे बचाव के लिए जागरूक किया। वन रेंज मैलानी के रेंजर साजिद हसन अपने स्टाफ के साथ जटपुरा, सलेमपुर, पहाड़नगर, ढाका सहित कई गांवों का भ्रमण कर चौपाल लगाकर लोगों को बाघ और तेंदुआ से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इनके दिखाई पड़ने पर तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करें। जंगल के पास खेतों पर अकेले न जाएं और समूह के रूप में हाका लगाते हुए साथ में कुत्ता आदि लेकर जाएं। रेंजर ने वन रक्षक हरेंद्र सिंह और वन वीट के वाचरों को भी क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

136 परीक्षा केंद्र निर्धारित, 94406 परीक्षार्थी होंगे शामिल

लखीमपुर खीरी : माध्यमिक शिक्षा परिषद की अगले साल होने वाली बोर्ड परीक्षा 136 विद्यालयों में होगी। 94,406 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इससे पहले प्रस्तावित 135 केंद्रों को लेकर 52 आपत्तियां आई थी। इनका निस्तारण करने के दौरान प्रस्तावित 10 केंद्रों को समाप्त कर 11 नए स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल में कुल 49837 छात्र-छात्राएं और इंटरमीडिएट के लिए 44569 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया गया है।

गोला के बच्चे स्केटिंग मैराथन के टॉप टेन में

आगरा में टापटेन में चयनित बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः आगरा में आयोजित द ग्रेट स्केटिंग मैराथन रन ऑन व्हील्स 2.0 में उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी के अपूर्व कृष्ण वर्मा, जयति गुप्ता, मनरीत कौर, कुमार आदित्य, मुबैशरा, श्रेयांश शेखर सिंह पटेल, मनकप्रीत सिंह, ट्विश गुप्ता, तनया गुप्ता, अर्नव सक्सेना और जीडी गोयनका स्कूल के गुरवीन, गुरवंश सिंह, प्रभसरण सिंह, हरजोत सिंह, मेहर इंदर सिंह, आदित्य राज, आरव शर्मा आदि बच्चों ने टॉप 10 में जगह बना ली।

स्केटिंग कोच हर्ष अवस्थी ने बताया कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत और उनके आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि उनके जिले के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं और आज उनका प्रदर्शन इस सपने को साकार कर रहा है। बच्चों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह और गर्व की लहर है। अभिभावकों और स्कूल प्रशासन ने भी हर्ष अवस्थी के प्रयासों की सराहना की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री राम बहादुर साहू निवासी चौधरी सराय गली तिलपुरा बदायूं दिनांक 09.07.2024 को मेरी पुत्रवधू रंजना साहू पत्नी प्रदीप साहू किसी व्यक्ति के साथ घर से चली गयी थी। रंजना साहू ने अपने पति को छोड़कर किसी दूसरे व्यक्ति के साथ शादी कर ली। रंजना साहू अपने पुत्र को भी साथ में ले गयी है। मैं अपनी पुत्रवधू रंजना साहू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा।

सूचना
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जहाँगीर खाँ पुत्र मुनीर हसन खाँ हाल नि0 बाटला हाउस दिल्ली को उसके गलत आचरण, व्यवहार से तंग आकर एक वर्ष पूर्व सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। भविष्य में मोहम्मद जहाँगीर के किसी भी कृत्य लेन-देन से मेरा या मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुनीर हसन खाँ, पुत्र श्री अमीर हसन खाँ, नि0 शाहबाद-बरेली।**

सूचना
मत्स्य जीबी लिमिटेड समिति चकदहा के गठन हेतु दिनांक 29.11.2024 को दोपहर 12:30 बजे शुक्रवार को ग्राम पंचायत चकदहा में बैठक होना निश्चित है। समस्त ग्रामवासी प्रतिनिधित्व हेतु आमंत्रित हैं। **अध्यक्ष राम कुमार पुत्र प्रसादी विकास खण्ड ईसानगर, तहसील धौरहरा, जनपद लखीमपुर खीरी।**

सूचना
I, Anahita Singh D/O Mr. Sanjay Kumar Singh, In my class 10th documents, by mistake my father's name is printed as Mrs. Usha Singh and my mother's name is printed as Mr. Sanjay Kumar Singh. My father's name is Mr. Sanjay Kumar Singh and my mother's name is Mrs. Usha Singh.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : क्षेत्र में अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना में थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव भल्लिया बुजुर्ग निवासी मंजूर अली और सिंगहा गांव निवासी रोहित कुमार घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया, जहां मंजूर अली की हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दो किलो 30 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

औरंगाबाद, अमृत विचार : चौकी इंचार्ज अनूप मिश्रा ने बताया कि वह बुधवार की शाम गश्त कर रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिराज उर्फ गिलहरी (28) निवासी मोहल्ला पठनौधा कस्बा औरंगाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के हाथ में पकड़े झोले की तलाशी लेने पर उसमें 02 किलो 30 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर अपराधी है। उस पर पहले से ही करीब छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

पलिया कला, अमृत विचार : चंदन चौकी से गुरुवार को पलिया आ रहे एक व्यक्ति की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक चंदनचौकी निवासी बालक राम राना, श्याम सती, राम किरण व डेढ़ वर्षीय बच्चा श्रेयांश घायल हो गया। घायलों को सीएचसी से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

गन्ना किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा कि पंजाब सरकार ने गन्ना मूल्य 401 रुपए प्रति क्विंटल घोषित

किया है। पंजाब की चीनी मिलों को कोई घाटा नहीं है और समय से भुगतान भी हो रहा है। उत्तर प्रदेश में गन्ने के दाम नहीं बढ़ाए गए, मजदूरों ने छिलाई और वाहन संचालकों ने गन्ना ढुलाई का भाड़ा बढ़ा दिया। कहा कि गन्ना लागत बढ़ गई है। गन्ना छिलाई भाड़े में 20 रुपया प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसे में गन्ना मंत्री का मामूली गन्ना बढ़ोतरी का बयान आया है, जिससे किसान आहत हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को गन्ना किसानों की समस्याओं के विषय में भी सोचकर समय से भुगतान कराना चाहिए सिर्फ चीनी मिल के शुभचिंतक बनकर काम नहीं चलेगा। गन्ना मूल्य की मामूली बढ़ोतरी से चीनी मिल से ज्यादा महंगा क्रेसर और कोल्हू गन्ना खरीद करेंगे जो पिछले वर्ष भी 400 रुपया प्रति क्विंटल तक गन्ना खरीद की, जिससे मिलों को गन्ना कम मिला।

1990 में बनना शुरू हुआ, आज तक बन न सका पुल

वर्षों से हवा में लटक रहा सुजई कुंडा का पुल, दर्जनों गांवों के हजारों लोग उठा रहे परेशानी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में गांजर की तस्वीर आज भी वैसी ही है, जैसी ब्रिटिश शासन में थी। वानगी के तौर पर धौरहरा व सुजई कुंडा गांव के बीच अधूरा खड़ा पुल और यहां से गुजरते गांव वाले हैं। जनप्रतिनिधि इसके लिए अपने प्रयास गिनाते नहीं थकते, लेकिन आज तक न तो यह पुल बन पाया और न ही सड़क। ग्रामीण हवा में टंगे इस पुल को वर्षों से देख रहे हैं और आने-जाने में परेशानी उठा रहे हैं।

तहसील धौरहरा में 1990 के दशक में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में गांजर क्षेत्र में पुल का निर्माण शुरू कराया गया था, लेकिन बरसात में रास्ता कट गया और फिर यह पुल भी ऐसे ही टंगकर रह गया। इसके बाद किसी भी सरकार ने इस पुल की ओर ध्यान नहीं दिया। इस मार्ग से सुजई कुंडा, पंडित पुरवा, मंगरौली, सोनारनपुरवा, टपरापुरवा, गोसाइनपुरवा, हरसिंगपुर, भटपुरवा, बिन्जहा, महतवपुरवा, धारीदासपुरवा, लहसुरिया सहित करीब 15 गांवों के लोग गुजरते हैं। इन गांवों में आबादी करीब 60 हजार है। पुल तो वैसे भी अधूरा पड़ा है, बाढ़ में सड़क कटने से उन्हें और ज्यादा दिक्कत हो रही है। आलम यह है कि यहां यदि कोई बीमार हो जाए तो एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच सकती। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेताओं को पुल की याद आती है। इसके बाद पुल के बारे में पूछो तो सिर्फ आश्वासन मिलता है। पुल बन जाए तो इस क्षेत्र को नया जीवन मिल जाएगा।

धौरहरा-सुजईकुंडा के बीच हवा में टंगा पुल। ● अमृत विचार

● **जनप्रतिनिधि और सरकारें बदलती रहीं, नहीं बदली गांजर की तस्वीर**

माननीयों ने कही अपनी बात

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सुजई कुंडा के पास जो पुल बना है, वह निष्प्रयोज्य हो चुका है। विधायक बनने के बाद उन्होंने पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा है। उम्मीद है कि जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी।वहीं दो बार सांसद रह चुकी रेखा वर्मा इस मसले पर अब कुछ भी नहीं कहना चाहतीं। इस बार जनता ने उन्हें नकार दिया। पुल की बाबत पूछे जाने पर वह कन्नी काट गईं।

ग्रामीणों ने व्यक्त की अपनी पीड़ा

सुजईकुंडा निवासी 70 वर्षीय शत्रोहन लाल का कहना है कि वह जबसे समझदार हुए तभी से यहां की समस्या को देख रहे हैं। जब चुनाव आता है तक नेताओं को इन रास्तों और पुलों की याद आती है। चुनाव के बाद सभी भूल जाते हैं।

72 वर्षीय सोबरन लाल का कहना है कि जब यह पुल बनना शुरू हुआ तो सभी को उम्मीद थी कि अब बरसात के दिनों में नाव का सहारा नहीं लेना पड़ेगा, लेकिन पुल नहीं बन पाया। यहां के लोग अपनी नियति ही ऐसी दुर्दशा में गुजरने की मान बैठे हैं।

बारिन टोला निवासी 65 वर्षीय आशाराम बताते हैं कि कांग्रेसी विधायक के बाद किसी ने भी इस पुल को बनवाने पर ध्यान नहीं दिया। आश्वासन तो सभी देते रहे, लेकिन निर्माण कोई नहीं करा पाया। वह तो इस पुल को लेकर नाउम्मीद हो चुके हैं।

चुनाव जीतने के बाद इस पुल की समस्या का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दिया था। उनके प्रस्ताव पर विचार किया गया। दो महीने पहले सर्वे के लिए आई टीम रास्ते और पुल का निरीक्षण कर चुकी है। यह पुल मेरी प्राथमिकता में है। – **आनंद भदौरिया, सांसद**, धौरहरा

वास्तव में सुजई कुंडा मार्ग पर पुल न होने से दिक्कत है। बरसात में सड़क कटने की सूचना मिली थी। बीडीओ रमियाबेहड़ को सड़क ठीक कराने के लिए कहा गया है, जल्द सड़क ठीक कराई जाएगी।

–**राजेश कुमार**, एसडीएम धौरहरा

पराली जलाने की घटनाएं कम गांवों में लगे पुआल के ढेर

खलिहान में लगे पुआल के ढेर। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचार: अधिकारियों के दिशा निर्देश और कृषि विभाग के जिम्मेदारों की कड़ी निगरानी से अरसे बाद खेतों में बदलाव आया है। इस बार पराली जलाने की बहुत कम खबरें आईं। जबकि क्षेत्र के अधिकांश भूभाग में धान की खेती हुई थी। इस बार किसानों ने पुआल के ढेर लगाए हैं।

प्रशासन एवं अधिकारियों द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया गया, इसे ठिकाने लगाने के विकल्प बताए गए। खेतों में रोटावेटर, हैप्पी सीडर, स्ट्रा रीपर का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। वेलर मशीन से खेतों में पराली समाप्त करने के लिए किसानों को बताया गया, जिसका फायदा यह हुआ कि किसानों ने पराली, पुआल खेतों में न जलाकर खलिहानों में ढेर लगा दिया। पराली को खेतों में सडाने से सल्फर की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे फसलों पर रोग का प्रकोप कम होता है। जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने कहा कि प्रशासन की पहल के साथ ही अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक किए जाने से पराली जलाने पर काफी रोक लगी। जो पर्यावरण के लिए अच्छी बात है।

एसपी के हस्तक्षेप पर ठगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: छह लाख रुपये का लालच देकर महिला के जेवर ठगने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस एसपी के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आई और पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

बता दें कि 24 नवंबर को गढ़ी रोड स्थित गोकुलपुरी निवासी शारदा देवी सब्जी लेकर अपने घर जा रही थीं। रास्ते में टुन्नू सिंह चौराहा पर एक महिला और दो युवक मिले।एक झोला देते हुए कहा कि उसमें छह लाख रुपये हैं। इसे अपने पास रख लो। हम लोग खाना खाकर आ रहे हैं। तब आपसे ले लेंगे। इसके बदले में आरोपियों ने उनकी सोने की चूड़ियां और अंगूठी उतरवा कर ले ली और चले गए। काफी देर तक जब तीनों वापस नहीं आए तो शारदा ने झोला खोलकर देखा, उसमें कागज के टुकड़े मिले थे। शारदा ने कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जांच की बात कहते हुए उसे टहलाती रही। इससे नाराज पीड़िता बुधवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा से मिली थीं। आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक सदर को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपराध निरीक्षक हरि प्रकाश ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

● **छह लाख का लालच देकर महिला से जेवर ठगने का मामला**

कुकरा टाउन की सहकारी समिति पर नहीं आई डीएपी

संवाददाता, कुकरा

अमृत विचार: कुकरा टाउन की किसान सेवा सहकारी समिति पर डीएपी और एनपीके खाद उपलब्ध न होने से किसान दर दर भटक रहे हैं। उन्हें मजबूरन दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है, जिसमें गुणवत्ता की भी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में रबी की बुवाई लेट हो रही है।

क़स्बा कुकरा की किसान सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों के काफी संख्या में किसान गेहूं, गन्ना, मटर, मसूर, आलू आदि फसलों की बुबाई करते हैं। उन्हें खेत में डालने के लिए पोटेसियम, ज़ाईम, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके 12:32:16, इफको एनपीके20:20:0:13 के अतिरिक्त डीएपी की जरूरत पड़ती है। रबी की बुवाई के समय समिति पर डीएपी, एनपीके खाद की किल्लत किसानों के लिए मुसीबत बनी है।

● **भटक रहे किसान, दुकानों से महंगे दाम पर खरीदकर चला रहे काम**

सहकारी समिति कुकरा में लगा ताला। ● अमृत विचार

फास्फेटिक खादों की कोई दिक्कत नहीं

बांकेगंज। स्थानीय ग्रंट नंबर 10 सहकारी समिति के प्रबंध निदेशक शिवपाल वर्मा ने बताया कि पिछले 15 दिनों में यूरिया 29 .250 मीट्रिक टन, डीएपी 60 मीट्रिक टन, एनपीके 32 .500 मीट्रिक टन आई है। निरंतर किसानों को देने के बाद अभी भी 28 .710 मीट्रिक टन यूरिया तथा 7 .700 मीट्रिक टन डीएपी मौजूद है। एनपीके नहीं है, परन्तु वह भी जल्द ही आ जाएगी। उनके क्षेत्र के किसानों को फास्फेटिक खादों की कोई दिक्कत नहीं है।

ग्रामीणों ने कहा

कुकरा के किसान रज़ा मोहम्मद खान का कहना है कि सहकारी समिति पर डीएपी, एनपीके खाद का उपलब्ध न होना किसानों के लिए चिंता का विषय है। फसलों के उत्पादन पर असर पड़ेगा।

जटपुरा के किसान कुलदीप कुमार ने कहा कि गेंहू, गन्ना, मसूर, आलू, मटर की बुवाई के लिए डीएपी, एनपीके के लिए वहसमिति के चक्कर लगा रहे हैं, जिससे बुवाई पिछड़ रही है।

जटपुरा के प्रधान जनक यादव का कहना है कि कुकरा समिति के अतिरिक्त अन्य खाद कि दुकानों पर डीएपी, एनपीके खाद है। समिति से जुड़े किसानों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

हज़रतपुर के किसान हरजिन्दर सिंह ने कहा कि दुकानों पर खादें महंगी दरों पर बेची जा रही हैं। उनकी गुणवत्ता की भी कोई गारंटी नहीं है। किसान ठगे जा रहे हैं। उन पर किसी का ध्यान नहीं है।

समिति पर डीएपी रबी के मौसम में नहीं आई है। एनपीके 12 :32 :16, 17 नवम्बर से नहीं है। इफको एनपीके 20 :20 :0 :13 किसानों को उपलब्ध कराने के लिए चेक भेज दिया है। खाद आने पर किसानों में वितरित की जाएगी।

–**अमित वर्मा**, एमडी बीपैक्स कुकरा टाउन।

खेलकूद में बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बांकेगंज

अमृत विचार: खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार की देखरेख में हुई ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कुकरा के तस्लीम प्रथम, कुकुहापुर के आकाश द्वितीय और भुड़वारा के शादान तृतीय, बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मीपुर खुटार की कामिनी प्रथम, महुरेना की प्राची द्वितीय, जमुनहा की प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में लक्ष्मीपुर खुटार के आरिफ प्रथम, कुकुहापुर के आकाश द्वितीय, लैलूननगर के शोहित चौहान तृतीय, बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में महुरेना की रोशनी प्रथम, भुड़वारा की अर्शिफा द्वितीय, लक्ष्मीपुर खुटार की दुर्गा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी बालक वर्ग की दौड़ में कुकुहापुर के आकाश प्रथम, लक्ष्मीपुर खुटार के जलज द्वितीय, लैलूननगर के शोहित चौहान तृतीय, बालिका वर्ग में खंजनपुर की खुशबू प्रथम, भुड़वारा की अर्शिफा द्वितीय, लक्ष्मीपुर खुटार की श्रुती तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी में मैलानी का दबदबा रहा। खो खो में लक्ष्मीपुर खुटार की टीम विजेता रही।मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत आरिफ खान, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष गिरि, विपिन वर्मा, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय गौतम, योगेंद्र शर्मा, अटेवा अध्यक्ष सुनील कुमार, आरएसएम अध्यक्ष सुभाष सक्सेना, विनीत सिंह भदौरिया, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष रचना पांडे, एआरपी मुकेश वर्मा, अरविंद मिश्रा, अनूप पांडेय आदि मौजूद रहे।

अर्कवंशी समाज ने मनाई महाराजा सल्हीय सिंह की जयंती

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी की जयंती अहमदनगर के कैपिटल कॉलेज में शिव पाल सिंह अर्कवंशी की अध्यक्षता में मनाई गई।

महिला जिला अध्यक्ष एचडी सिंह अर्कवंशी ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा दहाड़ेगा। लड़कों के साथ लड़कियों को भी पढ़ाने के लिए लोगों को आगे आना होगा। लड़कियां दो घरों को संभालती हैं। पहला मायका, दूसरा ससुराल। संचालन अर्कवंशी शिवभगवान रघुनायक ने किया। विशिष्ट अतिथि संजय सिंह अर्कवंशी, इंज़ीनियर दीपक रघुनायक अर्कवंशी, सह आयोजक अर्कवंशी रमाशंकर शास्त्री, रिंकू अर्कवंशी, सुभाश, राजेश अर्कवंशी, पिंटू, बबलू सिंह अर्कवंशी, अनिल सिंह अर्कवंशी, नीलम, अंकित सिंह, दीपक, सुनील, सूरज, शिवकुमार, जगदीश प्रसाद, दीपक सिंह, राजेश सिंह, विद्यालय प्रबंधक पटेल अंकित वर्मा, महिला मंच की सीमा देवी अर्कवंशी, आरती देवी अर्कवंशी, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

अहमदनगर के स्कूल में जयंती समारोह में शामिल लोग। ● अमृत विचार

अजबापुर मिल ने 25 नवंबर तक का भुगतान भेजा

पसगवां, अमृत विचार: अजबापुर चीनी मिल ने 25 नवम्बर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है।

इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल ने 19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक खरीदे गये 9.42 लाख कुंतल गन्ने का 36.53 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है, जिससे 17 हजार 100 किसान लाभान्वित हुए हैं। अब तक कुल भुगतान 147 करोड़ 23 लाख रुपए किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चीनी मिल किसानों का एक एक गन्ना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपना गन्ना कोल्हू क्रेशर पर न बेचें। चीनी मिल में साफ व ताज़ा गन्ना आपूर्ति करने एवं अर्ली पर्ची पर अर्ली गन्ना ही आपूर्ति करें।

सार-संक्षेप

समिति की बैठक में उर्वरक की उपलब्धता पर मंथन



मैलानी, अमृत विचार : किसान सहकारी समिति के कार्यालय में समिति की सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुत्रवधू को सम्मानित कर खाद की उपलब्धता पर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने की। बैठक में सदस्यों और किसानों ने उर्वरक की उपलब्धता की मांग की। सचिव धनेश कुमार शुक्ला ने शीघ्र खाद की कमी दूर करने की बात कही। वार्षिक अधिवेशन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित विष्णु स्वरूप भारती की पुत्रवधू मायादेवी को सम्मानित किया गया। शिक्षक राजेश सिंह, मनीष कुमार मिश्रा, शिव गोविंद कुशवाहा, हरिहर दत्त मिश्रा, जलीस अहमद, डॉ दिलीप सिंह, प्रदीप मिश्रा, राजेश सिंह, विवेक मिश्रा, बगीचा सिंह, दिलबाग सिंह, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

पाइप लाइन को खोदी सड़क, गड्ढों में भरता है पानी

संवाददाता, मोहम्मदी अमृत विचार : गांव जमुका में पेयजल लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की कार्यदायी संस्था ने मरम्मत नहीं कराई। इससे सड़क पर हुए गड्ढों में पानी भरने से लोगों का आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पसगवां ब्लाक क्षेत्र के गांव जमुका में पेयजल की आपूर्ति हेतु पाइप लाइन डालने के लिए कार्यदायी संस्था ने सड़कों व गलियों में खोदाई की थी, । काम पूरा होने के बाद मरम्मत नहीं कराई इससे सड़कों और गलियों में गड्ढे हो गए और नालियों का पानी इनमें भरने लगा। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ब्लाक मुख्यालय जाने वाले मार्ग पर जलभराव के कारण पूर्व प्रधान रामनरेश द्विवेदी के मकान के पास सड़क धंस कर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे चीनी मिल जाने वाली गन्ना भरी ट्रालियां हादसे का शिकार हो सकती हैं।

तहेरी बनाकर विजेता बनी रसोइया पूनम

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता हुई। इसका आयोजन बीएसए कार्यालय परिसर में हुआ। प्रतियोगिता की विजेता कम्पोजिट विद्यालय सकेथू की रसोइया पूनम देवी रही। बीएसए कार्यालय के एमडीएम प्रभारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता में 15 ब्लाक के 30 रसोइयां शामिल हुए। इन सभी ने विभिन्न मेन्यू जिसमें तहेरी एवं दाल चावल बनाया। निर्णायकों ने नकहा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय सकेथू की पूनम देवी को प्रथम, पलिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पटिहन की कलमी देवी को द्वितीय, बांकेगंज ब्लॉक के सावित्री देवी संविलियन विद्यालय भटपुरवा कॉलोनी को तृतीय विजेता घोषित किया।विजेताओं का चयन बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, स्वास्थ्य विभाग की डॉ. पूनम, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे, , खाद्य सुरक्षा अधिकारी रराम बाबू सोनकर, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान गिरजा शंकर पाण्डेय, आशू गुप्ता चीफ कुक आशीर्वाद होटल से प्राप्त अंकों के औसत के आधार पर चयन किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दुकान खोलकर सामान न देने पर मजदूरों ने व्यापारी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: दुकान खोलकर सामान न देने से नाराज तीन मजदूरों ने दुकान मालिक की जमकर पिटाई कर दी। उसके सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फूट गया। पुलिस ने तीन अज्ञात मजदूरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर की त्रिपाठी कॉलोनी निवासी दीपक अवस्थी ने बताया कि उसकी परचून की दुकान देवकली रोड चुंगी चौकी पर है। बुधवार की रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर रहा था। तभी पडोस के अंकित इंटरप्राइजेज पर काम करने वाले तीन मजदूर आए और दुकान खोलकर सामान देने को कहा। उसने कहा कि दुकान बंद हो चुकी है। आगे की दुकान पर जाकर ले लो। तीनों आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो पिटाई शुरू कर दी।

एक मजदूर ने सिर पर लोहे की रॉड मार दी जिससे उसका सिर फट गया । शोर शराबा होने पर तीनों आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। अपराध निरीक्षक सदर हरि प्रकाश ने बताया कि घायल व्यापारी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

● **सिर पर लोहे की रॉड से किया प्रहार, घायल**

● **पुलिस ने तीन अज्ञात मजदूरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की**

खाद्य विभाग ने निलंबित किया भैंस मांस बिक्री का लाइसेंस

पलिया कलां, अमृत विचार: नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला के नाम बना भैंस मांस बिक्री का लाइसेंस खाद्य सुरक्षा विभाग ने निलंबित कर लाइसेंस धारक को नोटिस जारी किया है।

पलिया में भैंस मांस बिक्री का नया लाइसेंस गुपचुप तरीके से जारी कर दिया गया था। लाइसेंस जारी होने के कुछ दिनों बाद विक्रेता ने बरेली से मांस मंगाकर बिक्री करना शुरू किया। भनक संगठनों को लग गई। उन्होंने शिकायत एसपी से की। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पलिया चौकी प्रभारी उदयवीर यादव को एनओसी जारी करने में भूमिका निभाने पर लाइन हाजिर कर दिया था। अब खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त बृजेंद्र शर्मा ने विक्रेता के लाइसेंस को निलंबित कर दिया है।

ट्रेन में अकेली महिला को सहेली दे रही सुरक्षा

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: ट्रेन में अकेली महिला यात्री के सफर को सुखद और भयमुक्त बनाने के लिए आरपीएफ की मेरी सहेली सेल काम कर रही है। उत्तर रेलवे में यह सेल जंक्शन से बनकर चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में सक्रिय है। बरेली जंक्शन से चलने वाली आलाहजरत और इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी यह सेल सक्रिय है, जो सफर के दौरान महिला की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखती है।

आईजी आरपीएफ अंबिका नाथ मिश्रा बताते हैं कि जहां से ट्रेन ओरिजनेट होती है। वहां से चढ़ने वाली महिला यात्रियों का संज्ञान लिया जाता है। जैसे दिल्ली से चलकर बिहार जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में कोई महिला अकेले सफर कर रही है तो चार्ट बनते ही उसका ब्योरा मिल जाता है। उसे मंडल स्तर पर मंडलीय सुरक्षा आयुक्तों को भेज दिया जाता है। बताया कि दिल्ली से कुछ देर के सफर के बाद मुरादाबाद मंडल शुरू हो जाता है, जिसका कार्यक्षेत्र मलिहाबाद के आगे और आलमनगर स्टेशन के पहले तक है। संबंधित महिला का ब्योरा सुरक्षा आयुक्त के पास जाते ही गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई सभी जगह की आरपीएफ उस महिला यात्री से जानकारी लेती रहेगी। रात में महिला यात्री को डिस्टर्ब नहीं किया जाता है, लेकिन शुरुआत में ही यात्री को इतना बता दिया जाता है कि किसी तरह की असुरक्षा और भय होने पर वह हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके सूचित कर सकती है। लखनऊ मंडल के सुरक्षा आयुक्त अपने कार्यक्षेत्र में निगरानी कराते हैं। इस तरह गंतव्य तक अकेली महिला की सुरक्षा मेरी सहेली सेल करती है। बताया कि बरेली जंक्शन से भुज तक जाने वाली आलाहजरत और बरेली से दिल्ली जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में मेरी सहेली सेल चल रही है।

● **आरपीएफ की मेरी सहेली सेल सुरक्षा का रखती है पूरा ख्याल**

● **जंक्शन से चलने वाली आला हजरत और इंटरसिटी में है सुविधा**

चार्ट बनाने के दौरान ही मिल जाती है जानकारी

रेलवे में सभी कुछ ऑनलाइन है। कौन महिला अकेली कहां से कहां तक जा रही है, इसकी जानकारी चार्ट बनने के दौरान आरपीएफ के पास आ जाती है। फिर ट्रेन चलने पर आरपीएफ की मेरी सहेली सेल की कर्मचारी संबंधित महिला यात्री के पास जाकर उसे बताती है कि वह अकेली नहीं है। उनके साथ मेरी सहेली सेल भी चल रही है। महिला को यात्रा के दौरान बरतने वाली सावधानियां बताने के साथ हेल्प लाइन नंबर दिया जाता है।

एक नजर

जुमे की नमाज और अदालत में सुनवाई के मद्देनजर अलर्ट

संभल, अमृत विचार : संभल में जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल में अलर्ट है। वहीं संभल शहर और चंदौसी न्यायालय परिसर में बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। संभल में 16 कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्र में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था कर सीमित संख्या में नमाजियों के जामा मस्जिद में नमाज अदा करने की रणनीति बनाई गई है। जामा मस्जिद के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाकर इस क्षेत्र की दिनभर ड्रोन से निगरानी की गई। अधिकारियों ने शाम को पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च किया। वहीं पीस कमेटी की बैठक में कमिश्नर और डीआईजी ने धर्मगुरुओं से शहर में शांति व्यवस्था के लिए मंथन किया। संभल में इंटरनेट पर पाबंदी अभी जारी है। वहीं पुलिस ने गुरुवार को बवाल में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दरोगा से लूटी गई पिस्टल की मैगजीन और तमंचे बरामद किए।

सपना चौधरी केस में 10 को होगी सुनवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : हरियाण की डांसर सपना चौधरी के केस की सुनवाई गुरुवार को नहीं हो सकी। न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई अब 10 दिसंबर को होगी। पांच साल पहले डांसर के मुरादाबाद में कार्यक्रम के दौरान हंगामा हो गया था। जिस मामले में केस चल रहा है। डांसर सपना चौधरी 11 जून 2019 को मुरादाबाद रेलवे स्टेडियम में आई थीं। उनके डांस कार्यक्रम के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। जिस कारण पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ीं। जिसमें लोगों को चोटें आई। मामले में रामेश्वर दयाल की ओर से कार्रवाई की मांग की गई। मामले में कार्रवाई न होने पर परिवादी ने अधिवक्ता वैभव अग्रवाल की ओर से सीजेएम कोर्ट में वाद योजित किया। इसकी सुनवाई एसीजेएम-दो में चल रही है। अधिवक्ता का कहना है कि आज न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

महामारी बनीं 25 बीमारियां तो आईवीआरआई करेगा जांच

वन हेल्थ मिशन के तहत चिह्नित की गईं सभी 25 बीमारियां

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : भारत सरकार के वन हेल्थ मिशन के तहत उन 25 बीमारियों को चिह्नित किया गया है जो कभी भी महामारी का रूप ले सकती हैं। महामारी बनने की स्थिति में देश की 22 बायो सेफ्टी लेवल- 3 (बीएसएल) लैब में इन बीमारियों की जांच की जिम्मेदारी निभाएंगी, इनमें आईवीआरआई भी शामिल है। इन बीमारियों में 19 मानवों में फैलने वाली हैं जबकि छह जूनोटिक यानी जानवरों से इंसानों में फैलने वाली हैं। यह प्रोजेक्ट पीएमओ की निगरानी में रहेगा।

वन हेल्थ मिशन के तहत आईवीआरआईसमेत देश की 22 बीएसएल-3 लैब महामारी बनने पर 25 बीमारियों की जांच और अध्ययन करने के लिए अधिकृत होंगी। आईवीआरआई इस मिशन का एक मुख्य हिस्सा होगा, उसका योगदान मानव स्वास्थ्य की रक्षा के साथ संक्रमण की पहचान में महत्वपूर्ण होगा। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि वन हेल्थ मिशन का उद्देश्य है कि इंसान, जानवर और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक साथ जोड़कर उन बीमारियों का पता लगाया जाए जो पारिस्थितिकी तंत्र के बीच स्थानांतरित होती हैं। इस मिशन के तहत आईवीआरआई को 19 मानव बीमारियों और 6 जूनोटिक बीमारियों की जांच की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वायरस, बैक्टीरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां शामिल हैं जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से महामारियों के संबंध में तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है।

सभी 22 लैब को उनकी क्षमता के अनुसार चिह्नित किया गया है। इनमें मॉकड्रिल के भी निर्देश दिए गए हैं। हाल ही में एम्स जोधपुर में मॉकड्रिल की गई थी।

ये बीमारियां बन सकती हैं महामारी

वन हेल्थ मिशन के तहत चिह्नित बीमारियों में प्लाज्मोडियम, डेंगू, इन्फ्लुएंजा, चिकनगुनिया, ब्रुसेला मेलीटेनसिस, मीजल्स, रुबेला, वरीसेला जोस्टर, हर्पिस सिंपेक्स, एंटिरियो, जीका, पार्वो, मम्मस, सार्स कोरोना-2, एडिनो, रेस्पाइरेटरी साइनीटिकल, न्यूमोनिया, डिथ्थिरया, केएफडीवी, सीसीएचफ, एच-5 एन-1, निपाह शामिल हैं। इनमें 19 मानव और छह बीमारियां पशु और मानव की हैं जो समय पर नियंत्रित नहीं करने से महामारी का रूप ले सकती है। इनमें से चार बीमारियों पर आईवीआरआई पहले से काम कर रहा है। सभी 22 लैब का नोडल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे को बनाया गया है।

- **इनमें 19 मानव की, छह जूनोटिक, देश भर में अधिकृत की गईं 22 बीएसएल-3लैब**

बर्ड फ्लू से बचाव : कैरी फार्म में मार्च तक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

बरेली कार्यालय, अमृत विचार : ठंडक बढ़ने के साथ मुर्गियों में बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) ने फार्म में वाहनों के प्रवेश को मार्च 2025 तक प्रतिबंधित कर दिया है। कैरी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जगबीर त्यागी ने बताया कि बर्ड फ्लू (एच-5एन-1) के संक्रमण से बचाव और परिसर के भीतर पक्षियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। बर्ड फ्लू के वायरस का प्रसार मुख्य रूप से संक्रमित पक्षियों के संपर्क से होता है और वाहनों के माध्यम से इस संक्रमण के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। फार्म के ऊपर उड़ने वाले पक्षियों से होने वाले खतरे को दूर करने के लिए रिफलेक्टर लगवाए जा रहे हैं। कई बार प्रवासी व अन्य पक्षियों की बीट से भी वायरस प्रवेश करता है। केंद्र सरकार के पशुपालन मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने पशुपालकों से अपील की है कि वे इस प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के संपर्क से बचें। किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना तुरंत पशुपालन विभाग और कैरी प्रशासन को दें।

राजीव राणा समेत 33 माफिया पर गैंगस्टर की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को करोड़ों की कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े हुई फायरिंग के मामले में भू-माफिया राजीव राणा समेत उसके गिरोह के 33 सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल और सपा पार्षद गौरव सक्सेना के खिलाफ विवेचना जारी है। पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ कोर्ट में गैर जमानती वारंट के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक नहीं मिल सका।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 67/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. कार्य का विवरणः कासगंज-मथुरा अनुभाग में समपार सं. 265 एवं समपार सं. 256 पर एल.एच.एस का शेष कार्य। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर-अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर 11 रक्षित समपारों के उन्मूलन के लिए एल.एच.एस का निर्माण कार्य)। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 6,25,27,388.11, बयाना राशि रूपयो में : रू. 4,62,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 20.12.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 314

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd. शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम स्नेही भास्कर एडवोकेट पुत्र श्री प्रभुदयाल निवासी दयालपुर पूरनपुर पीलीभीत के है वह एक किता सम्पत्ति रकवा 59.45 वर्गमी गाटा सं. 271 का भाग ग्राम खासपुर परगना तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत में स्थित है को योगेन्द्र कुमार से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक किता बैनामा दिनांक 03.09.2005 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 1398 पृष्ठ 01 से 14 क्र.सं. 4971 जो कि योगेन्द्र कुमार के हक में था कचहरी किसी काम से जाते समय रास्ते में कही गिर गयी काफी ढूँढने पर भी नहीं मिली। उक्त की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 को दर्ज करा दी गयी है। उक्त से सम्बन्धित किसी व्यक्ति या किसी संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd. शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है उक्त ऋण राम स्नेही भास्कर एडवोकंट पुत्र श्री प्रभुदयाल निवासी दयालपुर पूरनपुर पीलीभीत को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना एडवोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया चैम्बर नं. 4, निकट पोस्ट ऑफिस
सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली
मो नं 9837205643

सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदम्मा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) दातागंज (बदायूं)
मु. T202412070301794 वर्ष 2024

सेवाराम वनाम मुलू आदि धारा 144 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं नियत तिथि 29.11.2024 सेवाराम ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं वादी वनाम 1. मुलू पुत्र ब्रजलाल 2. बुधपाल पुत्र ब्रजलाल 3. हरी प्रसाद पुत्र ब्रजलाल 4. सत्यप्रकाश नाद्र पुत्र गंगाराम 5. जैपाल ना. पुत्र गंगाराम 6- कु. प्रीति ना. पुत्री गंगाराम वली व वाद मित्र उर्मिला सगी मां प्रतिवादी स. 7 7. उर्मिला वेवा गंगाराम 8. शकर लाल पुत्र धर्मपाल 9. अवनीश ना. पुत्र धर्मपाल वली व वाद मित्र सावित्री देवी सगी मां प्रतिवादी स. 10 10 सावित्री वेवा धर्मपाल निवासीगण ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं प्रतिवादीगण खास 11. धनदेवी वेवा रामविलास 12. रतीराम पुत्र रामविलास 13. भूपेन्द्र पाल शाक्य पुत्र रामविलास निवासीगण ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं तरतीवी प्रतिवादीगण 14. सरकार उ.प्र. द्वारा कलेक्टर जिला बदायूं 15. गांव पचांयत धरेली द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायू कानूनी प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत 144 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम धरेली परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं दायर है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 29.11.2024 को वबक्त 10 वजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदम्मे के हालात से करार बकाई वाकिफ किया हो और जो कुल उमूर अहम मुतालिल्क में मुकदमें का जवाव दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दो सके हाजिर हो और जवावदेही का दाबा करे और हर माह तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के जहबीज हुई पर आपसी लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहदत पर व बीच तमाम दस्त वेताज का जिन पर आप अपनी जबावदेही के ताईद मे इस्तदलाल करना चहायते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मसकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदम्मा वगैर हाजिर आपके मसमूआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत को आज तारीख 26.11.2024 को जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी (न्यायिक), दातागंज, बदायूं

पेड़ से टकराई कार, बच्चे की मौत, 9 घायल

संवाददाता, जमुका/रोजा

अमृत विचार: मोहम्मदी रोड पर पिपरिया सड़क गांव के सामने वैगनआर कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर नाले में पलट गई। जिससे कार सवार एक ही परिवार के 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां 10 साल के बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। 9 लोगों का उपचार किया गया। कार में सवार सभी लोग लखीमपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस मिर्जापुर लौट रहे थे।

मिर्जापुर क्षेत्र के गांव थरिया निवासी मोहम्मद आरिफ की रिश्तेदारी में शादी लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव जवाहरपुर मे थी। उसका और मुश्ताक का परिवार बुधवार को शादी में शामिल होने के लिए वैगनआर कार से मोहम्मदी गए थे। शादी में शामिल होने के बाद दोनों का परिवार गुरुवार की सुबह नौ बजे मिर्जापुर के लिए लौट रहे थे। कार अरमान चला रहा था और कार में 10 लोग सवार थे। मोहम्मदी रोड पर पिपरिया सड़क गांव के सामने कार अनियंत्रित हो गई और एक पेड़ से टकराने के बाद सड़क के किनारे नाले में जाकर पलट गई। कार पलटते ही कार में सवार लोगों में चीख पुकार मचने लगी। सभी घायल कार के अंदर फंस गए। लोगों की भीड़ लग गई। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ पहुंचे। उन्होंने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर कार में फंसे खून से लथपथ लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने घायल सहजन (10) पुत्र मोहम्मर आरिफ, उसका भाई मोहम्मद फैजान (11), बहन मुस्कान (18), कुलसुम (17), मां आसमा (40), शमा परवीन (30) पत्नी मुस्ताक और उसकी दो पुत्रियां एहसन (14), हुदा (16), खुशनुमा (22), चालक अरमान (25) को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डॉक्टर ने सहजन को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का मेडिकल कॉलेज में उपचार शुरू किया गया। खबर मिलने पर घायल के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने बच्चे का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर नाले में जाकर पलट गयी थी। सभी लोग शादी में शामिल होकर मोहम्मदी से मिर्जापुर लौट रहे थे। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक सहजन दो भाइयों में छोटा था और प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

- **मोहम्मदी रोड पर हुआ हादसा, खीरी से बरात में शामिल होकर लौट रहे थे**

मौलाना तौकीर का आज संभल जाने का एलान

बरेली कार्यालय

- **हिंसा के दौरान मारे गए युवकों को बताया शहीद**
- **जुमे की नमाज अदा करने के बाद संभल रवाना होंगे**

अमृत विचार: आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को संभल जाने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि बरेली में जुमे की नमाज अदा करने के बाद वह संभल रवाना होंगे।

आईएमसी प्रमुख ने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में यह एलान किया। कहा, संभल की जामा मस्जिद पर सर्वे के आदेश के बाद अब अजमेर की गरीब नवाज दरगाह में मंदिर होने का दावा कर दाखिल की गई याचिका अदालत में स्वीकार कर ली गई है। आखिर यह सब हो क्या रहा है, कौन लोग हैं जो योजना के तहत मुल्क में बदअमनी फैलाना चाहते हैं। वरशिप एक्ट के होते हुए यह कैसे हो रहा है, यह भी बड़ा सवाल है। मौलाना तौकीर ने कहा कि संभल में पांच लड़कों को शहीद कर दिया गया। अब वहां दबाव डालकर मस्जिदों से एलान कराया जा रहा है कि लोग जुमे की नमाज घरों में पढ़ें जबकि जुमे की नमाज घर में नहीं पढ़ी जा सकती। इस तरह शरीयत में दखलंदाजी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ मुसलमानों को परेशान करने के लिए मस्जिद और दरगाहों में मंदिर ढूंढे जा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि वह संभल जाकर शहीदों के परिजनों से मिलेंगे। उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। जिन बेकसूरों को जेल भेजा जा रहा है, उन्हें कानूनी सहायता मुहैया कराई जाएगी।

कोहरा: छह ट्रेनें 3 दिसंबर से 27 फरवरी तक निरस्त की गई

बरेली कार्यालय, संवाददाता

- **पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने 10 ट्रेनें अलग-अलग तिथियों में निरस्त कर दीं**

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने कोहरे की वजह से कम यात्रियों वाली छह ट्रेनों को 3 दिसंबर से 27 फरवरी तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा 10 ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में निरस्त कर फेरों में भी कटौती की है।

मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कोहरे के दौरान ट्रेन संचालन में सावधानी बरतने के लिए लोको और सहायक लोको पायलटों की काउंसलिंग की गई है। इस दौरान पटरियों की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग के फेरे भी बढ़ाए जा रहे हैं। कोहरे में कम यात्रियों वाली ट्रेनों को निरस्त किया है और फेरे घटाए गए हैं।

ये ट्रेनें की गई निरस्त: 15059 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल व 15060 आनंद विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 27 फरवरी, 12209 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम 3 दिसंबर से 25 फरवरी, 12210 काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल 2 दिसंबर से 24 फरवरी, 14615 लालकुआं-अमृतसर और 14616 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस को 7 दिसंबर से 22 फरवरी तक निरस्त किया गया है।

कोहरे में सुरक्षित सफर के लिए ट्रेनों में लगेंगी 250 सेफ डिवाइस

कोहरे में सुरक्षित सफर के लिए इज्जतनगर मंडल की ट्रेनों में 250 फॉग सेफ डिवाइस लगाई जाएंगी। मुख्यालय से मिलीं जीपीएस युक्त डिवाइसों को एक्सप्रेस, पैसेंजर और मालगाड़ियों में लगाया जाएगा। इससे कोहरे में अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चल सकेंगी, जबकि बिना डिवाइस के 60 की रफ्तार रहती है। जनसंपर्क अधिकारी राजेन्द्र सिंह के मुताबिक सुरक्षित और तेज ट्रेन संचालन में आधुनिक जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस का महत्वपूर्ण योगदान है। फॉग सेफ डिवाइस से लोको पायलटों का भरोसा बढ़ा है और इससे ट्रेन संचालन के समय आने वाली सिग्नल की जानकारी मिलती रहती है। इससे अब फॉग सिग्नलमैन भेजने की आवश्यकता भी खत्म हो गई है।

देश का माहौल खराब करना चाह रहीं सांप्रदायिक ताकतें

बरेली कार्यालय, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का सामने आ गया। कोर्ट में अर्जी देने वाले ने दरगाह शरीफ के अंदर शिव मंदिर होने का दावा किया है, जो गलत और झूठ पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मुश्किल घड़ी में दरगाह के लोगों के साथ बरेलवी मुस्लिम का मुकम्मल समर्थन रहेगा।

मौलाना ने कहा कि चंद सांप्रदायिक ताकतें देश के माहौल को खराब करना चाहती हैं। भारत में जब से सरकारें बननी शुरू हुईं तब से चाहें मुस्लिम हों या गैर मुस्लिम सभी ने दरगाह अजमेर शरीफ पर चादरें चढ़ाकर अपनी कामयाबी के लिए दुआएं की हैं। मुस्लिम बादशाहों, राजा और महाराजाओं ने दरगाह शरीफ के भवन बनवाए। वर्ष 2015 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल उर्स के मौके पर भारत सरकार की तरफ से चादर भेजकर अकीदत का नजराना पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दी हुई शिक्षा का नाम सूफी विचारधारा है, यही वो विचारधारा है जो एकता और अखंडता को कायम रख सकती है। यह दरगाह हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। शिव मंदिर का दावा करने वाले लोग मुसलमानों के साथ हिन्दुओं को भी आहत कर रहे हैं।

प्रवेश का अंतिम मौका, रजिस्टर्ड छात्रों की 30 तक होंगी सीट लॉक

बरेली कार्यालय, संवाददाता

- **रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म भरने में विद्यार्थियों को हो रही परेशानी की वजह से लिया निर्णय**

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए रजिस्टर्ड छात्रों की सीट लॉक करने का अंतिम मौका दिया है। महाविद्यालयों को 30 नवंबर तक छात्रों की सीट लॉक करनी होगी।

सीट लॉक नहीं होने की वजह से प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फार्म नहीं भर पा रहे थे, जबकि स्नातक की 4 दिसंबर से परीक्षा शुरू होने वाली है। इस सत्र में करीब दो लाख 90 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के तहत ऑनलाइन प्रवेश 23 सितंबर तक हुए लेकिन कई महाविद्यालयों और विद्यार्थियों ने बताया कि तकनीकी कमी की वजह से उनका प्रवेश विश्वविद्यालय के पोर्टल पर नहीं हो सका। इसकी वजह से वह परीक्षा फार्म नहीं भर पा रहे हैं।

सेमेस्टर प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय को बिना सत्र देर किए परीक्षाएं समय पर करानी हैं। ऐसे में विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अंतिम मौका दिया जाता है।

उन्होंने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि पूर्व में पंजीकृत और वर्तमान में पंजीकृत विद्यार्थियों के प्रवेश 30 नवंबर शाम 6 बजे तक सुनिश्चित करें।

ग्राम पंचायत सतुइया खास वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्म स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत सतुइया खास में मनरेगा योजना के अन्तर्गत अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत सतुइया खास की निगरानी में कराया जाएगा। पंजीकृत फर्म को सामग्री प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि की आपूर्ति कार्य स्थल पर कराए जाने हेतु दिनांक 29.11.2024 से 02.12.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन दिनांक 02.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधियों के सामने मोहर बंद लिफाफा को खोला जाएगा।

क्र.सं	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	योजना
1.	ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य	374627	मनरेगा

ग्राम प्रधान-राम कुमार   सचिव-अतुल सक्सेना

कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊनगला ब्लॉक म्याऊँ बदायूं

निविदा सूचना

सभी इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मे वित्तीय वर्ष 2024-25 मे, पंचम वित्त, 15 वां वित्त, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्य प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, हयूम पाइप, बाल पुट्टी, रंग, टीन चादर, बजरफुट, पीबीसी पाइप, इंसीनरेटर, सफाई किट, बाल पेंटिंग, मय चित्र आदि, सामानों कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ 29.11.2024 से 03.12.2024 दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है। उक्त निर्णय 03.12.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय के समक्ष शाम 5 बजे खोली जाएंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	लागत
1	देवेन्द्र के घर से अनिल की जगह तक सीसी कार्य	78x4.5 मी.	395591
2	राम प्रसाद के घेर से पप्पू की जगह तक सीसी कार्य	110x3.5 मी.	390845

अमित कुमार (ग्राम प्रधान)   ऋषिपाल सिंह (सचिव)

कार्यालय नगर पालिका परिषद नवाबगंज, बरेली

पत्रांक : 390/न.पा.परि. 2024-25   दिनांक : 27.11.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या-136/न.पा.परि/2024-25 दिनांक 27.07.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद नवाबगंज के समस्त 25 वार्डो को (ODF+) घोषित किया गया था, जिससे सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।

अत: नगर पालिका परिषद नवाबगंज को स्वत: (ODF+) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध रू. 200.00 जुर्माना आरोपित करते हुऐ उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नवाबगंज, बरेली।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेल विकास खंड लखीमपुर-खीरी

पत्रांक:- मेमो/निविदा/2024-25   दिनांक 28/11/2024

अति अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेल में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिसका आय कर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 29/11/2024 से 14/12/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत बेल के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में दिनांक 14/12/2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी निम्नलिखित कार्य हेतु एक या सभी निविदा निरस्त करने का और आपूर्ति सामग्री की मात्रा घटाने और बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	माप	कुल लागत
1	बेलवा में रामू के घर से रमेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	120 मी.	603968.00
2	सराय में राकेश के घर से सुमेर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	120 मी.	614144.00

रंजीत कुमार (ग्राम प्रधान)   अंकुर श्रीवास्तव (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही, शाहजहांपुर

अल्पकालिन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही शाहजहांपुर वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में निम्नकार्य को कराए जाने हेतु कार्यस्थल पर सामग्री, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, सरिया, बजरी, ईट की रोड़ी, ईट अव्वल, ईट खडंजा आदि की आवश्यकता है। सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखे टेण्डर बॉक्स में इस निविदा के प्रकाशन के उपरान्त 29.11.2024 के अन्दर डाली जा सकती है। जो उसी दिन 3:00 बजे सम्बन्धित प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम
1	ग्राम पंचायत भवानीपुर में गौशाला के चारों ओर बाउण्ड्री वाल का निर्माण।
2	ग्राम पंचायत भवानीपुर में विनोद के मकान से सूरज पाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण।
3	ग्राम पंचायत भवानीपुर में मदनलाल के मकान से गुड्डू के खेत तक इंटरलॉकिंग निर्माण।

अन्जू देवी मौर्य (ग्राम प्रधान)   श्रवण कुमार (सचिव)

कार्यालय नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली

पत्रांक : 301/न.पं.बि./2024-25   दिनांक : 28.11.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नगर पंचायत बिशारतगंज को रा.वि.आ. की धनराशि से विभिन्न स्थानों पर अलाव लगवाने हेतु सूखी जलौन लकड़ी की आपूर्ति हेतु निविदा पत्र (प्रति कुन्टल दरें/भाव पत्र) दिनांक 10.12.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदायें (प्रति कुन्टल में दरें/भाव पत्र) उसी दिनांक अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा पत्र दिनांक 09.12.2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बिशारतगंज से क्रय किये जा सकते हैं। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी महोदय में निहित होगा।

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित मात्रा (कुन्टल में)	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1.	सूखी लकड़ी/बुरादा की आपूर्ति का कार्य	800	25000/-	590/-	02 माह

उक्त आपूर्ति से सम्बन्धित अन्य शर्तें व जानकारी किसी भी कार्य-दिवस में कार्यालय में ज्ञात की जा सकती है।

(जितेन्द्र कुमार)   (मो. ताज)
अधिशासी अधिकारी   अध्यक्ष
नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली।   नगर पंचायत बिशारतगंज, बरेली।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखीमपुर खीरी

पत्रांक: आर.टी.ई.-25/आवेदन/4290-98/2024-25   दिनांक: 26.11.2024

आदेश/विज्ञप्ति

विषय:- निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार का अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 में आवेदन करने लिए समय-सारिणी।

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक: आर.टी.ई./न.प्र.-02/5623/2024-25 दिनांक 18.09.2024 के द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)ग के अन्तर्गत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) गैर-सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ''अलाभित समूह'' एवं ''दुर्बल वर्ग'' के बच्चों को कक्षा-1 / पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए समय सारिणी निर्धारित की गयी है, जो निम्नवत् है:-

समय-सारिणी

चरण	आवेदन करने की तिथियां	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं लॉक करने की अन्तिम तिथि	लाटरी निकालने की तिथि	बच्चों के प्रवेश हेतु गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के आवंटन की सूची जारी करने का दिनांक
प्रथम	01 Dec 24- 19 Dec 24	20 Dec 24- 23 Dec 24	24 Dec 24	27 Dec. 24
द्वितीय	01 Jan 25 - 19 Jan 25	20 Jan 25 - 23 Jan 25	24 Jan 25	27 Jan 25
तृतीय	01 Feb 25 - 19 Feb 25	20 Feb 25 - 23 Feb 25	24 Feb 25	27 Feb 25
चतुर्थ	01 Mar 25 - 19 Mar 25	20 Mar 25 - 23 Mar 25	24 Mar 25	27 Mar 25

1. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थापित विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट http://rte25.upsdc.gov.in निर्धारित है, उक्त वेबसाइट पर पात्रता हेतु शर्तो एवं आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध है।
2. उक्त योजना के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा-1 / पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जाना बाध्यकारी होगा, जो विद्यालय की अधिकतम कक्षा/कक्षा- 08 तक की शिक्षा के लिए मान्य होगा।
3. आर.टी.ई.-25 की धारा 12(ग) के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में जनपद के 825 विद्यालयों में कुल 5387 शीट इन्टैक/शीटें हैं।

प्रवीण कुमार तिवारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर-खीरी

कार्यालय ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी

पत्रांक:- मेमो/निविदा/2024-25   दिनांक 28/11/2024

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त योजना के तहत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है। आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 29/11/24 से 03/12/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 04 दिसम्बर तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 2 बजे तक निविदा टेंडर बॉक्स में आमंत्रित की जाएगी। जिन्हें 05/12/24 को अपराहन 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

क्र.सं.	कार्य का नाम	ब्रिक्स	कुल लागत
1	सुरेश त्रिपाठी के मकान से उत्तर सीसी रोड तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	7613 nos	387000.00
2	रामदयाल के मकान से कालिदास के मकान तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य	6248 nos	334600.00
3	दिलशाद के घर से लौंगश्री के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	2520 nos	133500.00

माया देवी   अमीर चंद्र राना
ग्राम प्रधान   ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी   ग्राम पंचायत मूढ़ा बुजुर्ग ब्लॉक बेहजम खीरी

न चोरहार्य न राजहार्य न भ्रतृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धति एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

न चोर चुरा सकता है, न राजा छीन सकता है, न इसका भाइयों के बीच बंट वारा होता है और न ही संभलना कोई भर है। इसलिए खर्च करने से बढ़ने वाला विद्या रुपी धन, सभी धनों से श्रेष्ठ है।

संपादकीय

भारत के लिए अवसर

भारत आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से बेहतर स्थिति में है और वह चीन प्लस वन की नीति से लाभ उठा सकता है। क्योंकि भारत में तकनीकी विशेषज्ञता का भंडार है। कुशल श्रमिकों का बड़ा पूल है। देश में डिजिटल प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। साथ ही बुनियादी ढांचे में निवेश किया जा रहा है और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं। परंतु चीन, ताइवान और वियतनाम की तरह भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह से घरेलू कंपनियां वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत नहीं हो पाई हैं। महत्वपूर्ण है कि गुरुवार को पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने कहा कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा नहीं होने से भारत के निर्यात और श्रम-सघन क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जबकि विदेशी कंपनियों के चीन से इतर अन्य देशों में भी विनिर्माण इकाइयां लगाने पर जोर देने की 'चीन प्लस वन' नीति से भारत के लिए अवसर पैदा हो रहा है। वास्तव में चीन प्लस वन रणनीति से भारत को कई अवसर मिल सकते हैं।

भारत में बड़ा घरेलू उपभोक्ता बाजार है, जिससे कंपनियों के लिए यहां कारोबार करना आकर्षक हो जाता है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनने की क्षमता है। स्मार्टफोन निर्माण और असेंबली पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। वस्त्र निर्माण, जूते का उत्पादन, दूरसंचार उपकरण, खिलौने और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में भी अवसर हैं। विविधता लाने के इच्छुक कारोबारियों के लिए चीन के मुकाबले भारत एक आकर्षक विकल्प है। चूंकि आज कंपनियां लागत कम करने के बजाय विविधता लाना चाह रही हैं और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना चाह रही हैं इसलिए चीन के अलावा एक अन्य निवेश केंद्र के लिए पर्याप्त अवसर रहेंगे। ऐसे में भारत का प्रारंभिक लक्ष्य होना चाहिए कम प्रौद्योगिकी वाली विनिर्मित वस्तुओं के क्षेत्र में निर्यात बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना जो कि लागत के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके लिए मध्यवर्ती वस्तुओं की शुल्क दर कम करने की आवश्यकता है। साथ ही नए मुक्त व्यापार समझौते करने, श्रम बाजार नियमों को सरल बनाने, बेहतर अधोसंरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी करने तथा अनुकूल निवेश माहौल बनाने की आवश्यकता है। मौजूदा वैश्विक हालात की बात करें तो आर्थिक और भूराजनीतिक दृष्टि से भारत की स्थिति बेहतर है। सरकारी नीतियों को घरेलू मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि मूल्य श्रृंखला में अपनी स्थिति बेहतर की जाए।

फिर भी गंगा मैली क्यों

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है।

आस्था के केंद्र बनारस में गंगा और उससे मिलने वाली सहायक धाराओं वरुणा और असि में पारंपरिक देशी मछलियों का मरना, उनकी संख्या कम होना और इस इलाके में यदा कदा ऐसी विदेशी मछलियों का मिलना जो कि स्थानीय पर्यावरण को खतरा है, दर्शाता है कि नमामि गंगे परियोजना को अभी कागजों से ऊपर उठाकर बहुत कुछ करना है। मछली और जलचर किसी भी जल धारा का प्राण और मानक होती है।

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के प्राणी विभाग के एक ताजा शोध में बताया गया कि कि जानलेवा रसायनों के कारण गंगा, वरुणा और असि नदी में सिंघी और मांगुर समेत कई देसी प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। यह बात बहुत गंभीर है कि मछलियों की प्रजनन क्षमता 80 प्रतिशत तक घट गई है। शोध बताता है कि वैसे तो जो मछली जितनी अधिक वजन की होती है, उसके अंडे उतने ही अधिक होते हैं। एक मछली औसतन तीन से पांच लाख तक अंडे देती है, लेकिन गंगा में अब यह संख्या घटकर 50 से 70 हजार हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पत्रिका "स्प्रिंगर" और पुणे से प्रकाशित होने वाली भारतीय शोध पत्रिका "डायमेंशन ऑफ लाइफ साइंस एंड सस्टेनेबल डेवलेपमेंट" में हाल ही में प्रकाशित शोध पत्र बतात है कि रसायन दवाओं, माइक्रो प्लास्टिक, डिटर्जेंट, कास्मेटिक उत्पाद, पेंट, प्लास्टिक कचरा और रासायनिक खादों में मिलने वाले कि एल्काइल फिनोल और टर्ट-ब्यूटाइल फिनोल समेत कई विषाक्त रसायनों की वजह से गंगा और उसकी सहायक नदियों की मछलियों के अंडे देने की दर में भयानक गिरावट आई है। बीएचयू के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राधा चौबे, सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता गौतम का शोध बताता है कि रसायनों के कारण मछलियों की भ्रूण में मौत हो रही है।

गंगा देश की संस्कृति की पहचान और मानव विकास की सहयात्री है। इसके संरक्षण के अभी तक किए गए सभी प्रयास अमूर्त ही रहे हैं। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के तहत पहले 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का रोडमैप तैयार किया गया था, जो कि बाद में बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं 2022-23 में योजना मद में 2047 करोड़ आवंटित किए गए थे। वित्त वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रूपए का बजट अनुमान रखा गया। हालांकि आवंटन केवल 2400 करोड़ रूपये का ही किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के फेज दो के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

> गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं।

कुल मिलाकर विभिन्न नामों से गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ रुपये है। यदि गंभीरता से काम किया जाए तो तंत्र की पहली भूमिका होती कि नदी में कम से कम अपशिष्ट जाए। फिर नदी के किनारे के शहर-कस्बों को नदी एक साथ बेहतर व्यवहार करने की सीख और प्रक्रिया समझाई जाए। दुर्भाग्य है कि समूचा तंत्र अधिक से अधिक एसटीपी लगाने में व्यस्त है। यह बात सरकारी आंकड़े कहते हैं कि इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था का दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाए जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिए शोधन संयंत्र लगाने, गंगा घाटों पर शौचालय, जैव विविधता को बचाने, गंगा बचाने की सभी पहलुओं पर काम बहुत नहीं हुआ और फिर एसटीपी पर हुए खर्च से क्या गंगा की सेहत सुधरी? बीते एक महीनों के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में हुई कार्यवाही से इसका काला चिट्ठा उजागर हो चुका है। कितना दुर्भाग्य है कि गंगा अपने उद्गम से ही दयनीय हो जाती है। अभी 5 नवंबर 2024 को एनजीटी, उत्तराखंड में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि गंगोत्री में एक मिलियन लीटर हर दिन की क्षमता वाले सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से लिए गए नमूने में 100 एमएल पानी में फेकल कॉलीफॉर्म की मात्रा 540 पाई गई।

सनद रहे फेकल कॉलीफॉर्म मनुष्यों और जानवरों के मल-मूत्र से निकलने वाले सूक्ष्म जीवाणु से उपजे प्रदूषण को दर्शाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक के मुताबिक नहाने और आचमन करने लायक पानी की गुणवत्ता का मानक 500 से कम फेकल कॉलीफॉर्म प्रति 100 एमएल होता है। जाहिर है कि गंगोत्री में ही गंगा जल इंसान के इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। फिलहाल एनजीटी ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 13 फरवरी 2025 को विस्तार से रिपोर्ट देने को कहा गया है। एनजीटी के सामने यह भी उजागर हुआ है कि कई हजार करोड़ खर्च कर उत्तराखंड में देहरादून, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, हरिद्वार और टिहरी में लगाए गए लगभग 53 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बेहद कम क्षमता के हैं और यह शहरी गंदगी को साफ करने में असफल हैं।

उत्तर प्रदेश के हालात तो और भी भयावह हैं। एनजीटी के सामने 22 अक्टूबर 2024 को यह स्वीकार करने में किसी को शर्म नहीं आई कि राज्य के लक्षित 326 में से 247 नायलॉन पर गंदे पानी को शुद्ध बनाने की व्यवस्था हो नहीं सकी है और लगभग 3513.16 एमएलडी सीवेज गंगा और सहायक नदियों में निरंतर गिर रहा है। उत्तर प्रदेश एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ के सामने 6 नवंबर 2024 को तथ्य सामने आए कि गंगा और यमुना के संगम प्रयागराज में निकलने वाले गंदे जल और स्थापित किए गए एसटीपी क्षमता में सीवेज शोधन क्षमता में 128 एमएलडी का फर्क है। यह भी सच है कि कोई भी एसटीपी कभी अपनी पूर्ण क्षमता से तो काम करता नहीं। अर्थात प्रयागराज के कई नाले सीधे गंगा को गंदा कर रहे हैं। यहां 25 नाले बगैर शोधन के गंगा में और 15 यमुना में गिर रहे हैं, जिस अपरियोजन को लेकर इतना प्रचार और खर्च किया गया हो, उसकी जमीनी हकीकत प्रयागराज में दिखती है, जहां महाकुंभ की तैयारी चल रही है और करोड़ों लोग इसी नदी में डुबकी लगाएंगे। इससे नदी में प्रदूषण और बढ़ेगा ही।

गंगा का दर्द उस बनारस में असीम है, जहां से प्रधानमंत्री खुद सांसद है और खुद को गंगा के आमंत्रण पर काशी जाने का उद्घोष करते रहे हैं। इस नगर के आदिकाल से अस्तित्व के मूल कारण गंगा को आंकड़ों और कागजों पर ही निर्मल कर रहे हैं। काशी का प्राण कहे जाने वाली असि और वरुणा नदी की दुर्दशा पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए 18 नवंबर 2024 को एनजीटी की दो सदस्यीय पीठ ने वाराणसी के जिलाधिकारी से पूछा कि क्या आप गंगा का पानी पी सकते हैं? आप अपने आपको असहाय मत महसूस करिए। जिलाधिकारी हैं आप, अपनी शक्तियों का उपयोग करिए और एनजीटी के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करिए। नदी किनारे बोर्ड लगवा दीजिए कि गंगा जल नहाने और पीने योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी व विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि "गंगा का पानी नहाने व पीने योग्य नहीं है" इस बाबत सार्वजनिक सूचना क्यों नहीं लगवा देते?

गंगा की सेहत बिहार में भी बहुत खराब है। अभी कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पटना में गंगा में ठीक वैसे ही सफेद झाग दिख रहे थे जैसे कि दिल्ली में यमुना में कुख्यात है। यहां दीघा नहर के जरिए कारखानों का रासायनिक जहर आ रहा है, जिससे दीघा-पाटीपुल घाट पर झाग होते हैं। बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक पटना जिले में ही 507 ऐसे नाले चिन्हित किए गए हैं, जिनका पानी बगैर किसी शोधन के गंगा में जा रहा है। गंगा के कछारी क्षेत्र में कृषि में उपयोग में आने वाले उर्वरकों की मात्रा सौ लाख टन है, जिसका पांच लाख टन बहकर गंगा में मिल जाता है। 1500 टन कीटनाशक भी मिलता है। सैकडों टन रसायन, कारखानों, कपड़ा मिलों, डिस्टलरियों, चमड़ा उद्योग, बूचड़खाने, अस्पताल और सैकड़ों अन्य फैक्टरियों का निकला अपद्रव्य गंगा में मिलता है। 400 करोड़ लीटर अशोधित अपद्रव्य, 900 करोड़ अशोधित गंदा पानी गंगा में मिल जाता है। नगरों और मानवीय क्रियाकलापों से निकली गंदगी नहाने-धोने, पूजा-पूजन सामग्री, मूर्ति विसर्जन और दाह संस्कार से निकला प्रदूषण गंगा में समा जाता है। इन सभी पर नियंत्रण करना कोई कठिन नहीं, लेकिन जटिल जरूर है।

प्रसंगवश

क्रांतिवीर शहीद मातादीन

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सामाजिक व्यवस्था में अछूत करार दिए गए लोगों की जन्मकुंडली कौन बनाता होगा और माता-पिता भी अशिक्षित हो तो तिथियों से नहीं प्रतीकों से जन्म की बात बताते होंगे। मातादीन की तिथि इसीलिए प्रमाणिक मानी गई, क्योंकि वे अंग्रेजी राज में सेना में हवलदार थे तो जन्मतिथी लिखी गई होगी। चाहें तथ्यों पर आधारित हो या प्रतीकों पर, लेकिन 29 नवंबर 1825 उनकी जन्मतिथि है।

ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में बंगाल रेजिमेंट में बंदूकों में जो कारतूस प्रयोग किए जाते थे, उनमें पशुओं की चर्बी लगी होती थी। कारतूस की टोपी को मुंह से खोलना होता था। 29 मार्च 1857 को उनके नेतृत्व में 84 भारतीय सैनिकों ने ऐसे कारतूसों के उपयोग का बहिष्कार कर दिया, क्योंकि चर्बी गाय और सूअर के मांस की होती थी। अंग्रेजों ने उन सभी 84 सैनिकों को विद्रोही घोषित कर फांसी की सजा सुनाई। फांसी पर झूलने वाले हिन्दू-मुसलमान दोनों थे, जिनमें मातादीन वाल्मीकि भी थे तब वाल्मीकि प्रयोग नहीं होता था। वो दौर था जब निम्न जातियों को हिन्दू धर्म व्यवस्था पढ़ने का अधिकार नहीं देती थी, लेकिन उनमें अंग्रेजी फौज के निकट होने के कारण अनुशासन, संयम, स्वाभिमान के साथ पहलवानी का शौक भी था। मातादीन मल्ल कला में दक्षता हासिल करना चाहते थे।

नीची जात का होने के कारण किसी उस्ताद ने उन्हें अपना शागिर्द नहीं बनाया। वे जिस उस्ताद के पास गए निराश ही वापिस आए। फिर जिस तरह द्रोणाचार्य के पास से एकलव्य वापिस आए थे, बिन तीरंदाजी सीखे, आखिर उनकी इच्छा की पूर्ति एक खलीफा ने पूरी की, जिनका नाम इस्लाउद्दीन था। वे पलटन नंबर 70 में बैंड बजाते थे। खलीफा ने उन्हें मल्ल युद्ध का माहिर खिलाड़ी बनाया। इसी मल्ल युद्ध के कारण उनकी दोस्ती मंगल पाण्डेय से हुई। मंगल पाण्डेय उनके मजबूत शरीर और बेहतरीन प्रदर्शन से खुश हुए थे। वतन परस्ती के कारण मातादीन और मंगल पांडेय दोनों को फांसी हुई।

निर्वाचन प्रणाली की विडंबना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है।

पुराने लोगों को तो याद ही है कि पहले केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही होते थे। एक जमाने तक कई पंचवर्षी चुनाव एक साथ ही हुए और होते रहे, लेकिन जब से दलबदल और विधायकों की खरीद बिक्री चालू हो गई। (हरियाणा में आयाराम गयाराम बहुत चर्चित हुआ।) तब से विधानसभाएं कार्यकाल से पहले ही समाप्त होने लगीं, कई बार लोकसभा के भी मध्यावधि चुनाव हुए। इसमें जनता का तो कोई दोष था नहीं, यह राजनेताओं का खेल था।

खेल अभी भी चल रहा है। इसीलिए चुनाव भी कहीं न कहीं चलते रहते हैं। खेल राजनीति का है। यहां बात राजनेताओं के आचरण की है और उनको चंदा देकर सत्ता की नीतियों को प्रभावित करने वाले कॉरपोरेट घरानों के निहित स्वार्थ की है। चुनावों में अरबों-खरबों रुपये खर्च कौन कर रहा है? इससे भी बड़ी बात है निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता की। टीएन शेषन ने पार्टियों के खेल पर अंकुश लगाया, तब से सत्ता दलों ने आयोग के अधिकार को ही कुंद कर दिया। अब तो निर्वाचन आयोग का ही निर्वाचन सरकार करती है। ठीक इसी प्रकार चुनाव-सुधार की बात है।

बैलट पेपर से चुनाव हो या मशीन से, मूल समस्या वह नहीं है। समस्या यह है कि पूरी मशीनरी में जंग लगी है। कितने दिनों से चुनाव सुधार संबंधित समितियों और आयोगों की रिपोर्ट धूल खा रही हैं? एक चुनाव की बात के साथ आयोगों-समितियों की रिपोर्टों और सिफारिशों पर भी तो ध्यान दिया जाना उतना ही जरूरी है, जैसे निर्वाचन के खर्चों में भारी कमी करना, धनबल, माफिया, मीडिया के वर्चस्व को समाप्त करना। आपराधिक छवि के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकना, उनकी सदस्यता समाप्त करना। उम्मीदवार के चयन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना। प्रत्येक दल में आंतरिक लोकतंत्र सुनिश्चित करना। राजनैतिक दलों पर नियमन के लिए कानून बनाना। उनके आय-व्यय को सार्वजनिक करना, ऑडिट करना। निर्वाचन आयोग को और अधिक सशक्त बनाना, ताकि वह गड़बड़ करने वाले दलों का पंजीकरण और मान्यता रद्द कर सके।

यदि कोई राजनैतिक दल चुनाव सुधार की निरंतर प्रक्रिया की जरूरत नहीं समझता तो उसे लोकतंत्र के मार्ग की बाधा ही माना जाना चाहिए।

यह देश की निर्वाचन प्रणाली की विडंबना है कि 33 प्रतिशत मत पाकर कोई राजनैतिक दल शेष 67 प्रतिशत जनता पर भी शासन करने का अधिकार पा जाता है। आम चुनाव के समय नेता लोग चुनाव सभाओं में जो कहते हैं, उसको सुनकर जनता उनको वोट करती है। वे जनता से जो सीधा संवाद करते हैं, वह सबको अपील करता है, उसे लेकर जनता के बीच भी बहस होती है। इसलिए उस समय के उनके वक्तव्य उनके लिए बाध्यकारी होने चाहिए। यह लोकतंत्र का आधार है। चुनाव के बाद जब वे चुनकर आ जाते हैं, फिर यदि वे कहते हैं कि यह तो जुमलेबाजी थी, तो यह लोकतंत्र का उपहास है। यह बात किसी एक दल की नहीं है, सभी की बात है।

निर्वाचन आयोग हो या सर्वोच्च न्यायालय या और कोई संस्था, यदि वह उन शब्दों को उस नेता और दल के लिए बाध्यकारी बनाए तो यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। हम राजनैतिक प्रणाली, दलगत व्यवस्था, दल के नेतृत्व, चुनाव का खर्च, निर्वाचन की प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की भूमिका आदि को अलग करके वोटर की भूमिका का निर्धारण नहीं कर सकते। वोट देना एक क्षणिक प्रक्रिया है। यदि हम उस क्षणिक प्रक्रिया को संपन्न करके फिर उसी वोटर को बाकी निर्णयों से अलग कर देते हैं, यह छल है। राजनैतिक प्रणाली और निर्वाचन प्रक्रिया कोई ईश्वरीय तो है नहीं, जिसमें संशोधन न किया जा सके, लेकिन ऐसा होता नहीं। क्यों? इसलिए कि जिस सीढ़ी को लगाकर वह आदमी छत पर चढ़ गया, उसने छत पर चढ़कर यह सोचा कि कोई दूसरा न आए, उसने सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया। दल जीत गए और जनता हार गई। आजादी के बाद कितनी ही बार चुनाव हुए और हर बार उस सीढ़ी को क्षतिग्रस्त किया गया। सीढ़ी क्षतिग्रस्त है।

एक देश एक चुनाव की बात गलत नहीं है, किंतु बात किसी दल की नहीं, लोकतंत्र को सबल बनाने की है। निष्कर्ष के रूप में एक देश एक चुनाव में कोई बुराई नहीं है, बुराई इस प्रणाली में है, जिस पर समग्रता से विचार किया जाए और लोकतंत्र को मजबूत बनाया जाए।

सोशल फोरम

सादगी के रास्ते में दिखावा बड़ी बाधा

हफीज किदवई
लेखक

सादगी का दिखावा भी उतना ही फूहड़ है, जितना वैभव का दिखावा। कोई भी बात, जो सादी है, तो सादी ही रहनी चाहिए। जैसे आप बहुत ही सादगी के कपड़े पहनते हैं। पहनते हैं तो पहनिए, उस पर सादगी का ही यकीन भी रखिए।

यह प्रचारित करने की जरूरत नहीं है कि आप सादगी भरे कपड़े पहने हैं। प्रचारित करते ही आप भी उसी जगह होते हैं, जहां तड़क-भड़क वाले कपड़े पहनने वाले खड़े होते हैं। वह अपनी तड़क-भड़क बेच रहा और आप सादगी। इससे अंतर कम हो जाता है। कुछ लोग हमें मिलते हैं, कहते हैं कि शादियां वगैरह बहुत सादी होनी चाहिए। बिल्कुल मेरा मानना है कि बहुत ही सादगी से कम खर्च में कीजिए। मगर यह जिस वक्त हो रहा हो, तब आपके दिल में यह नहीं आना चाहिए कि मेरी सादगी प्रचारित भी हो।

सादगी तो सबसे पहले प्रचार से ही मारी जाती है। मेरे बहुत से जानने वाले तमाम तड़क-भड़क से दूर हैं। मगर न वह ऐसा किसी से करने को कहते हैं और न ही खुद को यह कहते हुए आगे करते हैं कि वह बहुत सादा मिजाज हैं। सादगी आखिर यही तो होती है कि आपको दूसरे की प्रतिक्रिया का फर्क नही पड़ता, क्योंकि आप उसे देखते ही नहीं है। देखते हो नहीं हैं का मतलब है कि आपकी उधर नजर ही नही जाती। आप अपने हिसाब से चलते हैं, रचते हैं और चलते जाते हैं। कोई आपको देखे या न देखे। कोई आपसे सीखे या न सीखे।

सयाने कह गए हैं कि सादगी बहुत बड़ी चीज है। सबके बस की है भी नहीं। प्रचार की भूख जब जेब पर भारी पड़ती है, तो कोई भी सादगी की उंगली पकड़ सकता है। असल तो वही है, जिसके कपड़े ही सादा नही हों, बल्कि मिजाज बड़ा सादा हो। हीरे, जवाहरात के गहनों से लदे सादगी भरे लोग हमने देखे हैं। फटे कुर्ते- पैजामे में गैर सादा लोग भी हमने देखें हैं। इसलिए सादगी के रास्ते में दिखावे को सबसे बड़ी बाधा मानते हैं और जानते हैं, सादगी बहुत बड़ी चीज है।

-फेसबुक वॉल से

सड़क हादसों की वजह तेज गति

> एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

नियमित रूप से हो रही सड़क दुर्घटनाएं और उसमें हो रही असमय मृत्यु का एक बड़ा कारण है, तेज गति। भारत में सबसे तेज एक्सप्रेस-वे पर भी स्पीड लिमिट 100 किमी प्रति घंटा है, लेकिन आधुनिक कार और कमर्शियल वाहन भी 100-150 की स्पीड या उससे अधिक तक चलाए जाते हैं। कमर्शियल वाहनों की स्पीड लिमिट 80 किमी है और उनमें स्पीड गवर्नर भी लगा होता है, लेकिन उन्हें हटा दिया जाता है।

अच्छी रोड पर न चाहते हुए भी कार की स्पीड कब 120 से ऊपर हो जाती पता ही नहीं चलता है और कार पर से नियंत्रण खो जाता है। खराब रोड सेंस के कारण सावधानी हटते ही दुर्घटना हो जाती है। भारत में लेन ड्राइविंग सेंस भी न के बराबर है। भारी वाहन जो सड़क के सबसे बायीं ओर चलने चाहिए वह सबसे दायीं ओर चलते हैं, जिससे राइट हैंड ड्राइव कारों को ओवरटेक में बहुत मुश्किल होती है। परिवहन मंत्रालय को यह करना चाहिए कि वाहन निर्माताओं पर अंकुश लगवाये और कोई भी कार की स्पीड 120-150 से और कमर्शियल वाहन की 80-100 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

एक्सप्रेस-वे पर जो गाड़ियां एक टोल से दूसरे टोल तक समय सीमा से पहले पहुंचती हैं, उन पर अधिक टोल दंड के रूप में लगना चाहिए। शायद इससे कुछ स्थिति नियंत्रण में हो सके।

अदानी प्रकरण

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

> आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे।

सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया सौर ऊर्जा के उत्पादकों को प्रोत्साहित करती है और इन उत्पादकों से लंबी अवधि के अनुबंध के आधार पर विद्युत क्रय करके राज्यों व विद्युत वितरण कंपनियों को बेचती है। पिछले बारह-चौदह वर्षों में इस कॉरपोरेशन ने उपरोक्त मॉडल पर विद्युत उत्पादन मे आशातीत सफलता प्राप्त की है। विद्युत दर अधिक होने के कारण सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को खरीदार मिलने में कठिनाई हो रही थी।

वर्ष 2019-20 में अदानी ग्रीन पावर व एज्योर पावर का इस कॉरपोरेशन से अनुबंध हुआ, जिसके अनुसार एज्यूर पावर व अडानी पावर को आने वाले वर्षों में क्रमशः चार व आठ गीगावॉट विद्युत फिक्स्ड रेट पर सोलर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को बेचने का ठेका मिला। इस अनुबंध के अनुसार एज्योर पावर कंपनी ने इस सौदे में अगले बीस साल में लगभग दो बिलियन शुद्ध लाभ होना कैलकुलेट किया था। कुछ समय बाद वर्ष 2022 में आंध्र, तमिलनाडु, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और जम्मू कश्मीर राज्यों ने सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत खरीदने का अनुबंध किया। आरोप है कि लगभग दो हजार करोड़ रुपये रिश्वत के रूप में खर्च करके अदानी ग्रीन व एज्यूर कंपनी ने इन राज्यों का सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से विद्युत क्रय करने का यह अनुबंध कराया है और खरीदार हासिल कराने की अंडरस्टैंडिंग पर ही इन दोनों कंपनियों को सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से ठेका मिला था। तत्कालीन आंध्र सरकार ने बाजार में उपलब्ध विद्युत दर से लगभग पचास पैसे प्रति यूनिट अधिक की दर से यह विद्युत खरीदने का अनुबंध किया है। एज्योर कंपनी अमेरिकी स्टाक मार्केट में लिस्टेड बताई जाती है और अडानी ग्रीन में भी अमेरिकी नागरिकों का इनवेस्टमेंट है। स्टाक मार्केट पर नियंत्रण रखने वाली अमेरिकी संस्था अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग हर उस कंपनी पर नजर रखती है, जिसमें अमेरिकी नागरिक व वहां की संस्थाओं का पैसा लगा है। अमेरिका के यफसीपीए (फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट) के अनुसार शेयर बाजार में किसी प्रकार की धोखाधड़ी एक अपराध है। आरोपों के अनुसार दोनों कंपनियों ने के डायरेक्टर्स ने अहमदाबाद में मीटिंग कर 2000 करोड़ रुपये रिश्वत देकर राज्य सरकारों द्वारा विद्युत खरीदे जाने का उपरोक्त एग्रीमेंट कराया। अगस्त 2022 में गौतम अडानी स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश से मिले थे। अमेरिकी एजेंसिया पहले से इस मामले की जांच कर रही थीं। अदानी के भतीजे सागर अदानी के यूयस स्थित कार्यालय में जांच एजेंसी यफबीआई ने सर्च वारंट के साथ 17 मार्च 2023 को तलाशी ली। अन्य अभिलेखों के साथ उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी जब्त किया था, जिसमें महत्वपूर्ण साक्ष्य होने की बात कही जाती है। संपूर्ण मामले में यफबीआई ने क्रिमिनल केस व सिक्योरिटीज कमीशन ने सिविल केस अमेरिकी कोर्ट में दायर किया है।

आपका पत्र

अखबार से प्रेम

बचपन से अखबार का लगाव रहा है। बरेली से जब मात्र एक अखबार छपता था और वो भी दस पैसे का, तब से अखबार पढ़ रहा हूं। दरअसल अखबार पढ़ने की जिज्ञासा अब नई पीढ़ी में बहुत कम रह गई है, लेकिन हमारी पीढ़ी के अधिकांश लोगों में खबरों को लेकर हमेशा जिज्ञासा रही है।

अखबार प्रेम की कड़ियां जोड़ने की कोशिश करूं तो आज भी सुबह-सुबह 6 बजे से अखबार वाले हॉकर का इंतजार शुरू हो जाता है। उसके पहले एक या दो ई-अखबार नेट पर पढ़ चुका होता हूं। दरअसल अखबार पढ़ने का शौक मेरी पत्नी को भी है। अगर सोकर देर से उठा तो पत्नी अखबारों की सुर्खियां बतानी शुरू कर देती है। जाड़ा, गर्मी, बरसात हमारे अखबार वाले भैया लगभग 6 बजे अखबार देने आ जाते हैं। जाड़े के मौसम में मैं उनसे पूछ ही लेता हूं कि भाई इतनी जल्दी कैसे आ जाते हो, तो वो बस एक प्यारी से मुस्कान देकर चले जाते हैं। यह मेरा अखबार प्रेम ही है, जो वर्षों पुरानी अखबारों की कटिंग सहेजी हुई हैं। टीवी के युग में भी अखबारों की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। सभी जानते हैं कि अखबारों को किसी भी खबर की सत्यता परखने का समय अधिक मिलता है। इसलिए उनकी विश्ववसनियता अधिक होती है। वैसे भी अखबार एक छपा हुआ डॉक्यूमेंट है, जिसे बदला नहीं जा सकता, जबकि टीवी के समाचार विवादित या भ्रामक होने पर कभी भी हटाए जा सकते हैं। वैसे जो खबरें टीवी पर दिन में देख चुके होते हैं, उन्हें अगले दिन अखबार में पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहती है।

मेरा मानना है कि अखबार ज्यादा इनपुट से भरे होते हैं। अखबारों से लगाव अब इतना अधिक हो गया है कि स्थानीय अखबारों के बाद नेशनल अखबार भी सर्च कर पढ़ने में दिलचस्पी हो गई है। हमारे एक मित्र ने इसके लिए एक ग्रुप बना दिया है, जहां देश भर के प्रमुख ई अखबार शेयर होते रहते हैं। अखबार के साथ-साथ अखबारों के संपादकों और वरिष्ठ तथा युवा पत्रकारों से भी लगाव रहता है। अखबारों के प्रति यह अगाध प्रेम और लगाव यूं ही नहीं है। इससे समकालीन और सामयिक विषयों की जानकारी मिलती है। नया जानने की ललक और समय भी अच्छा व्यतीत हो जाता है।

- संजीव मेहरोत्रा, बरेली

परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल तैयार, 24 घंटे तैनात रहेंगे डॉक्टर

महाकुंभ में तैनात होंगे एम्स, सेना के चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10-10 बेड के दो आईसीयू बनाएगा आर्मी हॉस्पिटल और 10 बेड का एम्स

अमृत विचार: महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए एम्स रायबरेली और सेना अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जा रहे हैं।

परेड क्षेत्र में बन रहे 100 बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव दुबे कहते हैं कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल लगभग 70 फीसदी बनकर तैयार है। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले जरूरी इंतजाम पूरे करने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी, जहां अनलिमिटेड ओपीडी की क्षमता के हिसाब से सुविधाएं मौजूद रहेंगी। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, सेना हॉस्पिटल की ओर से बनाए जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहीं, झूंसी के 25 बेड वाले अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू एम्स रायबरेली बनाएगा, जहां 24 घंटे मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

डिलीवरी रूम और इमरजेंसी वार्ड की भी मिलेगी सुविधा

डॉ गौरव दुबे के अनुसार महाकुंभ में मेल, फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड अलग-अलग तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टरों के रूम भी रहेंगे। जांचों की भी विशेष व्यवस्था होगी। जिससे यहां आने वाले किसी एक भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। विशेष तौर पर सामान्य जांच के बाद मरीज को तत्काल दवा उपलब्ध कराने का भी पूरा इंतजाम रहेगा।

रोडवेज यात्री अब मोबाइल पर जान सकेंगे कहां है बस

लखनऊ, अमृत विचार : रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को अब एप आधारित लोकेशन की सुविधा उपलब्ध कराने जा रहा है। इस एप के जरिए बसों की लोकेशन, स्टॉपेज समेत कई अन्य जानकारियां यात्री को मोबाइल पर मिल सकेंगी। 2025 में होने वाले महाकुंभ में एप के माध्यम से न केवल देश के लोगों को बल्कि बाहर से आने वाले विदेशी श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा। आगामी 30 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक कार्यक्रम के दौरान एप लांच किया जाएगा। यही नहीं महाकुंभ के लिए 30 बसों को भी रवाना किया जाएगा।

चित्रकूट धाम को नई पहचान मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चित्रकूट धाम को पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान दिलाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। मां मंदाकिनी की स्वच्छता-अविरलता के लिए और रामघाट के सुंदरीकरण के लिए सरकार ने पहले ही भरपूर पैसा दिया है। गुरुवार को रामघाट में मत्यगजेंद्रनाथ के जलाभिषेक और मंदाकिनी नदी की आरती के बाद वे लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनको सनातन हिंदू धर्म के इस तीर्थ में आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1300 करोड़ रुपये निर्गत किए हैं। युद्धस्तर पर काम चल रहा है। यमुना नदी से तुलसीदास की जन्मस्थली को बचाने की व्यवस्था की जा रही है।

मत्यगजेंद्रनाथ शिव मंदिर में पूजन करते योगी आदित्यनाथ।

- योगी आदित्यनाथ ने मत्यगजेंद्रनाथ का किया जलाभिषेक

डीजीपी की फोटो लगा व्हाट्सएप कॉल से फ्राड की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में साइबर क्राइम का एक मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने एक व्यापारी को व्हाट्सएप कॉल कर खुद को पुलिस अधिकारी बताया और बेटे को दिल्ली से रेप केस में अरेस्ट करने की बात कहते हुए 30 हजार रुपये की मांग की। व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी थी। हालांकि जिस व्यापारी को यह व्हाट्सएप कॉल आई थी, उनके दोनों बच्चों की उम्र अभी काफी कम है। इसके चलते वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गये और अंजान बनकर ठग से बातचीत करते रहे। फिलहाल व्यापारी ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी दानिश खान के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे व्हाट्सएप्प पर एक अंजान कॉल आई। व्हाट्सएप डीपी पर डीजीपी प्रशांत कुमार की फोटो लगी होने के चलते दानिश को थोड़ी शंका हुई। उन्होंने कॉल उठाई तो अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम सब इंस्पेक्टर दीपक सिंह बताया। उसने कहा कि वह पुलिस स्टेशन से बात कर रहा है।

खुद को सब इंस्पेक्टर बताने वाले दीपक सिंह ने पहले दानिश से उसके परिवार का पूरा ब्योरा जाना, फिर कहा कि दिल्ली में पढ़ने वाला आपका बेटा रेप केस में अरेस्ट हो गया है। उसे छुड़ाने के लिये ऑनलाइन 30 हजार रुपये भेजना पड़ेगा।दानिश ने बताया कि उसके दोनों बच्चों की उम्र काफी कम है और कोई बेटा दिल्ली में नहीं पढ़ता। इसीलिये वह तुरंत इस फ्राड कॉल को भांप गया।

दानिश के मुताबिक ठग ने उसे इस कदर डराया कि शायद उसका कोई बेटा दिल्ली में पढ़ रहा होता, तो वह बिना कुछ सोचे-समझे उसके जाल में फंस जाता और पैसे भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर देता। दानिश ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

चंदौली के पूर्व एसपी समेत 18 पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज

फर्जीवाड़ा और अपहरण समेत कई संगीन धाराएं लगीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चंदौली के पूर्व एसपी अमित कुमार द्वितीय समेत 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गाजीपुर के नंदगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। यह कार्रवाई नंदगंज पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश पर की है। वाराणसी निवासी सिपाही अनिल सिंह ने चंदौली तैनाती के दौरान शिकायत की थी।

अनिल ने मुगलसराय थाने में हर महीने 12.50 लाख रुपये की वसूली की सूची वायरल कर दी थी। इसके बाद काफी बवाल मच गया। मामले की जांच एसआईटी ने की। आरोप सही पाए गए। इसी बीच सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया। उसका अपहरण कर फर्जी मामले में गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया गया।

वाराणसी के मडुवाडीह निवासी अनिल कुमार सिंह उप्र. पुलिस में कांस्टेबल है। उनकी तैनाती 2021 में चंदौली के मुगलसराय थाने में थी। अनिल ने मुगलसराय थाने में तैनाती के दौरान वहां चल रहे वसूली के खेल का खुलासा कर दिया। अनिल ने आरोप लगाया कि थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा और एसपी अमित कुमार के संरक्षण में हर माह 12.50 लाख रुपये की वसूली की जाती थी।

अनिल की शिकायत पर जांच में सही पाए गए आरोप

सिपाही अनिल की शिकायत पर तत्कालीन डीआईजी विजिलेंस लव कुमार ने जांच कराई। जांच में सारे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद बदला लेने के लिए तत्कालीन चंदौली के एसपी अमित कुमार द्वितीय, इंस्पेक्टर ने सिपाही अनिल को झूठे मामले में फंसा दिया। भ्रष्टाचार का खुलासा करने में अनिल सिंह का सहयोग मंजूनाथ, अमित जेठवा, सत्येंद्र कुमार दूबे और सतीश सेठी ने मदद की थी। इसके बाद अनिल को छोड़कर इन सभी चारों की हत्या कर दी गई। बाद में अनिल सिंह गाजीपुर के नंदगंज बड़हरा स्थित अपनी ससुराल में रहने लगा। अनिल का आरोप है कि 5 सितंबर 2021 को आरोपी पुलिसकर्मियों ने उनका अपहरण कर लिया और हत्या का प्रयास किया गया। समय रहते उनकी बेटी खुश्बू ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी थी।

- सिपाही ने की थी 12.50 लाख रुपये की वसूली सूची वायरल

इन पर दर्ज हुई एफआईआर

नंदगंज थाने में नोएडा में तैनात आईपीएस व पूर्व एसपी चंदौली अमित कुमार द्वितीय, कोतवाली इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अजीत कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार यादव, इंस्पेक्टर सत्येंद्र विक्रम सिंह, सिपाही आनंद कुमार गोंड, राणा प्रताप सिंह, अमित सिंह, भुल्लन यादव, देवेंद्र कुमार सरोज, प्रेम प्रकाश यादव, नीरज कुमार मिश्र, अंकित सिंह, गौरव राय, रोहित कुमार, मनोज कुमार, आनंद सिंह, अजीत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रदेश में अभी छाया रहेगा कोहरा

लखनऊ,अमृत विचार: मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए सुबह और शाम घने कोहरे की संभावना जतायी है। साथ ही तापमान में भी और गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उप्र. के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक कोहरा छाया रहेगा। दिसंबर की शुरुआत कोहरे की सफेद चादर में लिपटी होगी। आने वाले 24 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है, जिससे दिन में भले धूप खिली रहे लेकिन जाड़ा और बढ़ेगा।

लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, गोरखपुर, अलीगढ़, और संत कबीर नगर समेत कई जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई गई है। इन क्षेत्रों में लोगों को ठंड के साथ-साथ दृश्यता कम होने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

जाड़े के साथ हवा की गुणवत्ता भी खराब हो रही है। प्रदूषण का स्तर कई जिलों में खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। दिल्ली से सटे इलाकों में स्थिति गंभीर है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई अब 4 दिसंबर को

- वादियों का दावा है कि औरंगजेब ने मंदिर को ध्वस्त कर दिया था

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कुछ देर तक अधिवक्ताओं के तर्कों को सुना और उसके बाद सुनवाई आगामी 4 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

बता दें कि पिछली सुनवाई में शाही ईदगाह मस्जिद द्वारा दाखिल एक आवेदन को अनुमति दी गई, जिसमें ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव (वाद संख्या 3) द्वारा दाखिल मुकदमे में पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। आवेदक ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि वह इस मुकदमे में एक आवश्यक और उचित पक्ष है, क्योंकि वादी के दावों का कोई आधार नहीं है। मस्जिद के नीचे या उसके मंच या सीढ़ियों पर कोई मूल्यवान मूर्ति या प्रतिमा नहीं रखी गई है। इसके अलावा आवेदक ने कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति मांगी, जिससे मामले में उचित और प्रभावी निर्णय किया जा सके, अन्यथा आवेदक के हित खतरे में पड़ सकते हैं।

उक्त तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि आवेदक अधिकांश मुकदमों में विपक्षी है और वह अधिकांश मुकदमों में स्वयं प्रभावी ढंग से मुकदमा लड़ रहा है, इसलिए उसे वाद संख्या 3 में भी विपक्षी के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि आवेदक एक आवश्यक पक्ष नहीं है, लेकिन मुकदमे में एक उचित पक्ष अवश्य है और मुकदमे में एक पक्ष के रूप में शामिल होने का हकदार है।

अंत में कोर्ट ने वादी को एक सप्ताह के भीतर आवेदक को विपक्षी के रूप में पक्षकार बनाने के लिए शिकायत में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मालूम हो कि मुकदमे में वादियों का दावा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब ने 1670 में कटरा केशव देव मंदिर को ध्वस्त कर दिया था और बहुमूल्य हीरे और सोने के आभूषण लूट लिए थे।

जातिगत-जनगणना करा के ही मानेंगे : अखिलेश यादव

लखनऊ, अमृत विचार: प्रदेश में उपचुनाव संपन्न होने के बाद सपा प्रमुख ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है, पीडीए को एकजुट करने के एक बार फिर जातिवार जनगणना के मुद्दे को हवा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जातिगत-जनगणना हमेशा के लिए नहीं टाल सकती है। हम एक दिन गिनवा के ही मानेंगे।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर राज्य में 21 वीं पशुधन जनगणना अंतर्गत वाराणसी में शुरू होने वाली पशु-पक्षियों की डिजिटल काउंटिंग को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसते हुए, पीडीए को संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज में जाति छोड़कर सब कुछ गिना जाएगा। मालूम हो कि देश में जातिवार जनगणना के मुद्दे को लेकर सपा और कांग्रेस आदि राजनैतिक दलों ने लोकसभा चुनाव पूर्व उठाया था

बच्चों की थाली का आहार होगा और बेहतर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की थाली में 1 दिसंबर से आहार और बेहतर होने जा रहा है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाला यह आहार अब और पोषणयुक्त होगा। इसके लिए सरकार ने बजट को और बढ़ा दिया है। पीएम पोषण योजना (मध्यान्ह भोजन) की यह धनराशि लंबे समय बाद बढ़ाई गई है। नई दरें 1 दिसंबर से लागू हो रही हैं। प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की थाली के लिए जहां 72 पैसे बढ़ाए गए हैं, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 1 रुपये 12 पैसे की वृद्धि की गई है।

- पीएम पोषण योजना के लिए 1 दिसंबर से लागू होंगी नई दरें

अब प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के आहार के लिए 6 रुपये 19 पैसे और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 9 रुपये 29 पैसे प्रति छात्र, दर की गई है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के पीएम पोषण डिवीजन की ओर से इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि यह योजना केंद्र-राज्य भागीदारी के आधार पर चलती है। इसकी शुरुआत 15 अगस्त 1995 को हुई थी।

उत्तर प्रदेश में यह योजना 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की फंडिंग से संचालित की जा रही है। नई दरों में प्राथमिक विद्यालयों में 3 रुपये 71 पैसे प्रति छात्र केंद्र सरकार की ओर से दिया जाएगा, जबकि राज्य सरकार का योगदान 2 रुपये 48 पैसे होगा।

ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर टकराव बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व कार्मिक संगठनों के बीच टकराव बढ गया है। कॉरपोरेशन प्रबंधन का कहना है कि कंपनियां बनने से कार्मिकों की सेवा-शर्तें प्रभावित नहीं होंगी, जबकि कर्मचारी संगठनों ने कर्मियों की छंटनी की आशंका जाहिर की है।

कॉरपोरेशन स्तर पर गुरुवार को हुई चर्चा में तय किया गया कि ऊर्जा सुधार के दौरान समझौते में अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा-शर्तों, वेतन, प्रोन्नति व टाइम स्केल आदि के बारे में स्पष्ट प्रावधान किया जाएगा, ताकि उनके हितों को कोई नुकसान न होने पाए। उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं दी जा सकें। इसके लिए नई कंपनियों का चेयरमैन शासन के अधिकारी को रखने का प्रावधान किया जाएगा।

नई कंपनी व निजी पार्टनर इस समझौते के तहत कार्य कर सकेंगे। नई कंपनियां बनने पर अधिकारियों व कर्मचारियों का हित सुरक्षित रहेगा। सेवा शर्तें, सेवानिवृत्ति लाभ आदि में कोई घटोतरी नहीं होगी। अधिकारी कर्मचारियों को कई विकल्प दिए जाएंगे। इसमें तैनाती वाले स्थान पर बने रहने, दूसरे वितरण निगमों में स्थानांतरित होने, आकर्षक पैकेज लेने व प्रस्तावित कंपनी में कर्मियों को भागीदारी देने का विकल्प होगा। प्रदेश सरकार नई कंपनी में उनको हिस्सेदारी देने पर भी विचार करेगी।



निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे बिजली कर्मी-संघर्ष समिति

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा कि सेवा शर्तों को लेकर प्रबंधन गुमराह कर रहा है। बिजली कर्मी निजीकरण कतई स्वीकार नहीं करेंगे। समिति ने कहा कि निगमों के निजीकरण से कर्मचारियों के लगभग 68 हजार पद समाप्त हो जाएंगे। इन कर्मचारियों की छंटनी होगी। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल आदि ने आरोप लगाया कि अरबों-खरबों रुपये की बिजली कंपनियों की परिसम्पत्तियां कौड़ियों के मोल बेची जा रही है।

आरक्षित वर्ग के कर्मियों ने जताया विरोध

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन से जुड़े आरक्षित वर्ग के कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया पर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आरक्षण संवैधानिक अधिकार है, इसके साथ कोई भी खिलवाड नहीं होने दिया जाएगा।

वर्ग पहेली-266

बाएं से दाएं

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा, प्रबल धनलिप्सा, संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

ऊपर से नीचे

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



वर्ग पहेली -265 का हल

1 के	द	■	■	■	■	2 घूँ
मा	■	3 पे	4 प	र	वे	ट
■	5 स्	■	चे	■	■	ना
6 अ	व	हे	लि	त	■	■
■	यं	■	म	■	7 म	■
■	से	■	■	8 जू	झ	ना
9 नि	वा	र	ण	■	ला	■

सुडोकू -179

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7					5		3
		6					9	
	5							1
		5	7					
						4		
	9				8	3		
		9					5	
	2					6		
		3			2		4	

सुडोकू - 178 का हल

2	6	8	3	1	9	7	5	4
1	7	4	8	5	6	2	3	9
9	3	5	4	7	2	6	8	1
7	9	6	5	3	4	8	1	2
8	4	2	9	6	1	3	7	5
3	5	1	7	2	8	4	9	6
6	1	3	2	8	5	9	4	7
4	2	7	1	9	3	5	6	8
5	8	9	6	4	7	1	2	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 नवंबर, शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 08.39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 10.18 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने की संभावना है। साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। आपके सभी काम बेहतरीन तरीके से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद उठाएंगे। अपने खानपान की आदतों पर ध्यान दें।

वृष — आज जॉब में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कोई कठिन कार्य पूरा हो सकता है। किसी से ईर्ष्या व द्वेष न करें। आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जॉब में सहकर्मियों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

मिथुन — आज प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में धन लाभ मिलेगा। नव विवाहित लोग ट्रिप के लिए जा सकते हैं। अपने प्रेमीजन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ है। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में रुकावटें होने की संभावना है। युवा अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। नजदीकी लोगों की सलाह की उपेक्षा करना नुकसानदेह हो सकता है। दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्चे बढ़ने से मन अप्रसन्न रहेगा।

सिंह — आज आपकी संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। करियर में बड़ा बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। दांपत्य संबंधों में भावनात्मक लगाव और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। बाहर का भोजन करने से पाचन खराब हो सकता है। अपने खर्चों में कटौती करें वरना बजट गड़बड़ा सकता है। संतान के व्यवहार से थोड़ा आहत हो सकते हैं।

तुला — आज पुराने निवेश के माध्यम से धन लाभ होगा। युवा जातक प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस का काम पूरी मेहनत से करेंगे। कारोबार में उत्तम धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा।

वृश्चिक — आज तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। बिना मांगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है। दवाइयों पर धन खर्च करना पड़ेगा। अनैतिक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

धनु — आज शेयर मार्केट से धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसंद करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है। उच्च अधिकारी आपके काम से काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

मकर — आज कारोबार में बड़ा प्रयोग कर सकते हैं। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद शांत होंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। रिश्तों में मधुरता का आनंद लेंगे।

कुंभ — आज शोधकार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिन शुभ है। दांपत्य संबंधों में थोड़ी उठा-पठक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

मीन — आज अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कारोबार में बड़ा निवेश करने से पहले पूरी जांच-परख कर लें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
नसीब — सुबह : 08.41
मि. इंडिया — रात : 07.21

&pictures
लिंगा — सुबह : 09.35
वेलकम बैक — रात : 08.00

SONY PIX
घोस्ट राइडर — सुबह : 11.39
300 — रात : 07.12

ZEE CINEMA
रकंदा — दोपहर : 01.24
ओएमजी : ओ मांची घोस्ट — रात : 08.00

ZEE ACTION
गद्दार — सुबह : 10.52
त्रिदेव — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू- बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

बिट्टू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं!
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।
बिट्टू की बात सुनकर सोनू हैरान रह गया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	79,043.74	23,914.15
गिरावट	1,190.34	360.75
प्रतिशत में	1.48%	1.49%

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2325, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2270, रविन्द्रा 2310, फॉर्चुन ली. 2080, जय जवान 1990, सचिन 2110, सूरज 2015, अवसर 2130, राग गोल्ड 2240, गृहणी ली 2090, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2095, ब्लू 2260, आशीर्वाद मस्टर्ड 2230, स्वास्तिक 2295 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000-20000, धनिया 8500-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-780, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1100 । चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9900, स्पाइस 6800, शरबती कच्ची 4750, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4650, खजाना 4600 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10400, राजमा चित्रा 12000-13000, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8450, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 8600, डबरा 10000-11200, सच्चा हीरा 12500, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 10600, अरहर पटका मोटा 11100, अरहर कोरा मोटा 11500, अरहर पटका छोटा 15000-15700, अरहर कोरी छोटी 16800 । चीनी - डालमियां 3970, पीलीभीत 3950, नवाबगंज 3940, बहेड़ी नयी 3960 ।

तेज बिकवाली से सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

सेंसेक्स 1,190 तो निफ्टी 361 अंक गिरा, इन्फोसिस, रिलायंस और एचडीएफसी में भारी बिकवाली

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर गुरुवार को कुछ दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तगड़ी बिकवाली से गिरावट आई। सेंसेक्स 1,190 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 361 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 1,190.34 अंक यानी 1.48% का गोता लगाते हुए 79,043.74 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,315.16 अंक गिरकर 78,918.92 पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.50 लाख करोड़ घटकर 442.98 लाख करोड़ रुपये रह गया। एनएसई का निफ्टी भी 360.75 अंक यानी 1.49% गिरकर 23,914.15 पर आ गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि सप्ताह की मजबूत शुरुआत के बाद घरेलू बाजारों में गिरावट रहा। ब्याज दरों में कटौती से अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से अमेरिकी बाजार में बिकवाली का जोर रहा, जिससे आईटी और विवेकाधीन खर्च से जुड़े उत्पादों के शेयरों में गिरावट आई। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड गिरावट के साथ बंद हुईं। वहीं, एसबीआई लाभ में रहने वाला एकमात्र शेयर रहा। विवादों में घिरे अडाणी समूह की पांच कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। अडाणी टोटल गैस में 16% की तेजी रही जबकि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 10%, अडाणी ग्रीन एनर्जी 10% और अडाणी एंटरप्राइजेज 1.63% चढ़ गए।

- बीएसई की कंपनियों की पूंजी 1.50 लाख करोड़ घटकर 442.98 लाख करोड़ हुई
- ब्याज दरों में कटौती पर अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने का दिखा असर

स्मालकैप में बढ़त तो मिडकैप में आई गिरावट

छोटी का स्मालकैप 0.41% की बढ़त पर रहा जबकि मिडकैप में 0.06% की गिरावट रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वायदा एवं विकल्प सौदों के मासिक निपटान और कमजोर वैश्विक संकेतों से निफ्टी गिरा। रूस-यूक्रेन संघर्ष तेज होने और अमेरिकी ब्याज दर पर अनिश्चितता ने भी धारणा पर असर डाला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार प्रौद्योगिकी कंपनियों में बिकवाली के असर में गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 7.78 करोड़ के शेयरों की खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49% बढ़कर 73.18 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

भारत को नई कर संहिता की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

विशेषज्ञों ने कहा है कि समग्र रूप से नई कर संहिता की जरूरत है, जिसमें कम दर, कर आधार बढ़ाने, बेहतर संग्रह और विकसित भारत के लिए अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। विशेषज्ञों ने कहा कि शुद्ध कर राजस्व बढ़ाने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कर की कुछ ही और कम दरें, कानूनी विवाद में कमी, समावेशी कर आधार और कुशल कर संग्रह पर ध्यान देने की जरूरत है।

2025-26 का आम बजट एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के पूर्व चेयरमैन पीसी झा ने कहा कि यह निश्चित रूप से अच्छी स्थिति नहीं है कि जीएसटी के तहत हमारे पास इतनी सारी कर दरें हैं। आदर्श रूप से, जीएसटी में कर की एक दर होनी चाहिए, लेकिन हमारे देश में एक कर दर होना संभव नहीं है। थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) के सेमिनार में उन्होंने कहा कि 12, 18 को मिलाकर 16 की एकल दर बनाई जा सकती है और तीन कर दरों (5%, 16% और 28%) पर विचार हो सकता है। कराधान प्रणाली में वर्तमान प्रावधानों को सरल बनाने की आवश्यकता का समर्थन करते हुए ईवाई के साझेदार राजीव चुघ ने कहा कि कर दरों में कमी से नागरिकों और कंपनियों के हाथों में खर्च योग्य आय बढ़ेगी। यदि इसे युक्तिसंगत बनाया जाए, तो इससे अर्थव्यवस्था में तेजी आ सकती है।

- विशेषज्ञों ने कहा- कम दर, कर आधार बढ़ाने, संग्रह के अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

कर कानूनों को सरल बनाने की आवश्यकता

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि कर कानूनों को सरल बनाने, अनुपालन पर ध्यान देने के साथ उनमें एकरूपता लाने तथा कर आधार को बढ़ाने की आवश्यकता है। मोहन ने कहा कि सरकार 50% से अधिक मुकदमे सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने से पहले ही हार जाती है। हाल ही में, हमने देखा है कि ऐसी कंपनियों पर कर की मांग की गई है, जिनके पास कर मांग के आकार का राजस्व भी नहीं है। इसलिए, अधिक कुशल कर प्रणाली के लिए कानूनी विवाद के मामलों में कमी लानी होगी। लीगेसी ग्रोथ के प्रबंध साझेदार सूरज मलिक ने कहा कि हालांकि कर कानूनों में क्रमिक परिवर्तन हुए हैं और बहुत सी अस्पष्टताएं दूर हो गई हैं। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय प्रक्रियाओं में अभी भी बड़ा अंतर है और विदेशी निवेशक भारतीय कर कानूनों में एकरूपता की तलाश कर रहे हैं।

ओएनजीसी को मिले 4 तेल क्षेत्र, पट्टे का इंतजार

नई दिल्ली। तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी ने प. बंगाल में अशोकनगर के पास छह साल में चार और तेल क्षेत्रों की खोज की है, लेकिन उनके खनन पट्टे के लिए राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने 24 सितंबर, 2018 को ब्लॉक डब्ल्यूबी-ओएनएन-2005/4 में अशोकनगर की पहली खोज को अधिसूचित किया था। यह खोज बंगाल तलछटी बेसिन में ओएनजीसी के निरंतर अन्वेषण प्रयासों का परिणाम है।

ईपीएफओ सदस्य बढ़ा सकेंगे उच्च पेंशन में अंशदान

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रम मंत्रालय अधिक पेंशन के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को ज्यादा अंशदान की अनुमति दे सकता है। इसके लिए मंत्रालय कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) में सुधार पर विचार कर रहा है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12%, ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12% योगदान में से 8.33% ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67% ईपीएफ खाते में जमा होता है। यदि सदस्य अपने ईपीएस-95 खाते में अधिक योगदान करते हैं तो उन्हें अधिक पेंशन मिलेगी। इसलिए, मंत्रालय इसकी अनुमति देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। कर्मचारियों को संशोधित ढांचे के तहत पेंशन लाभ बढ़ाने के लिए ईपीएस-95 में योगदान करने की भी अनुमति दी जा सकती है। सूत्र ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा लाभ में सुधार के अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार देश में रोजगार सृजन पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

- कर्मचारी पेंशन योजना 1995 में सुधार करने पर विचार कर रहा श्रम मंत्रालय

हमारे निर्देश से एसएमएस, ओटीपी मिलने में नहीं होगी देरी : ट्राई

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने गुरुवार को कहा कि अनचाही कॉल एवं संदेशों (स्पैम) पर अंकुश लगाने को दूरसंचार कंपनियों को एसएमएस का स्रोत सुनिश्चित करने संबंधी आदेश से संदेश या ओटीपी मिलने में कोई देरी नहीं होगी। ट्राई ने एक्स उन रिपोर्टों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि एक दिसंबर से ओटीपी संदेश मिलने में देरी हो सकती है। ट्राई ने कहा कि यह सूचना गलत है। ट्राई ने सेवा प्रदाताओं को संदेश भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिया है। इससे संदेश की आपूर्ति में देरी नहीं होगी। नियामक का यह स्पष्टीकरण कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और ई-कॉमर्स जैसे ओटीपी-आधारित लेनदेन में देरी का सामना करना पड़ सकता है।

- 1 दिसंबर से ओटीपी संदेश में देरी की खबर को नियामक ने किया खारिज

सहकारी क्षेत्र में 2030 तक 5.5 करोड़ नौकरियां सृजित करने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सहकारी क्षेत्र में 2030 तक प्रत्यक्ष रूप से 5.5 करोड़ नौकरियां और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की क्षमता है। प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने गुरुवार को सहकारी क्षेत्र पर जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत का सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30 लाख सहकारी समितियों में से 30% का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत 2030 तक 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में सहकारी क्षेत्र आशा तथा क्षमता की किरण बना है। रिपोर्ट अनुसार भविष्य की ओर देखते हुए सहकारी समितियों में 2030 तक 5.5 करोड़ प्रत्यक्ष रोजगार और 5.6 करोड़ स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है, जिससे रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उनकी भूमिका और बढ़ जाएगी। इसमें कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर उनका प्रभाव भी उतना ही प्रभावशाली है। इनका 2030 तक संभावित योगदान 3 से 5% तक हो सकता है। प्रत्यक्ष तथा स्वरोजगार दोनों की बात करें तो यह 10% से अधिक हो सकता है।

- प्रबंधन परामर्श कंपनी प्राइमस पार्टनर्स ने सहकारी क्षेत्र पर जारी की रिपोर्ट
- भारतीय सहकारी तंत्र वैश्विक स्तर पर 30% का करता है प्रतिनिधित्व

राष्ट्रीय

अडाणी-संभल मुद्दे पर गतिरोध जारी, नहीं चले दोनों सदन

हंगामे के बीच लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए किया गया स्थगित

- सत्र के पहले दिन से विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है
- लोस अध्यक्ष ने कहा- जिनका देश से संबंध नहीं, आप उन्हें उठा रहे हैं
- रास में सभापति ने बोले- संसदीय अवरोध समाधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में हंगामा करते विपक्ष के सदस्य।

संसद में गुरुवार को अडाणी समूह से जुड़े आरोपों तथा संभल हिंसा सहित कई मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे से तीसरे दिन गतिरोध बना रहा तथा लोकसभा एवं राज्यसभा को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे से दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए। सोमवार से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन से अडाणी समूह से जुड़े आरोपों एवं संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार पर दबाव बनाए हुए है जिसके कारण दोनों सदनों में गतिरोध कायम है।

लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों को इंगित करते हुए कहा कि जनता ने आपको अनेक आकांक्षाओं के साथ यहां भेजा है, आपको उनकी चिंताएं और क्षेत्र की समस्याएं उठानी चाहिए। बिरला ने कहा कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं, चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं को अपनाया जाता है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही में डाले जा रहे व्यवधान पर चिंता जताते हुए कहा कि संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है बल्कि यह एक रोग है जो देश की नींव को कमजोर करता है और संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है। लोकसभा में कांग्रेस, सपा समेत विपक्षी दलों ने अडाणी समूह तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी ने मिलकर फैसला किया था कि कौन सा विधेयक आएगा और कब आएगा जो बाकी मुद्दे हैं उन पर चर्चा का अलग अलग नियम बना हुआ है। राज्यसभा में सभापति धनखड़ ने सदन की बैठक शुरू होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और फिर बताया कि उन्हें अडाणी, मणिपुर और संभल हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 16 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार किए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, अखिलेश प्रताप सिंह, सैयद नासिर हुसैन और आप के संजय सिंह आदि ने अडाणी समूह के कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सपा के रामजी लाल सुमन और रामगोपाल यादव, भाकपा (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम सहित कुछ अन्य सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा पर चर्चा को नोटिस दिए थे जबकि द्रमुक के तिरूचि शिवा और भाकपा के पी संदोष सहित कुछ ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा के लिए नोटिस दिए। धनखड़ ने सभी को अस्वीकार करते हुए कहा कि इन मुद्दों को प्रावधानों के तहत उठा सकते हैं।

अदालत के नोटिस को बताया चिंताजनक

अजमेर/नई दिल्ली, एजेंसी

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद गुरुवार को उस वक्त गहरा गया जब इसे लेकर नेताओं एवं अन्य के बयान सामने आए। कुछ ने इसको चिंताजनक तो किसी ने दुखदायी बताया।

अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार किया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरगाह कमेटी के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने कहा कि बाबरी मस्जिद पर फैसले को स्वीकार किया और हमें विश्वास था कि उसके बाद कुछ नहीं होगा, लेकिन ऐसी चीजें बार-बार हो रही हैं। इसे रोका जाना चाहिए। इससे संबंधी अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

अजमेर दरगाह

- 20 दिसंबर को होगी वाद से संबंधी अगली सुनवाई

हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दाखिल याचिका में हर बिलास शारदा की किताब का हवाला देते हुए दावा किया कि जहां दरगाह है वहां शिव मंदिर था। कई अन्य तथ्य जो साबित करते हैं कि दरगाह से पहले शिव मंदिर था। यूनाइटेड मुस्लिम फोरम राजस्थान के अध्यक्ष मुजफ्फर भारती ने कहा कि यह याचिका उपासना स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस बयान से सहमति जताई। भाकपा (मार्क्सवादी) ने उच्चतम न्यायालय से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। वहीं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने एक्स पर लिखा, चिंताजनक। नया दावाः अजमेर दरगाह में शिव मंदिर। हम इस देश को कहां ले जा रहे हैं? और क्यों? राजनीतिक लाभ के लिए?"

कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया तो दिक्कत क्या : गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर किसी ने याचिका दायर की है और अदालत ने सर्वे का आदेश दिया है तो इसमें दिक्कत क्या है? यह सत्य है कि जब मुगल आक्रांता आए थे, तो उन्होंने हमारे मंदिरों को तोड़ा था.. अब आप कहेंगे कि कितने मस्जिदों के बारे में आप दावा करेंगे, तो मैं कहूंगा कि आज तक कांग्रेस की सरकार केवल तुष्टीकरण करती रही आक्रांताओं द्वारा मंदिरों पर मस्जिद बनाने का जो मुहिम चला था उसे 1947 में ही समाप्त कर दिया गया होता, तो आज हमें अदालत में अर्जी देने की जरूरत नहीं पड़ती।

एक नजर

सीजीएसटी अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

इंदौर। सीबीआई ने गुरुवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग के अधीक्षक केपी राजन को 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा। सीबीआई के अनुसार अधीक्षक के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। जीएसटी की राशि वापसी से जुड़े मामले के निपटारे में यह राशि मांगी जा रही थी। शिकायत पर सीबीआई ने राजन को संबंधित व्यक्ति से 15 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

कर्नाटक : एमयूडीए के पूर्व आयुक्त से पूछताछ

मैसूरु। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को अपने पूर्व आयुक्त पीएस कांताराजू से पूछताछ की। कांताराजू सितंबर 2017 से नवंबर 2019 तक एमयूडीए के आयुक्त थे। एमयूडीए के पूर्व आयुक्त ने बताया कि उन्होंने मामले से संबंधित सभी बिंदु जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

यासीन मलिक से सुप्रीम कोर्ट ने किया जवाब-तलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े जिरह का मुकदमा जम्मू से दिल्ली स्थानांतरित करने की सीबीआई की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया।

भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का वीडियो संकलन साझा करते हुए गुरुवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है। वीडियो में ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम गाते और पोलैंड और मास्को में गरबा, कजान में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार थे, जो मोदी का उल्लेख करते हुए गीत गा रहे हैं।

छापे के दौरान दिल्ली में ईडी टीम पर हमला

नई दिल्ली। साइबर धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली में फार्महाउस पर छापेमारी के दौरान ईडी की टीम पर गुरुवार को हमला किया गया, जिससे एक अधिकारी घायल हो गया। राष्ट्रीय राजधानी के बिजवासन क्षेत्र स्थित एक फार्महाउस पर हुई घटना के संबंध में एजेंसी ने दिल्ली पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली के कुछ अन्य स्थानों पर भी छापे मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फार्महाउस अशोक कुमार शर्मा का है, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं।

वक्फ समिति का कार्यकाल बजट सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल गुरुवार को अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ा दिया। समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

पाल के नेतृत्व में बुधवार को हुई समिति की बैठक में सदस्यों ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पर सर्वसम्मति व्यक्त की थी। बैठक में प्रस्ताव के माध्यम से निर्णय लिया गया कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह करेगी कि उसका कार्यकाल अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाया जाए। टीएमसी सांसद और समिति सदस्य कल्याण बनर्जी ने कहा कि कार्यकाल बढ़ने से सभी सबंधित लोगों और समूहों को अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। समिति की अब तक हो चुकीं 25 से अधिक बैठकों में कई मौकों पर पाल और विपक्षी सदस्यों के बीच गतिरोध देखने को मिला है। विपक्ष ने पाल पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया थ्ार जिसका भाजपा सांसद ने खंडन किया था। सरकार ने वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गत 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया था, जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला हुआ था। इस विधेयक में वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव रखा गया है, जिनमें वक्फ निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक में वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम बदलकर 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' करने का भी प्रावधान है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण के अनुसार, विधेयक में यह तय करने की बोर्ड की शक्तियों से संबंधित मौजूदा कानून की धारा 40 को हटाने का प्रावधान है कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं।

- समय बढ़ाने का प्रस्ताव को लोकसभा से मिली स्वीकृति

महंगाई बढ़ रही, सरकार आंकड़ों की बाजीगरी में लगी है : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनता की भलाई के लिए काम करने के बजाय केवल प्रचार और आंकड़ों की बाजीगरी में लगी हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री का ध्यान महंगाई घटाने पर नहीं, आंकड़ों को कम दिखाने पर है। रमेश ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों को इस तरह से पेश करने की कोशिश जा रही है कि महंगाई नियंत्रित दिखे, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आम जनता की जेब पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 वर्षों में मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से महंगाई बढ़ी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि खाद्य पदार्थों, ईंधन, और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। विशेष रूप से दाल, तेल, सब्जी और दूध जैसे आवश्यक खाद्य उत्पादों की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जो परिवारों के बजट पर भारी बोझ डाल रही हैं।

पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा लाभ लेने के आरोप में बर्खास्त पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण इस बीच जारी रहेगा। दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता संघ लोक सेवा आयोग के वकील द्वारा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किए जाने के बाद अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को सुना गया। आदेश सुरक्षित रखा जाता है।

महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को काम पूरा होने में देरी के 'मामूली आधार' पर हटाने के संबंध में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जल भुइयां ने इसे औपनिवेशिक सोच करार दिया और उनकी बहाली के आदेश दिए। साथ ही सरकार पर अवांछित मुकदमेबाजी और उत्पीड़न के लिए एक लाख का जुर्माना भी लगाया। पीठ के 14 नवंबर को पारित आदेश में कहा गया कि हमें गहरी चिंता है कि इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति हो रही है, जहां प्रशासनिक अधिकारी और ग्राम पंचायत सदस्य महिला सरपंचों के खिलाफ प्रतिशोध लेने के लिए मिलीभगत करते हैं। चिंताजनक रूप से, निर्वाचित महिला प्रतिनिधि को हटाना, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर मामूली मामला माना जाता है, जिसमें प्राकृतिक न्याय और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के सिद्धांतों की अवहेलना को एक पुरानी परंपरा के रूप में माना जाता है। सोनम लकड़ा (27) ने जनवरी 2020 में राज्य के जशपुर जिले के साजबहार पंचायत के सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के बाद अधिकारियों द्वारा उन्हें हटाए जाने को चुनौती दी थी।

- महिला सरपंच को हटाने पर छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को कोर्ट ने फटकारा
- शीर्ष अदालत ने दिया बहाली करने का आदेश

चैंपियंस ट्रॉफी पर आज होगा फैसला

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शक्तिशाली बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर मुख्य चर्चा होगी। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी को बता दिया है वह टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पाकिस्तान दूसरी तरफ टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित नहीं करने पर अड़ा हुआ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक वर्चुअल तरीके से होगी और इसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर कोई हल निकलने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा इस समय हाइब्रिड मॉडल सबसे अच्छा विकल्प है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में शामिल सभी

- बोर्ड आईसीसी बोर्ड की बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर होगी मुख्य चर्चा

पक्ष टूर्नामेंट के हित में समझदारी भरा फैसला लेंगे। भारत और पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट का आयोजन करना अच्छा नहीं है। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी की चमक फीकी पड़ जाएगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान होगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रसारक जियो स्टार ने पहले ही आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क कर कार्यक्रम के बारे में अंतिम निर्णय पर पहुंचने में हो रही देरी पर अपनी निराशा व्यक्त की है। आईसीसी और प्रसारणकर्ता के बीच हुए अनुबंध के अनुसार संचालन संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वह टूर्नामेंट का कार्यक्रम कम से कम 90 दिन पहले दे, लेकिन यह समय सीमा पहले ही पार कर ली गई है।

इस सूत्र ने भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने की संभावना को खारिज करते हुए कहा मुझे नहीं लगता कि टेलीविजन अधिकार धारक इस बात से सहमत होंगे। वे ग्रुप चरण में ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की मांग करेंगे, ताकि टूर्नामेंट की लोकप्रियता और मौद्रिक आय में वृद्धि हो सके। दोनों टीमों का सामना अगर नॉकआउट चरण में होगा तो यह उनके लिए किसी बोनस की तरह होगा। भारत ने पहले ही तय कर दिया है कि नॉकआउट चरण में पहुंचने पर भी टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी ऐसे में यह चर्चा हाइब्रिड मॉडल के इर्द-गिर्द होगी।

हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं : पीसीबी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार नहीं करेगा। पीसीबी ने साथ ही विश्व संचालन संस्था से शुक्रवार को होने वाली बोर्ड बैठक में विकल्प पर चर्चा नहीं करने के लिए कहा है। भारत के पाकिस्तान में टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम संबंधित उलझन सुलझान के लिए आईसीसी ने कार्यकारी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। एक सूत्र ने पीटीआई से कहा मैं पुष्टि कर सकता हूं कि पीसीबी ने कुछ घंटे पहले आईसीसी को बताया है कि टूर्नामेंट का हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य नहीं है।

भारत में नहीं खेलेगा पाकिस्तान : नकवी

लाहौर। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान यात्रा करने से इनकार करने का हवाला देते हुए कहा कि भविष्य में टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान के भारत जाने की संभावना नहीं होगी। नकवी ने गद्दाफी स्टेडियम में कल रात निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा यह संभव ही नहीं है कि पाकिस्तान भारत में जाकर सभी टूर्नामेंट खेलता रहे और भारतीय अधिकारी अपनी टीम पाकिस्तान में खेलने के लिए भेजने को तैयार नहीं हों। हम ऐसी विषम स्थिति नहीं होने दे सकते।

गुकेश ने तीसरी बाजी जीत कर लिरेन पर बनाई मानसिक बढ़त

सिंगापुर, एजेंसी

भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में एक दिन के विश्राम के बार शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा।

18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं। इससे पहले गुकेश को शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था।

- विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आज चौथी बाजी के लिए डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे गुकेश

तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ-डेढ अंक हैं। गुकेश ने कहा बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा। गुकेश ने अच्छी वापसी करते हुए लिरेन को बराबरी पर रोका।

खेल डायरी

स्वियातेक ने डोपिंग में एक माह का निलंबन स्वीकारा

लंदन। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार किया। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को यह घोषणा की। अगस्त में स्वियातेक प्रतियोगिता से बाहर हुई जांच में विफल रही और आईटीआईए ने पोलैंड की 23 साल की खिलाड़ी के स्पष्टीकरण को स्वीकार कर लिया कि यह अनजाने में हुआ था। स्वियातेक यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी। आईटीआईए ने कहा कि उनकी गलती का स्तर लापरवाही की सीमा के सबसे निचले स्तर पर था। टेनिस में यह दूसरा हालिया हाई-प्रोफाइल डोपिंग मामला है। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर मार्च में स्टेरॉयड के लिए हुई जांच में विफल रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उमा को भारतीय टीम में जगह

मुंबई। अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में उमा छेत्री को जगह दी गई है। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने जुलाई में भारत के लिए पदार्पण किया था और अब तक चार टी-20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चाटिल यस्तिका भाटिया की जगह पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई का चिकित्सा दल भाटिया की रिकवरी पर नजर बनाये हुए है। पहला एकदिवसीय मुकाबला पांच दिसंबर को ब्रिस्बेन में होगा। दूसरा एकदिवसीय मैच आठ दिसंबर को ब्रिस्बेन में तीसरा एकदिवसीय मैच 11 दिसंबर को पर्थ में खेला जायेगा। टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रिया, रोड्रिग्स, हरलीन, ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा, तीतास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका, साइमा ठाकोर, उमा छेत्री शामिल हैं।

विलियमसन की पारी से न्यूजीलैंड ने टेस्ट पर बनाई पकड़

क्राइस्टचर्च। केन विलियमसन की शानदार (93), कप्तान टॉम लेथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 41) रनों की पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय आठ विकेट पर 319 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत खबरा रही और उसने दूसरे ही ओवर में डेवन कॉन्वे (दो) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान टॉम लेथम और केन विलियमसन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 58 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में ब्राइडन कार्स ने टॉम लेथम (47) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्लेन फिलिप्स ने (नाबाद 41) और टिम साउथी (नाबाद 10) रन बनाकर क्रीज पर थे।

तेज गेंदबाज सिद्धार्थ ने संन्यास की घोषणा की

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2018-19 में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करने वाले पंजाब के 34 वर्षीय तेज गेंदबाज कौल ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। कौल ने एक्स पर लिखा अब भारत में अपने करियर को खत्म करने और संन्यास की घोषणा करने का समय आ गया है। कौल 2008 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे। उन्होंने हालांकि विदेशी लीग में खेलने का विकल्प खुला रखा है। मैं भगवान को मेरे लिए बनाए गए मार्ग के लिए, प्रशंसकों को अंतहीन समर्थन के लिए, मेरे माता-पिता और परिवार को उन बलिदानों और आत्मविश्वास के लिए, विशेषकर चोटों और निराशाओं के दौरान धन्यवाद देना चाहता हूं। कौल ने कहा ड्रेसिंग रूम की यादों और दोस्ती के लिए मेरे साथियों को, भारत का प्रतिनिधित्व करने और 2008 अंडर-19 विश्व कप जीतने और 2018 में मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय पदार्पण करने के एक छोटे बच्चे के सपने को पूरा करने के लिए बीसीसीआई को।

सैयद मोदी इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप, महिला युगल में अश्विनी व तनीषा एवं श्रुति व प्रिया अंतिम आठ में

क्वार्टर फाइनल में सिंधु और सेन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में संघर्ष भरी जीत के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में स्थान बना लिया। पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में आज प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें महिला एकल में गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने धमाकेदार खेल दिखाकर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके अलावा दूसरी वरीय मालविका बंसोड (महिला), तीसरी वरीय किरण जार्ज (पुरुष) एकल एवं मिश्रित युगल में भारत की बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी उलटफेर का शिकार हो गई।

महिला युगल में पिछले संस्करण की उपविजेता शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो के साथ प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय पीवी सिंधु का मुकाबला आज हमवतन इरा शर्मा से हुआ जिसे पीवी सिंधु ने 21-10, 12-21, 21-15 से जीता। बीडब्लूएफ में

- मालविका बंसोड किरन जार्ज और बी.सुमित रेड्डी-सिकी रेड्डी उलटफेर का शिकार

पीवी सिंधु।

147वीं रैंकिंग इरा के खिलाफ जीत के लिए विश्व में 18वीं वरीय सिंधु को मशक्कत करनी पड़ी। पहला गेम में सिंधु ने आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में सिंधु शुरू में पिछड़ गई और इरा ने 11-1 तक की बढ़त बना ली थी। तीसरे व निर्णायक गेम में पीवी सिंधु ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पीवी सिंधु की टक्कर अब चीन की डाई वांग से होगी।पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को आसानी से सीधे गेम में 21-14, 21-13 से हराया। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य की अब अगले दौर में भारत के माइसनम लुआंग मेरबा से टक्कर होगी।

मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत को शीर्ष वरीय बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की हार से झटका लगा। इस जोड़ी को मलेशिया के लू बिंग कून व हो लो यी ने 19-21, 21-16, 21-13 से हराया। महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रिया कोन्जेंगबम व उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा की पांचवीं वरीय भारतीय जोड़ी हमवतन कविप्रिया सेल्वम व सिमरन सिंघी के खिलाफ 21-15, 21-12 की जीत से अंतिम आठ में पहुंच गई। शीर्ष वरीय भारत की तनीषा क्रैस्टो व अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की चेन सू यू व यी यिन एच को 21-19, 8-21, 21-12 से और दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी ने अश्विनी भट्ट व शिखा गौतम को 21-13, 21-10 से हराया।

श्रीयांशी और उन्नति अंतिम आठ में

महिला एकल में गैर वरीय भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय भारत की मालविका बंसोड को 21-12, 21-15 से हरा कर उन्हें चैंपियन बनने की दौड़ से बाहर कर दिया। महिला एकल में ही गैर वरीय भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21-18, 22-20 से उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया। महिला एकल में भारत की तस्नीम मीर ने पांचवीं वरीय भारत की अनुपमा उपाध्याय को 21-15, 13-21, 21-7 से हराया।

प्रिया कोन्जेंगबम व श्रुति मिश्रा

प्रियांशु राजावत

प्रियांशु अगले दौर में

पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के ले डक फट को 21-15, 21-8 से और भारत के आठवीं वरीय आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन होह को 21-12, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जापान के शोगो ओगावा ने तीसरी वरीय भारत के किरण जार्ज को 19-21, 22-20, 21-11 से हराकर उलटफेर किया।

हरिहरण व आरके रेथिना की जीत

पुरुष युगल में दूसरी वरीय भारत के हरिहरण व आरके रेथिना साबापति ने थाईलैंड के पी.काओसामंग व टैनडान पी. को 21-18, 21-17 से और भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी के .राय ने चीन के चेन झू जून व जीआर हान को 21-14, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ, पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो और महिला युगल में भारत की रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा भी जीत के साथ अंतिम आठ में पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिली भारतीय टीम

कैनबरा, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने 30 नवंबर से प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट) अभ्यास मैच से पहले यहां भारतीय क्रिकेट टीम के एक स्वागत

- कैनबरा में दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले स्वागत समारोह में हुई मुलाकात

समारोह में मेजबानी की। यह मैच मनुका ओवल में खेला जाएगा जो छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए अच्छी तैयारी के तौर पर काम करेगा। भारत पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज की थी। यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर रनों के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कप्तान रोहित ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी साथियों को उनसे मिलवाया।

वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

ऐडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के बो वेबस्टर को मिच मार्श के कवर के रूप में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए टीम में जगह दी है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कराने वाले वेबस्टर को शामिल किया गया हैं। वेबस्टर ने भारत ए के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में वेबस्टर 72.50 की औसत से 145 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 20 से कम औसत से सात विकेट भी लिए।

टेस्ट: रिकॉर्ड 42 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटी श्रीलंकाई टीम

डरबन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन (13 रन देकर सात विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां किंग्स्मीड में श्रीलंका को टेस्ट क्रिकेट में उसके न्यूनतम 42 रन के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर पाकिस्तान के खिलाफ कैंडी में 20 साल पहले का है जिसमें टीम महज 71 रन पर ढेर हो गई थी।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को पहली पारी में केवल 83 गेंद (13.5 ओवर) में आउट कर दिया। 100 साल में इतनी कम गेंद में पारी समेटने का भी यह रिकॉर्ड रहा। इंग्लैंड ने 1924 में दक्षिण अफ्रीका को 75 गेंद में ढेर कर दिया था। किंग्स्मीड पर भी यह न्यूनतम स्कोर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर रहा। न्यूजीलैंड की टीम 2013 में केपटाउन में 45 रन पर सिमट गई थी। पिच पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी के मुफीद लग रही थी और दक्षिण अफ्रीका ने सुबह चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलते हुए 111 रन जोड़े और पहली पारी 191 रन पर खत्म की।

बॉलीवुड हलचल

वैन डेम और बीस्ट से जैकलीन ने किया कोलैबरेशन

मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडिस ने हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल 2 में दिग्गज अभिनेता जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ काम करके एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। जैकलीन ने अपने टैलेंट और ग्लैमर के दम पर फैंस के दिलों में खास जगह बनाई है। इस साल उन्होंने न केवल अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी मजबूत की है। जैकलीन इस फिल्म में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने साबित किया है कि वे ग्लोबल मंच पर अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम हैं। इसके अलावा जैकलीन ने स्टॉर्मराइडर म्यूजिक वीडियो के जरिए अपनी सिंगिंग प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। यह गाना दर्शकों के बीच हिट रहा और उनके फैंस ने उनके इस नए अवतार को खूब सराहा। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें बॉलीवुड की पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाती है। एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि जैकलीन फर्नांडिस पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं, जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट के साथ एक प्रोजेक्ट में काम किया। यह कोलैबरेशन उनके सामाजिक सरोकारों और ग्लोबल अपील को दर्शाता है। उन्होंने ब्रांडिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

शाहिद की फिल्म देवा जनवरी को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर स्टारर देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा, 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म देवा मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित हैऔर इसे ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म लगभग एक साल बाद शाहिद कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का मौका है। फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे।

250 करोड़ पहुंची भूल भुलैया 3 की कमाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने भारतीय बाजार 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करने में कामयाब रही है। पहले दिन से ही फिल्म भूल भुलैया 3 अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ दर्शकों को हॉरर का तड़का भी देखने को मिला है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 158.25 करोड़ की कमाई की थी।फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 58 करोड़, तीसरे सप्ताह में 23.35 करोड़ और चौथे सप्ताह में अबतक 10.5 करोड़ की कमाई की है। भूल भुलैया 3 ने अबतक भारतीय बाजार में 250 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है।



लीवरपूल ने रियल मैड्रिड को हराया

लीवरपूल, एजेंसी

एलेक्सिस मैक एलिस्टर और कोडी गाकपो के गोल के दम पर लीवरपूल ने यूएफ चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

लीवरपूल की इस जीत में गोलकीपर कोइमहिन केलहर और रक्षापंक्ति के युवा खिलाड़ी कोनोर ब्रैडली ने भी प्रभावी योगदान दिया। केलहर ने मैच के 61वें मिनट में रियल मैड्रिड के दिग्गज किलीयन एमबापे की पेनल्टी कीक का शानदार बचाव किया जबकि 21 साल के ब्रैडली ने मैच के दूसरे हाफ में फ्रांस के इस खिलाड़ी को गोल करने के मौका बनाने से दूर रखा।

ब्रैडली का एमबाप्पे को शानदार तरीके से किया गया टैकल करना सोशन मीडिया पर वायरल हो गया। मैड्रिड की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 15 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पायदान पर है। चैंपियंस लीग के इस सत्र को नए

रियल मैड्रिड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

प्रारूप में खेला जा रहा है। जिसमें जनवरी के आखिरी में शीर्ष आठ स्थान पर रहने वाली टीमें अंतिम 16 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि नौ से 24वें स्थान की टीमें आठ स्थान के लिए प्लेऑफ मुकाबले में भिड़ेगी। इस हार के बाद मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में दो जीत से छह अंक के साथ 25वें पायदान पर है। टीम की यह पांच मैचों में तीसरी हार है। लीग के अन्य मैचों में बेनफिका ने मोनाको को 3-2 से हराया। मोनाको के पास इस मैच को जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका था लेकिन टीम पांच मैचों में 10 अंक के साथ आठवें पायदान पर है। बोरुसिया डॉर्टमंड ने डाइनेमो जगरेब को 3-0 से शिकस्त दी जबकि पीएसवी आइंडहोवन ने 3-2 से जीत दर्ज की।

यामल ने जीता 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

रोम। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्यूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सिद्धू ने किया अपनी पत्नी को घरेलू, प्राकृतिक आहारों से कैंसरमुक्त कर देने का दावा, विशेषज्ञ बोले- अप्रमाणित दावों के झांसे में आकर कैंसर का इलाज बाधित न करें

सिद्धू के दावे को सिरे से खारिज कर रहे चिकित्सा विशेषज्ञ

ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कैंसर के इलाज में आयुर्वेदिक इलाज कारगर है या एलोपैथिक? इस सवाल को लेकर विशेषज्ञों के अपने-अपने तर्क हैं। हालांकि इन दिनों इस विषय पर इस तर्क-वितर्क में पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का नाम देशव्यापी चर्चा में है। सिद्धू का दावा है कि उन्होंने अपनी पत्नी को घरेलू, प्राकृतिक आहारों से कैंसरमुक्त कर दिया।

यह दावा भले चर्चा-ए-आम हो लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ इसका सिरे से खंडन कर रहे हैं। एलोपैथिक चिकित्सक ही नहीं, आयुर्वेद विशेषज्ञों का भी मानना है आहार-विहार से इम्यूनिटी बढ़ती है, कैंसर ठीक होने का दावा अप्रमाणिक है। इस विषय को लेकर अमृत विचार ने विभिन्न संस्थानों के कैंसर व अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों से सिद्धू के वायरल वीडियो की तह तक जाने का प्रयास किया, प्रस्तुत है विशेषज्ञों की राय।

दावा गलत और अप्रमाणित है : डॉ. अर्जुन अग्रवाल

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली के प्रमुख डॉ. अर्जुन अग्रवाल का कहना है कि प्राकृतिक उपचार और आयुर्वेद पद्धति की दिनचर्या स्थापित करने से सामान्य व्यक्ति में कैंसर होने की संभावना कम होती है, उपवास करके स्टेज फोर का कैंसर ठीक करने जैसा दावा गलत और अप्रमाणित है।

सिद्धू ने दी है अपूर्ण जानकारी: डॉ. एके त्रिपाठी

किंग जार्ज चिकित्सा विवि के हेमोटोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके त्रिपाठी ने बताया कि सिद्धू द्वारा दी गई जानकारी अपूर्ण सूचना है। उन्होंने एक पक्षीय बात कहीं, एलोपैथिक इलाज लेने के बाद की स्थिति बतानी चाहिए थी। रोग बढ़ने के बाद प्राकृतिक उपचार से कंट्रोल करने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

सेलेब्रेटीज ऐसे दावे न करें : डॉ. आनन्द कुमार

केजीएमयू में इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आनन्द कुमार मिश्र कहते हैं कि, खुद के प्रचार के लिए सेलेब्रेटीज को उपचार के विषय पर नहीं बोलना चाहिए। ग्रामीण व अशिक्षित मरीजों के परिवारों में संदेह बैठ जाता है, और वह इलाज में लापरवाही बरतते हैं या बीच में छोड़ भी सकते हैं।

कैंसर के उपचार में देरी न करें : डॉ. रूपेन्द्र श्रीवास्तव

राजधानी के ही लोक बन्धु अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रूपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अप्रमाणित उपचारों के चक्कर में फंसकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में देरी न करें, बल्कि डॉक्टर से परामर्श करें। वरना, अफ़सोस करने के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

ऐसे उपाय अप्रमाणिक हैं : डॉ. पीसी सक्सेना

आयुर्वेद विभाग के पूर्व निदेशक एवं राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय टुडियागंज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना का हालांकि कहना है उपवास से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है लेकिन कैंसर के गंभीर हो जाने के बाद इसका नियंत्रण या छुटकारा पाना ऐसे उपायों से अप्रमाणिक है।

टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल ने किया खंडन

पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया था कि उनकी पत्नी नवजोत कौर को स्टेज चार का ब्रेस्ट कैंसर था। उन्हें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी से भी लाभ नहीं मिला था। बाद में उनकी पत्नी ने प्राकृतिक लाइफ स्टाइल अपनायी, नींबू-पानी से दिन की शुरूआत कर, मौसमी फलों का सेवन आदि किया, मात्र 40 दिन के प्राकृतिक उपचार अपनाने से कैंसर से मुक्ति मिल गई है। सिद्धू के इस दावे का टाटा कैंसर अस्पताल मुम्बई के 262 चिकित्सकों ने खंडन किया। निदेशक का कहना है कि कैंसर का उपचार सर्जरी, रेडियशन थेरेपी और कीमोथेरेपी जैसे प्रमाणित उपायों से ही संभव है।

सिद्धू को भेजा 850 करोड़ का नोटिस

नीम-हल्दी से पत्नी के कैंसर का इलाज करने के बयान को लेकर सुर्खियों में आए नवजोत सिंह सिद्धू को छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने लीगल नोटिस जारी किया है। नोटिस में सिद्धू को 7 दिनों के अंदर पत्नी नवजोत कौर के कैंसर के इलाज के डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर 850 करोड़ रुपए की मांग की गई है। सिविल सोसायटी ने भ्रमित जानकारी संबंधी किए दावों का स्पष्टीकरण भी मांगा है जिसमें उन्होंने कहा था कि पत्नी को कैंसर की स्टेज 4 में लाइफ स्टाइल व डाइट बदलने से बीमारी को मात दी है।

एक नजर

पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता का आया भूकंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में गुरुवारको 5 .2 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इसका केंद्र अफगानिस्तान और ताजाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र के पास था और इसकी गहराई 212 किलोमीटर थी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, पेशावर और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

एडीबी ने मासातो कांडा को अगला अध्यक्ष चुना

मनीला (फिलीपींस)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को कहा कि उसके बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने सर्वसम्मति से मासातो कांडा को एडीबी का 11 वां अध्यक्ष चुना है। कांडा (59) वर्तमान में जापान के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के विशेष सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। वह मासात्सुगु असकावा के स्थान पर 24 फरवरी, 2025 को पदभार ग्रहण करेंगे। असकावा अगले साल 23 फरवरी को पद छोड़ देंगे। कांडा असाकावा का अधूरा कार्यकाल पूरा करेंगे, जो 23 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा।

43 चीनी सैनिकों के अवशेष बीजिंग को सौंपे गए

शेनयांग। अमेरिकी आक्रमण का विरोध और कोरिया की सहायता करने के लिए युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 43 चीनी पीपुल्स वालंटियर्स (सीपीवी) शहीदों के अवशेष कोरिया गणराज्य (आरओके) ने चीनी पक्ष को सौंप दिए हैं। गौरतलब है कि 2014 से 2023 तक दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय सिद्धांतों के अनुसार संबंधित कलाकृतियों के साथ 938 सीपीवी शहीदों के अवशेषों को सफलतापूर्वक सौंप दिया है।

सांप्रदायिक झड़पों में मारे गए 100 से अधिक लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में सांप्रदायिक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर सौ से अधिक हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने गुरुवार को मीडिया को यह जानकारी दी। हिंसा पिछले गुरुवार को उस समय भड़की जब पाराचिनार इलाके में शिया मुसलमानों को ले जा रहे यात्री डिब्बों के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से इनकार

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, झड़प के दौरान हिंदू धार्मिक नेता समर्थक वकील की हुई थी मौत

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने गुरुवार को देश में इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली एक याचिका खारिज कर दी। सुरक्षाकर्मियों और एक हिंदू धार्मिक नेता के समर्थकों के बीच झड़प में एक वकील के मारे जाने के कुछ दिन बाद एक वकील ने अखबारों में इस्कॉन से जुड़ी कुछ खबरों को संदर्भित करते हुए संगठन पर प्रतिबंध की मांग करते हुए बुधवार को याचिका दायर की थी।

अटॉर्नी जनरल कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा, न्यायमूर्ति फराह महबूब और न्यायमूर्ति देबाशीष रॉय चौधरी की दो सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को बांग्लादेश में इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पीठ ने यह निर्णय अटॉर्नी जनरल कार्यालय द्वारा इस सप्ताह के शुरू में पूर्वोत्तर बंदरगाह शहर चटगांव में सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलीफ की मौत के संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद किया। इस सप्ताह की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को चटगांव अदालत ने राजद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया था, जिसके बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और इस दौरान वकील अलीफ की मौत हो गई थी। चिन्मय को पहले इस्कॉन से निष्कासित कर दिया गया था।

प्रवक्ता ने न्यायमूर्ति महबूब के हवाले से कहा, इस समय, स्थिति को लेकर उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सरकार (मामले के संबंध में) अपना काम कर रही है। यह फैसला अटॉर्नी-जनरल मोहम्मद असदुज्जमां द्वारा अदालत से यह आग्रह किए जाने के एक दिन बाद आया कि वह इस्कॉन मुद्दे पर कोई निर्णय न ले क्योंकि सरकार ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक और डिप्टी अटॉर्नी जनरल असद उद्दीन ने पीठ को सूचित किया कि वकील की हत्या और इस्कॉन की गतिविधियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं तथा इन मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पीठ ने इस पर उम्मीद जताई कि सरकार कानून-व्यवस्था की स्थिति और बांग्लादेश के लोगों के जीवन तथा संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में सतर्क रहेगी।

कोलकाता में चिन्मय दास की गिरफ्तारी के विरोध में मार्च निकालते हिंदू संगठन।

हिंदू संगठन ने अत्याचार के विरोध में मार्च निकाला

कोलकाता, 28 नवंबर (भाषा) बंगीय हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को कोलकाता में बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली और पड़ोसी देश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध किया। पुलिस ने सियालदह स्टेशन से बांग्लादेश उप-उच्चायोग तक मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की और अवरोधक तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दक्षिण कोलकाता के बेकबागान स्थित उप-उच्चायोग कार्यालय तक पहुंचने से रोकने के लिए अवरोधक लगा दिए थे। जेल में बंद चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने इस्कॉन के अल्बर्ट रोड केंद्र पर कीर्तन का आयोजन किया।

अमेरिका में हिंदू समूहों ने बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

वाशिंगटन। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा करते हुए कई हिंदू अमेरिकी समूहों ने मांग की है कि दक्षिण एशियाई देश के लिए अमेरिकी सहायता इस शर्त पर निर्भर होनी चाहिए कि वहां की सरकार अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए ठोस कार्रवाई करे। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू देश की 17 करोड़ की आबादी का केवल आठ प्रतिशत हैं। अल्पसंख्यक हिंदू आबादी को 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से देश के 50 से अधिक जिलों में 200 से अधिक हमलों का सामना करना पड़ा है। इस हफ्ते हालात तब और खराब हो गए जब हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद राजधानी ढाका और बंदरगाह शहर चटगांव सहित कई जगहों पर समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। दास इस्कॉन के सदस्य थे और हाल में उन्हें निष्कासित कर दिया गया था। विश्व हिंदू परिषद, अमेरिका (विहिप) के अध्यक्ष अजय शाह ने कहा कि दास की गिरफ्तारी, चटगांव में काली मंदिर में तोड़फोड़ और बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते हमले की खबरें परेशान करने वाली हैं।

कनाडा के साथ भारत के संबंध आज भी चुनौतीपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण रहे हैं और आज भी हैं क्योंकि वहां की सरकार द्वारा ऐसे चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक आश्रय प्रदान किया जाता है जो भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन करते हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एक दूसरे की चिंताओं, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किसी भी स्थिर द्विपक्षीय संबंध के लिए आवश्यक शर्तें हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के अब्दुल वहाब ने विदेश मंत्रालय से सवाल पूछा था कि क्या यह सच है विगत में कनाडा के साथ भारत के संबध खराब हुए हैं। इसके जवाब में सिंह ने कहा, कनाडा के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण रहे हैं और आज भी हैं। क्योंकि कनाडा सरकार द्वारा मुख्यतः ऐसे चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्वों और ऐसे व्यक्तियों को राजनीतिक आश्रय प्रदान किया जाता है, जो भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन करते हैं और भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने वाले हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कनाडा की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते रहे हैं।

भारत ने कनाडा सरकार से बार-बार किया था आग्रह

कीर्तिवर्धन ने कहा, एक दूसरे की चिताओं क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किसी भी स्थिर विपक्षीय संबंध के लिए आवश्यक शर्तें हैं। सिंह ने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार ने कनाडा सरकार से बार-बार आग्रह किया है कि चरमपंथी एवं अलगाववादी तत्व अपने कार्यों के लिए उनकी भूमि का उपयोग कर रहे हैं। भारत सरकार ने ऐसे तत्वों के त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का भी बार-बार आग्रह किया है। ऐसे तत्व हमारे नेताओं की हत्या का महिमामंडन करने, वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व और राजनयिकों को धमकियां देने, पूजा स्थलों का अनादर और वहां तोड़फोड़ करने में शामिल हैं।

सीमा से पीछे हटने के समझौते को लागू करने में भारत और चीन कर रहे प्रगति

- रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने जताया संतोष

बीजिंग, एजेंसी

चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में चार साल पहले शुरू हुए गतिरोध को खत्म करने के लिए चीन और भारत की सेनाएं पीछे हटने के समझौते को लागू करने की दिशा में बड़ी प्रगति कर रही हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने यहां मासिक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा, हम चीन और भारत के बीच सामंजस्यपूर्ण तालमेल की भी उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून ने पिछले सप्ताह लाओस की राजधानी वियनतियाने में एक क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन के दौरान एक सकारात्मक और रचनात्मक बैठक की थी।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष संबंधित समझौते को लागू कर रहे हैं। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध खत्म करने के लिए पिछले महीने दोनों देशों के बीच हुए समझौते के क्रियान्वयन की प्रगति पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। वू ने कहा, अब, हम बड़ी प्रगति कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने शीर्ष नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने और दोनों देशों के बीच स्थिर संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।

आम सहमति का सख्ती से पालन करना चाहि,

वू ने कहा कि दोनों सेनाओं को सीमा क्षेत्रों में तनाव कम करने के लिए हाल में बनी आम सहमति का सख्ती से पालन करना चाहिए, तनाव कम करने के प्रयास करने चाहिए और दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास और आदान-प्रदान बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं और सैन्य संबंधों में नई प्रगति के लिए नई गति का निर्माण कर सकते हैं।

श्रीलंका में मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 12 लोगों की मौत

कोलंबो। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में भारी बारिश के बाद खराब मौसम की वजह से श्रीलंका में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 3.30 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतकों में से आठ पूर्वी जिले अम्पारा के बताए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव के क्षेत्र का परिणाम है, जिसने मुख्य रूप से पूर्वी प्रांत को प्रभावित किया है। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे तक 21 जिलों के 98,000 से अधिक परिवारों के 3,30,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार तक और भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

शीर्ष अदालत व न्यायिक परिसरों में अप्रिय घटनाओं पर जताई चिंता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के प्रधान न्यायाधीश डॉ. सैयद रेफात अहमद ने गुरुवार को कहा कि देश की शीर्ष और निचली अदालतों में घटी अप्रिय घटनाओं ने उन्हें बहुत चिंतित कर दिया है। ऐसी ही एक घटना में वकीलों के एक समूह ने एक खुले अदालत कक्ष में शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश पर हमला करने की कोशिश की और पिछले दो दिन में एक अन्य वकील की हत्या कर दी गई। इस तरह के एक दुर्लभ बयान में, अहमद ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में हाल की घटनाओं और देश भर में न्यायिक परिसरों में हुई घटनाओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।

चुनौतियों के बावजूद न्यायिक प्रक्रिया बाधा न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उनके कार्यालय ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शीर्ष अदालत के साथ जिला न्यायालयों और मजिस्ट्रेट अदालतों के परिसरों में 'व्यापक उपाय' लागू किए हैं।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पर वकीलों ने फेंके थे अंडे

वकीलों के एक समूह ने बुधवार को न्यायालय कक्ष में धावा बोल दिया और सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मोहम्मद अशरफुल कमाल पर अंडे फेंके, जिससे उन्हें अचानक सत्र समाप्त करके साथी न्यायाधीश के साथ अदालत से जाना पड़ा। वकीलों ने आरोप लगाया कि कमाल ने 2016 में एक फैसले में दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की थी। बांग्लादेश में 26 नवंबर को एक सरकारी अभियोजक की हत्या कर दी गई थी, जब हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय के समर्थकों ने उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जेल ले जाने वाले वाहन को रोक दिया था।

मस्क ने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद अधिकारी पर लगाया देशद्रोह का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार अलेक्जेंडर विंडमैन पर देशद्रोह का आरोप लगाया है। विंडमैन ने मस्क के खिलाफ रूसी व्यापारियों के साथ संबंध होने का आरोप लगाया था। मस्क ने कहा, विंडमैन यूक्रेनी कुलीन वर्ग के वेतनभोगी हैं और उन्होंने अमेरिका के खिलाफ देशद्रोह किया है, जिसके लिए उन्हें उचित दंड भुगतना होगा। यह पोस्ट विंडमैन के साक्षात्कार के एक हिस्से के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि रूसी नेता मस्क का इस्तेमाल अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करने के लिए कर रहे हैं।

हसीना के खिलाफ आईसीसी में मुकदमा चलाएगा बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यालय ने दी जानकारी

बांग्लादेश पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) में मुकदमा चलाना चाहता है जबकि मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों पर वह घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मुख्य सलाहकार की प्रेस इकाई के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के मुकदमे के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान के साथ चर्चा की। खान ने यूनुस से उनके आधिकारिक जमुना आवास पर मुलाकात की। विवादास्पद नौकरी आरक्षण प्रणाली को लेकर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद हसीना पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था।

मार्क जुकरबर्ग ने ट्रंप से की मुलाकात

वाशिंगटन। मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आवास मार-ए-लार्गो एस्टेट में मुलाकात की। व्हाइट हाउस स्टाफ में ट्रम्प के नीति के लिए उप प्रमुख स्टीफन मिलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जुकरबर्ग, ट्रम्प और उनके भावी कई प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने के लिए फ्लोरिडा में आए थे। मिलर ने बताया, हां, यह सही है और मार्क जुकरबर्ग इस बदलाव के समर्थक और भागीदार बनने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट रहे हैं, जिसे हम पूरे अमेरिका में, पूरी दुनिया में देखा जा रहा हैं कि ट्रम्प नेतृत्व कर रहे हैं। जुकरबर्ग उद्यमियों और व्यापारिक नेताओं में से एक हैं जो समझते हैं कि ट्रम्प परिवर्तन के एजेंट, समृद्धि के एजेंट' हैं और वह उनके लक्ष्यों को हासिल करने में उनकी मदद करना चाहते हैं।

ज्ञान-विज्ञान

विनाशकारी सौर तूफान वर्तमान में आया होता तो दुनिया के कई हिस्सों की विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक सेवाएं ध्वस्त कर जाता

आज भी मौजूद हैं 664 ईसा पूर्व के सौर महातूफान के निशान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सौर तूफानों से होने वाले नुकसान की कल्पना, इतनी ही की जा सकती है कि वह दुनिया में भयानक तबाही मचा सकता है। एक ऐसा ही भीषण तूफान 664 ईसा आया था, जिसके निशान पेड़ों व पत्थरों में आज भी मौजूद हैं। नए शोध से यह जानकारी मिली है।

यह 25 वा सौर चक्र चल रहा है और सूर्य इन दिनों बेहद आक्रोशित है। जिसके चलते सूर्य की सतह पर सौर कलंक छाए हुए हैं और निरंतर विस्फोटों के साथ सौर तूफानों को जन्म दे रहे हैं। यह सौर चक्र बेहद शक्तिशाली हो चला है। जिसने रिकॉर्डतोड़ ज्वालाओं को जन्म दिया है। आगे भी सूरज का आक्रोश थमने वाला नहीं है, जिसके भयानक दौर से गुजरने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस सौर चक्र के साक्षी सौर वैज्ञानिक भी बनना चाहते हैं। जिस कारण सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। साथ ही सौर तूफानों के अतीत की खाक छानने में जुटे हुए हैं और अब जो जानकारी निकलकर सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। सौर वैज्ञानिकों द्वारा किए नए शोध में 664 ईसा पूर्व आए सौर तूफान के सबूत पेड़ों पर मिले हैं, जबकि पत्थरों में आज भी देखे जा सकते हैं। इन निशानों से सौर ज्वालाओं की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्राचीनकाल से मौजूद पेड़ के छल्ले का अध्ययन किया। जिनमे कार्बन-14 पाया गया। कार्बन-14 एक प्रकार का रेडियोधर्मी कार्बन है जो वायुमंडल में लगातार बनता रहता है। कॉस्मिक किरणों के कण ऊपरी वायुमंडल में नाइट्रोजन के साथ संपर्क करके कार्बन-14 बनाते हैं। अंततः कार्बन-14 ऑक्सीजन के साथ मिलकर कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है और कुछ महीनों में कार्बन-14 युक्त कार्बन डाइऑक्साइड बन निचले वायुमंडल में पहुंच जाता है। जहां पेड़ इसे अवशोषित कर लेते हैं। सौर महातूफान के दौरान सूर्य भारी मात्रा में ये कण छोड़ता है। ये कण पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं, जिससे सामान्य से कहीं अधिक मात्रा में कार्बन-14 बनता है।

नासा के एसडीओ द्वारा 2012 में ली गई ऐतिहासिक सौर ज्वाला की तस्वीर।

छह और विशाल सौर महा तूफान का पता भी चला

शोध में वैज्ञानिकों ने छह अन्य विशाल सौर तूफानों की पहचान की है। वैज्ञानिकों के अनुसार इन तूफानों को मियाके घटनाओं के रूप में जाना जाता है, जो 14500 वर्षों के दौरान घटित हुए हैं। 7176 ईसा पूर्व, 5410 ईसा पूर्व, 5259 ईसा पूर्व, लगभग 660 ईसा पूर्व, 774 ईसा पूर्व और 993 ईसा पूर्व में यह घटनाएं हुई हैं।